


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 177 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) आश्विन शु. 1 2082 सोमवार, 22 सितंबर-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## अमोघ फ्यूरी : भविष्य की तैयारी

### पाकिस्तान को सेना ने दिखाई ताकत, सीमा पर बड़ा युद्धाभ्यास

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। सेना ने राजस्थान में पाकिस्तान की सीमा से सटी महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में बड़ा सैन्य अभ्यास किया। सेना ने बताया कि 'अमोघ फ्यूरी' नाम के इस अभ्यास में युद्धक टैंक, इन्फैंट्री कॉम्बैट वाहन, आक्रमणकारी हेलीकॉप्टर, लंबी दूरी की क्षमता वाले आर्टिलरी सिस्टम, ड्रोन समेत अत्याधुनिक हथियार प्रणालियां शामिल रहीं। हालांकि, अभ्यास कब किया गया, सेना ने इसकी जानकारी नहीं दी।

### प्रधानमंत्री ने 20 मिनट देश को संबोधित किया


# आज से जीएसटी बचत उत्सव

## खड़गे ने कहा- ये घाव देकर बैंडऐड लगाने जैसा

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के नाम संबोधन दिया। उन्होंने कहा- 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही जीएसटी बचत उत्सव शुरू हो जाएगा। इसका फायदा सभी वर्गों को होगा। साथ ही पीएम ने जनता से अपील भी की। कहा- वही सामान खरीदें जिसे बनाने में देशवासियों का पसीना लगा हो।

पीएम ने 20 मिनट के संबोधन में जीएसटी रिफॉर्म, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी पर जोर दिया। उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा।

वहीं पीएम के संबोधन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर लिखा कि- नौ सौ चूहे खाकर, बिल्ली हज को चली। केंद्र सरकार ने कांग्रेस के सरल और कुशल जीएसटी के बजाय, अलग-अलग 9 स्लैब से वसूली कर 'गब्बर सिंह टैक्स' लगाया और 8 साल में 55 लाख करोड़ से ज्यादा वसूले। अब आप 2.5 लाख करोड़ के 'बचत उत्सव' की बात कर के जनता को गहरे घाव देने के बाद मामूली बैंडऐड लगाने की बात कर रहे हैं।




**पीएम मोदी का संबोधन बड़ी बातें...**

**नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी पर :**

नवरात्रि के पहले दिन से देश आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए एक बड़ा कदम उठा रहा है। कल 22 सितंबर को सूर्योदय के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू हो जाएंगे। एक तरह से कल से देश में जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। जीएसटी उत्सव में आपकी बचत बढ़ेगी और आप अपनी पसंद की चीजें खरीद पाएंगे।

**वन नेशन वन टैक्स पर :**

2014 में जब देश ने मुझे पीएम बनाया। तब लाखों कंपनियों को अलग-अलग तरह के टैक्स के जाल से परेशानी होती थी। सामान को एक शहर से दूसरे शहर तक पहुंचने के बीच जो खर्च बढ़ता था, वो गरीब उठाता था। देश को यहां से निकालना बहुत जरूरी था। जब आपने हमें 2014 में अवसर दिया तो हमने जीएसटी को प्राथमिकता बनाया। हमने स्टेकहोल्डर, राज्यों से बात की। हर समस्या का समाधान खोजा। वन नेशन वन टैक्स का सपना साकार हुआ।

**गरीब, मिडिल क्लास पर :**

पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी से बाहर आए ये लोग न्यू मिडिल क्लास के रूप में अपनी भूमिका अदा कर रहे हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख रुपये की इनकम टैक्स फ्री करके उपहार दिया, तो सोचिए मिडिल क्लास के जीवन में कितना बदलाव आया है। अब गरीबों की भी बारी है। इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से उनके लिए घर बनाना, टीवी, फ्रिज, बाइक और स्कूटर में कम खर्च करना होगा। घूमना-फिरना भी सस्ता होगा।

**सूक्ष्म और लघु उद्योग पर :**

विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने का बहुत बड़ा दायित्व एमएसएमई पर भी है। जो देश के लोगों की जरूरत का है, जो देश में बना सकते हैं वो हमें देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रिया आसान बनने से एमएसएमई को बहुत फायदा होगा।

उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना होगा। उनको भी डबल फायदा होगा। एमएसएमई से मुझे बहुत अपेक्षाएं हैं, जब भारत तरक्की के शिखर पर था उसका आधार एमएसएमई ही थे। भारत में बने सामानों की क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है। हमारे यहां बना सामान दुनिया में बेस्ट हो।

**स्वदेशी-आत्मनिर्भर भारत पर :**

मेरा सभी राज्य सरकारों से आग्रह है कि स्वदेशी के अभियान के साथ मैन्युफैक्चरिंग को गति दें। निवेश के लिए माहौल बनाएं। केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तभी सपना पूरा होगा। हम जो मैन्युफैक्चर करें वो दुनिया में अच्छा हो, प्रोडक्ट की क्वालिटी दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाए। देश की आजादी को जैसे स्वदेशी के मंत्र से ताकत मिली वैसे देश की समृद्धि को स्वदेशी से शक्ति मिलेगी।

रोजमर्रा की चीजें विदेशी हैं, हमें इनसे मुक्ति पानी है। हम मेड इन इंडिया सामान खरीदें। हमें हर घर को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। हर दुकान को स्वदेशी से सजाना है। गर्व से कहो ये स्वदेशी है। गर्व से कहो- मैं स्वदेशी खरीदता हूं और बेचता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए।

# एसआईआर तैयार के लिए 30 सितंबर तक कस लो कमर

## चुनाव आयोग ने दिया अधिकारियों को निर्देश

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। वोटर लिस्ट के गहन रिवीजन यानी एसआईआर को लेकर राजनीतिक पारा चढ़ा हुआ है। ऐसे में अब चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय स्तर पर एसआईआर कराने का ऐलान कर दिया है। इसके लिए आयोग ने अपने राज्य निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक एसआईआर के लिए तैयार रहने को कहा है। इसके चलते संकेत मिल रहे हैं कि चुनाव आयोग अक्टूबर-नवंबर की शुरूआत में वोटर लिस्ट में सफाई का काम शुरू कर सकता है।

अधिकारियों के अनुसार, इस महीने की शुरूआत में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईसी) के एक सम्मेलन में चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें अगले 10 से 15 दिनों में विशेष गहन पुनरीक्षण लागू करने के लिए तैयार रहने को कहा था लेकिन अधिक स्पष्टता के लिए, 30 सितंबर की समय-सीमा तय की गई थी।

**तैयार रखें आखिरी एसआईआर की वोटर लिस्ट :**

चुनाव आयोग द्वारा मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को कहा गया है कि वे आखिरी एसआईआर की सूची को तैयार रखें। कई राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां अपनी वेबसाइटों पर पहले ही डाल दी हैं। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूचियां मौजूद हैं, जब राष्ट्रीय राजधानी में आखिरी बार व्यापक पुनरीक्षण हुआ था।

**आयोग ने बताई होगी कटऑफ डेट :**

उत्तराखंड में अंतिम एसआईआर 2006 में हुई थी और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में अंतिम एसआईआर ही कट-ऑफ तिथि के रूप में काम करेगी, ठीक उसी तरह जैसे बिहार की 2003 की मतदाता सूची का उपयोग चुनाव आयोग द्वारा गहन संशोधन के लिए किया जा रहा है।

अधिकांश राज्यों में अंतिम एसआईआर 2002 और 2004 के बीच हुआ था तथा उन्होंने वर्तमान मतदाताओं का मानचित्रण अंतिम गहन संशोधन के अनुसार लगभग पूरा कर लिया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार के बाद एसआईआर पूरे देश में लागू किया जाएगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं।

## युद्धाभ्यास के बाद सैन्य चिकित्सा में भारत-अमेरिका आए साथ

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। भारत और अमेरिका, सेना से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में एक-दूसरे के सहयोगी हैं।

दोनों देशों की सेनाओं ने हाल ही में संयुक्त सैन्य अभ्यास भी किए हैं। अब सैन्य क्षेत्र में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए भारतीय सशस्त्र बलों की चिकित्सा सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, अमेरिकी सशस्त्र बलों की चिकित्सा सुविधाओं का अध्ययन करने अमेरिका पहुंचे हैं।

अमेरिका यात्रा के दौरान विशेष रूप से मरीन मेडिसिन तथा एविएशन मेडिसिन पर चर्चा की गई। मरीन मेडिसिन समुद्र में तैनात नौसैनिकों के लिए होती है। वहीं, एविएशन मेडिसिन एयरफोर्स से लेकर अंतरिक्ष यात्रियों व ऐसे ही अन्य मिशनों में तैनात विशेषज्ञों के लिए मददगार साबित होती है।

भारतीय सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल, महानिदेशक व सर्जन वाइस एडमिरल डॉ. आरती सरीन के नेतृत्व में अमेरिका पहुंचा है। भारतीय दल अमेरिकी सशस्त्र बलों की चिकित्सा सुविधाओं के अध्ययन दौरे पर होनोलूलू, हवाई में है। इस यात्रा के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी रक्षा चिकित्सा अधिकारियों के साथ सैन्य स्टाफ स्तरीय वार्ता की है।

इन वार्ताओं में सैन्य चिकित्सा, मरीन मेडिसिन तथा एविएशन मेडिसिन जैसे विशेष क्षेत्रों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ प्रथाओं को साझा किया गया। साथ ही दोनों देशों के बीच होने वाले द्विपक्षीय सैन्य अभ्यासों में चिकित्सा सहयोग बढ़ाने के विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# 'ब्राह्मणों पर भगवान की बड़ी कृपा, हमारे लिए आरक्षण नहीं

## ऐसा क्यों बोले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ?

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान एक बड़ा बयान दिया है। उनका यह बयान अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। गडकरी ने मजाकिया लहजे में कहा, मैं इसे ईश्वर की सबसे बड़ी कृपा मानता हूं कि ब्राह्मण समुदाय को आरक्षण नहीं दिया गया। कोई व्यक्ति अपनी जाति से नहीं, बल्कि अपनी उपलब्धियों और अंतर्निहित गुणों से महान बनता है।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हल्बा समाज महासंघ के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कहा, मैं हमेशा मजाक में कहता हूं कि मैं ब्राह्मण जाति से हूं और अगर भगवान ने हम पर कोई बड़ा उपकार किया है तो वो ये कि हमारे यहां आरक्षण नहीं है। महाराष्ट्र में ब्राह्मणों का महत्व नहीं है, लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार में ब्राह्मण बहुत महत्वपूर्ण हैं। जब भी मैं वहां जाता हूं, दुबे, मिश्रा और त्रिपाठी राज्य शक्तिशाली होते हैं। जैसे यहां मराठा जाति महत्वपूर्ण है, वैसे ही वहां ब्राह्मण शक्तिशाली हैं। मैं उनसे कहता हूं कि मैं जातिवाद को नहीं मानता। कोई भी व्यक्ति जाति, धर्म या भाषा से महान नहीं होता, बल्कि गुणों से महान होता है।

**आरक्षण का मुद्दा संवेदनशील :**

नितिन गडकरी ने आगे कहा, आरक्षण का मुद्दा संवेदनशील है। मैंने अपने जीवन के इन 50 सालों में रोजगार दिलाने की पूरी कोशिश की है। हम एक चीज में सफल रहे हैं कि हम कई लोगों की नौकरियां बचा पाए हैं। आने वाले समय में हम यह संघर्ष जारी रखेंगे। समाज के समग्र विकास और प्रगति के लिए एक सुनियोजित कार्यक्रम बनाने की जरूरत है। समाज में जो वकील और डॉक्टर हैं, उन्हें इसमें पहल करने की जरूरत है। मैंने हमेशा कहा है कि अपने पैरों पर खड़े हो जाओ और फिर काम करो। हमने अनुभव से सीखा है कि बिना पैसे के कुछ नहीं किया जा सकता। अगर हम कला और कौशल सीखते हैं, तो हम अच्छी प्रगति कर सकते हैं।

## बीएसएफ में सैनिकों को दिया जाएगा ड्रोन युद्ध से निपटने का प्रशिक्षण

टेकनपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। युद्ध क्षेत्र की नई चुनौतियों से निपटने के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों को कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस बीच बीएसएफ ने अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम में ड्रोन युद्ध को अनिवार्य विषय के रूप में जोड़ा है। इसके तहत जवानों और सैन्य अधिकारियों को ड्रोन युद्ध से निपटने के तरीके सिखाए जाएंगे। साथ ही स्वदेशी उपकरण विकसित करने के लिए बीएसएफ ने नवाचार केंद्र की भी स्थापना की है।

ग्वालियर के निकट टेकनपुर में 2.70 लाख कर्मियों वाले बीएसएफ अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी ने रुस्तमजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरजेआईटी) के साथ मिलकर ड्रोन प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला भी बनाई है।

# व्हाइट हाउस का दावा : 40,000 से ज्यादा आईटी पेशेवरों को निकाला

## एच-1बी वीजा धारकों को दी नौकरी

वॉशिंगटन, 21 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। व्हाइट हाउस ने कहा कि कई अमेरिकी कंपनियों ने इस साल 40,000 से ज्यादा अमेरिकी टेक वर्कर्स की छंटनी की और उनकी जगह विदेशी कर्मचारियों, खासकर एच-1बी वीजा धारकों को नौकरी दी। व्हाइट हाउस ने कहा कि इस कदम से अमेरिकी युवाओं का साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स (एसटीईएम) करियर की तरफ रुझान कम हो रहा है और यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है।

**कंपनियों पर गंभीर आरोप :**

व्हाइट हाउस की तरफ से जारी फैक्ट शीट के अनुसार, एक कंपनी को 5,189 एच-1बी वीजा की मंजूरी मिली, लेकिन उसने इसी साल 16,000 अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला। दूसरी कंपनी को 1,698 एच-1बी वीजा की मंजूरी मिली, जबकि उसने ओरेगन में 2,400 वर्कर्स को जुलाई में हटा दिया। तीसरी कंपनी ने 2022 से अब तक 27,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, जबकि उसे इसी दौरान 25,075 एच-1बी वीजा मिले।

एक और कंपनी ने फरवरी 2025 में 1,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, जबकि उसे 1,137 एच-1बी वीजा की मंजूरी दी गई। व्हाइट हाउस ने यह भी खुलासा किया कि कई बार अमेरिकी कर्मचारियों को गोपनीय समझौते (एनडीए) के तहत अपने विदेशी रिप्लेसमेंट को ट्रेनिंग देने के लिए मजबूर किया गया।

**ट्रंप ने लगाया 100,000 का शुल्क :**

इस विवाद के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अब कंपनियों को हर नए एच-1बी वीजा के लिए 100,000 (करीब 83 लाख रुपये) का एकमुश्त शुल्क देना होगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह कदम एच-1बी प्रोग्राम के दुरूपयोग को रोकने, अमेरिकी कर्मचारियों की तनख्वाह गिरने से बचाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाया गया है।

**किसे देना होगा यह शुल्क :**

यह शुल्क केवल नए एच-1बी वीजा आवेदनों पर लागू होगा। पहले से जारी वीजा या उनके नवीनीकरण पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। यह नियम 21 सितंबर 2025 से प्रभावी होगा। 2025 की एच-1बी लॉटरी जीत चुके उम्मीदवारों पर भी यह शुल्क लागू नहीं होगा। अमेरिकी यूएससीआईएस (यूएससीआईएस) ने स्पष्ट किया कि जो वीजा आवेदन 21 सितंबर से पहले दाखिल किए गए हैं, उन पर नया शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**ट्रंप के फैसले का भारत पर असर :**

इस फैसले का सीधा असर भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स पर पड़ेगा। हर साल एच-1बी वीजा धारकों में भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा रहती है।

हालांकि, जो भारतीय कर्मचारी पहले से अमेरिका में काम कर रहे हैं या अपना वीजा रिन्यू करा रहे हैं, उन्हें यह शुल्क नहीं देना होगा।

# ग्रेट निकोबार परियोजना

## 'सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव' : कांग्रेस ने किया पलटवार

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने 'ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना' को लेकर रविवार को पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव पर पलटवार किया। रमेश ने कहा कि देश को एक संभावित पर्यावरणीय और मानवीय संकट के प्रति आगाह करना कोई नकारात्मक राजनीति नहीं है, बल्कि गहरी चिंता को जताने का एक स्पष्ट तरीका है। दरअसल, इस परियोजना का विरोध करने को लेकर यादव ने कांग्रेस की आलोचना की थी।

रमेश ने कहा कि पर्यावरण मंत्री इस परियोजना को लेकर कई बार पूछे गए बुनियादी सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कांग्रेस पर ग्रेट निकोबार बुनियादी ढांचा परियोजना को लेकर नकारात्मक राजनीति करने का आरोप लगाया है। लेकिन देश का ध्यान एक बड़े पर्यावरणीय और मानवीय संकट की ओर खींचना नकारात्मक राजनीति नहीं है, बल्कि यह गंभीर चिंता का संकेत है।

उन्होंने कहा, मंत्री उन बुनियादी सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं, जो कांग्रेस इस परियोजना को लेकर लगातार पूछ रही है। रमेश ने पूछा कि क्या यह परियोजना राष्ट्रीय वन नीति 1988 का उल्लंघन नहीं कर रही है, जिसमें लाखों पेड़ों को काटा जाएगा। इस नीति में साफ तौर पर कहा गया है कि उष्णकटिबंधीय वर्षा और आर्द्र वन, खासकर अंडमान और निकोबार जैसे क्षेत्रों में, पूरी तरह से सुरक्षित रखे जाने चाहिए।

**घने जंगलों के बीच नए पेड़ लगाना विकल्प नहीं हो सकता :**

उन्होंने कहा कि पुराने और घने जंगलों की जगह नए पेड़ लगाना कभी भी उसका सही विकल्प नहीं हो सकता और इस परियोजना में जो वृक्षारोप की योजना बनाई गई है, वह पूरी तरह से दिखावा है। रमेश ने पूछा कि हरियाणा जैसे दूर और बिल्कुल अलग जलवायु के राज्य में पेड़ लगाकर ग्रेट निकोबार जैसे अनोखे वर्षावनों के नुकसान की भरपाई कैसे की जा सकती है? उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा सरकार ने पहले ही उस जमीन का 25 हिस्सा पहले ही खनन के लिए दे दिया है, जबकि यह वह वृक्षारोपण के लिए आरक्षित होनी चाहिए थी।




## जम्मू-कश्मीर को फिर दहलाने की थी साजिश

### पुंछ में आतंकी ठिकाना ध्वस्त; भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

पुंछ, 21 सितंबर (एजेंसियां)। जिले में सुरक्षाबलों ने आतंकी ठिकाने को ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। सूत्रों के अनुसार हथियारों का इस्तेमाल आतंकी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हो सकते थे। सेना से लेकर खुफिया एजेंसियां सकते में हैं। अलबत्ता आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने पुंछ के नियंत्रण रेखा से सटे शाहपुर क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

इसके बाद सेना, पुलिस की एसओजी टीम और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने मिलकर क्षेत्र की घेराबंदी कर संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। देर शाम को एक एके 47 राइफल, चार एके राइफल की मैगजीन, 20 हैंड ग्रेनेड और बड़ी मात्रा में गोलियां बरामद की गईं। इस क्षेत्र में आतंकियों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है।

# कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दिल्ली में दिया राष्ट्र विरोधी बयान, लखनऊ की कोर्ट में वाद दायर

लखनऊ, 21 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस मुख्यालय, नई दिल्ली के नये कार्यालय के लोकार्पण के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक बयान से लखनऊ के एक अधिवक्ता बेहद क्षुब्ध हो गये। लखनऊ के अधिवक्ता नृपेन्द्र पाण्डेय ने राहुल गांधी के कथित बयान से आहत होकर कोर्ट में उनके खिलाफ परिवाद दर्ज कराया है। न्यायालय ने अग्रिम कार्यवाही करते हुए वादी के बयान दर्ज करने के लिए आगामी एक अक्टूबर की तिथि नियत कर दी। कोर्ट के समक्ष यह परिवाद सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री एवं अधिवक्ता नृपेन्द्र पाण्डेय ने एमपीएमएलए मामलों के विशेष मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा के न्याय कक्ष में दायर किया है।

बताया गया कि 15 जनवरी 2025 को मुख्यालय के लोकार्पण पर राहुल गांधी ने राष्ट्र विरोधी बयान दिया, उन्होंने कहा था कि वह भारत राष्ट्र के खिलाफ लड़ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि नई दिल्ली में नवनिर्मित



कांग्रेस मुख्यालय, इंदिरा भवन के उद्घाटन के दौरान राहुल गांधी ने यह बयान दिया था। याचिका के अनुसार राहुल गांधी के शब्दों का अर्थ है कि कांग्रेस पार्टी भारतीय गणराज्य के विरुद्ध लड़ रही है। यह राष्ट्र के विरुद्ध बयान से कम नहीं था। उन्होंने तर्क दिया कि भारतीय राज्य शब्द भारत के लोगों और सभी संवैधानिक संस्थाओं, संसद, विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका को दर्शाता है, जो मिलकर भारतीय गणराज्य का निर्माण करते हैं। उस दौरान रायबरेली से कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी के साथ कार्यक्रम में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका वाड्रा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राज्यसभा सदस्य के सी वेणु गोपालन एवं जय राम रमेश भी उपस्थित थे। जिनकी भी मौन सहमति मानी जा रही है।

अधिवक्ता का कहना है कि इन सभी का राहुल का बयान का विरोध न करना भी इस आरोप में शामिल होने के बराबर है। शिकायत में आगे कहा गया कि राहुल गांधी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह अब भाजपा, आरएसएस और भारतीय गणराज्य के खिलाफ लड़ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष का यह बयान देश को तोड़ने वाला है, जिस वजह से सभी विपक्षी आरोपितों को तलब कर उनका विचारण किया जाए।

वकील ने दावा किया कि राहुल गांधी के राष्ट्र-विरोधी बयान ने भारत माता और भारत के 140 करोड़ लोगों का अपमान किया। याचिका में गांधी के पहले के भाषणों और विवादों का भी हवाला दिया गया ताकि यह तर्क दिया जा सके कि उनके कार्य और टिप्पणियां 'विदेशी और राष्ट्र-विरोधी शक्तियों' के प्रभाव में एक 'सुनियोजित साजिश' का हिस्सा हैं।

अधिवक्ता नृपेन्द्र पाण्डेय ने ने याचिका में राहुल गांधी पर देश को अस्थिर करने के इरादे से राष्ट्रविरोधी बयान देने का आरोप लगाया है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी, केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश को विपक्षी पक्षकार बनाते हुए आरोप लगाया कि चूंकि वे उस कार्यक्रम में मौजूद थे, जहां यह टिप्पणी की गई, इसलिए उन्हें भी गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि गांधी की टिप्पणी भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता पर हमला है। यह टिप्पणी जबान फिसलने के कारण नहीं है, बल्कि पूरी तरह से सचेत होकर, जानबूझकर और देश को अस्थिर करने के इरादे से की गई।

## राहुल गांधी पप्पू हैं, पप्पू की तरह बात करते हैं, बोले बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा

गयाः बिहार के गया पहुंचे डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी पप्पू हैं, पप्पू की तरह बात करते हैं। विजय सिन्हा ने राहुल की मां और सीनियर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ने पीएम डॉक्टर मनमोहन सिंह को कठपुतली की तरह नचाया। बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने गया पहुंचकर विष्णुपद मंदिर के गर्भ गृह में विशेष अर्चना की और अपने पूर्वजों की मोक्ष की प्राप्ति के लिए फल्गु नदी में तर्पण किया। गया सर्किट हाउस में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की।

इस दौरान विजय कुमार सिन्हा ने राहुल गांधी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, राहुल गांधी, नरेंद्र मोदी को कमजोर प्रधानमंत्री बोलते हैं। राहुल गांधी पप्पू हैं और जो विश्व के लोकप्रिय नेता यानी प्रधानमंत्री मोदी को कमजोर बताते हैं, वह पप्पू हैं। सिन्हा ने कहा, राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ने विद्वान प्रधानमंत्री श्रद्धेय डॉ मनमोहन सिंह को कठपुतली की तरह नचाया, वहीं हमारे प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सिंदूर का सम्मान किया। हमारे पीएम ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों और आतंकियों को वादा करके खत्म किया है, और उन्हें ही कमजोर पीएम बताया जाता है। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह को 2 बार प्रधानमंत्री का मौका मिला लेकिन राहुल गांधी और उनकी माता सोनिया गांधी ने उन्हें कठपुतली की तरह नचाया।

चूंकि मनमोहन सिंह से कमजोर कोई नहीं मिलता। इसलिए उन्हें कठपुतली की तरह नचाया गया। नरेंद्र मोदी जो देश के नेता ही नहीं बल्कि विदेश में भी अपनी पहचान बन चुके हैं। वह विश्व के लोकप्रिय नेता हैं। नरेंद्र मोदी का डंका देश-विदेश में बज रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने बैठे-बैठे पाकिस्तान के आतंकवादियों और उनके ठिकाने को भारतीय सेना से खत्म करवाया। पीएम ने बिहार की धरती से आवाह्न किया था कि बदला लिया जाएगा।

# आरक्षण केवल जरूरतमंदों के लिए होना चाहिए

## महाराष्ट्र में मराठा आंदोलन के बाद सुप्रिया सुले का बयान



मुंबई, 21 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण आंदोलन के कुछ दिन बाद ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि आरक्षण केवल उन लोगों के लिए होना चाहिए जिन्हें इसकी असल में आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति शिक्षित है और उसकी आर्थिक स्थिति अच्छी है तो फिर उसके लिए आरक्षण की मांग करना उचित नहीं है। सुले ने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर उनका बच्चा मुंबई के अच्छे स्कूल में पढ़ रहा है तो शायद चंद्रपुर के किसी गरीब बच्चे को ऐसी शिक्षा की ज्यादा आवश्यकता है।

सुप्रिया सुले ने लोगों से इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा करने की भी अपील की, उन्होंने कहा कि आइए हम सब इस पर बहस करें। हर मंच पर, कॉलेजों और समाज में इसे लेकर बातचीत होनी चाहिए। हमें जानना चाहिए कि आम जनता इस पर क्या सोचती है। सुप्रिया सुले ने यह भी पूछा कि आरक्षण आर्थिक बैकग्राउंड पर आधारित होना चाहिए या जाति पर। इस दौरान दर्शकों के बीच सर्वे किया गया, जिसमें ज्यादातर लोग आर्थिक आधार पर आरक्षण के पक्ष में दिखाई दिए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सुले ने कहा कि उन्हें युवा पीढ़ी खासकर जेन जेड के साथ जुड़ाव महसूस होता है और यही उन्हें प्रेरित करता है कि वह हर हितधारक की राय जानें।

**मराठा आंदोलन के बाद की प्रतिक्रिया**

सुले की यह टिप्पणी महाराष्ट्र में हाल ही में हुए मराठा आरक्षण आंदोलन के कुछ दिनों बाद आई है। कार्यकर्ता मनोज जरांगे और उनके समर्थकों ने मराठाओं के लिए नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण की मांग को लेकर पूरे महाराष्ट्र में बड़े विरोध प्रदर्शन किए थे। महाराष्ट्र सरकार ने उनकी ज्यादातर मांगें मान लीं, जिसमें योग्य मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र प्रदान करना भी शामिल था। इसके बाद इस महीने की शुरुआत में आंदोलन को वापस ले लिया गया, जिससे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को मिलने वाले आरक्षण लाभों का सास्ता साफ हो गया।

## फैक्ट्री में घुसे हथियारबंद लोग, मालिक को पिस्तौल तानकर दी जान से मारने की धमकी, केस दर्ज

बहादुरगढ़, 21 सितंबर (एजेंसियां)। बहादुरगढ़ के बालाजी इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री में दर्जनभर हथियारबंद लोग घुस आए और फैक्ट्री संचालक दीपक पर पिस्तौल तानकर धमकी दी। बदमाशों ने कहा फैक्ट्री खाली कर दो, वरना लाश का भी पता नहीं चलेगा। घटना के बाद संचालक दीपक, जो शहर की एचएल सिटी के निवासी हैं, ने डीसीपी को शिकायत दी। आसौदा थाना पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दीपक ने बताया कि उनकी फैक्ट्री को लेकर पवन और अश्विन कालड़ा के साथ कोर्ट में मामला चला हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग विवादित संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। हमलावर दो गाड़ियों में सवार होकर आए थे और उनके पास हथियार थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की तहकीकात जारी है।

# पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का आया हेल्थ अपडेट, अभय चौटाला ने किया बड़ा खुलासा



नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। इसके पीछे उन्होंने स्वास्थ्य कारण बताए थे। हालांकि विपक्ष ने इसे सरकार से मनमुटाव बताया था। इस्तीफे के बाद से धनखड़ सार्वजनिक प्लेटफॉर्म से अचानक गुम हो गए। विपक्ष ने लगातार उनके स्वास्थ्य को बहाना बताकर खूब मुद्दा बनाया। कई सांसदों ने मिलने का प्रयास किया लेकिन धनखड़ किसी से नहीं मिले।

कुछ समय बाद उन्होंने सरकारी आवास खाली कर दिया। वह दिल्ली में अभय चौटाला के फॉर्म हाउस में जाकर रहने लगे। अभय चौटाला इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं और गृहराज्य के होने की वजह से धनखड़ के काफी करीब भी माने जाते हैं। फॉर्म हाउस में शिफ्ट होने पर भी धनखड़ ने कोई बयान नहीं दिया था। इस्तीफा देने के बाद धनखड़ सीधा 12 सितंबर को नजर आए, नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में। यहां भी वह स्वस्थ दिख रहे थे। अब जाकर उनका हेल्थ अपडेट सामने आया है। अभय चौटाला ने खुलासा किया है कि जगदीप धनखड़ साहब उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद से काफी परेशान थे। लेकिन अब वह ठीक हैं। अभय चौटाला ने स्वास्थ्य पर बताने के अलावा कहा कि धनखड़ को इस्तीफे के बाद सरकारी आवास में घुटन महसूस होने लगी थी। धनखड़ ने चौटाला से कहा था कि उन्हें अब इस घर में घुटन महसूस होने लगी है। कहा कि वो अब वहां नहीं रहना चाहते थे। इस पर चौटाला ने उनसे फॉर्म हाउस में रहने का आग्रह किया था। इसके बाद धनखड़ दिल्ली के छपरपुर में चौटाला के फॉर्म हाउस में शिफ्ट हो गए थे।

हालांकि अब वह पूरी तरह फिट हैं। एक पॉडकास्ट में इंटरव्यू देते समय अभय चौटाला ने यह खुलासा किया। दिनचर्या के बारे में बात करते हुए अभय चौटाला ने बताया कि धनखड़ फिलहाल पूरी तरह स्वस्थ्य हैं। वह सुबह-शाम टेनिस खेल कर अपना समय बिताते हैं। इसके अलावा वह फॉर्म हाउस में बने स्वीमिंग पूल में भी हुनर आजमाते हैं।

## डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्स हैंडल हैक

### हैकर्स ने शेयर किए पाकिस्तान और तुर्की के झंडों वाले पोस्ट मचा हड़कंप

मुंबई, 21 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे का एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट आज सुबह हैक हो गया। हैकर्स ने अकाउंट से पाकिस्तान और तुर्की के झंडों वाले पोस्ट शेयर किए, हालांकि कुछ समय बाद ये सभी पोस्ट अकाउंट से हटा दिए गए। एकनाथ शिंदे के कार्यालय की ओर से बताया गया कि तकनीकी टीम ने तुरंत कार्रवाई कर अकाउंट को रिकवर कर लिया है। फिलहाल अकाउंट पूरी तरह से बहाल कर दिया गया है और सामान्य रूप से काम कर रहा है।

भारत में हैकिंग और साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे मामलों की वजह से देश को हर साल हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। 2024 में प्रमुख घटनाओं में वज़ीरएक्स क्रिप्टो एक्सचेंज पर एस230 मिलियन का हैक, बीएसएनएल डेटा ब्रेक, और स्टार हेल्थ पर 7.24 'टीवी डेटा लीक शामिल हैं।

## मराठी साहित्य संघ पर बीजेपी के कथित कब्जे का आरोप, संजय राउत का तीखा हमला

मुंबई, 21 सितंबर (एजेंसियां)। मुंबई में शिवसेना के नेता संजय राउत ने मराठी सांस्कृतिक संस्थाओं पर बीजेपी और बिल्डर लॉबी द्वारा कथित कब्जे पर तीखा हमला किया है। यूबीटी के मुखपत्र सामना में प्रकाशित अपने लेख "रोखठोखः मराठी मुंबई का क्या होगा?... साहित्य संघ का किला ढह रहा है!" के माध्यम से राउत ने सीधे सवाल उठाया कि क्या मुंबई के बिल्डर अब मराठी साहित्य संघ जैसी ऐतिहासिक संस्थाओं को भी अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। मुंबई मराठी साहित्य संघ की स्थापना 1935 में डॉ। अमृत नारायण भालेराव द्वारा की गई थी और यह मराठी भाषा, साहित्य और कला के संरक्षण का प्रमुख केंद्र रहा है।

राउत ने आरोप लगाया कि हाल के चुनावों में डुप्लिकेट वोटिंग और अन्य अनियमितताओं के माध्यम से साहित्य संघ में बीजेपी के समर्थक मतदाता शामिल हुए। लेख में राउत ने मंगलप्रभात लोढ़ा और गौतम अडानी जैसी संपन्न व्यक्तियों के मुंबई में



भूखंडों पर नियंत्रण का मुद्दा उठाया। कहा गया कि साहित्य संघ, मुंबई मराठी ग्रंथ संग्रहालय और 'बेस्ट' कामगार सेना जैसी संस्थाओं में बीजेपी पोषित बिल्डरों की नजरें हैं। 'बेस्ट' चुनाव में भी 12,500 मत पड़े, जिसमें कई अवैध और खरीदे गए वोट शामिल थे। राउत ने बताया कि बिल्डर प्रसाद लाड ने गरीब कर्मचारियों को पांच-पांच हजार रुपये देकर वोट खरीदे और मराठी मतदाताओं को विभाजित किया। उनका आरोप है कि ये सभी प्रयास मराठी संस्थाओं की जमीन और अधिकार हथियाने की रणनीति का हिस्सा हैं।

## नाबालिग ने किया सुसाइड

इंदौर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। इंदौर के चंदन नगर इलाके में एक 14 साल की नाबालिग ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। वह अपनी सहेलियों के साथ बैठी थी। इसके बाद कुछ देर में आने का कहकर गई और फंदा बनाकर जान दे दी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। चंदन नगर पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार शाम ग्राम सिदौड़ा की है। यहां रहने वाली रोशनी (14), पुत्री गोविंदा ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।

रोशनी की तीन बहनें घटना के समय बाहर थीं। इस दौरान वह कमरे में गई और फंदे पर झूल गई। बाद में बहनों ने उसे देखा तो आसपास के लोगों को सूचना दी। परिवार के मुताबिक, उसने काफी समय पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। परिवार के मुताबिक, रोशनी के पिता पेशे से ड्राइवर हैं, जो शनिवार को भोपाल गए थे। वहीं, मां इंदौर काम करने आई थीं। रोशनी की चार बहनें और हैं, जिनमें सबसे बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। रोशनी दूसरे नंबर पर थी। पुलिस के मुताबिक, किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# 'आरक्षण के लिए नहीं होगा जाति जगनणना के आंकड़ों का इस्तेमाल' कर्नाटक के गृहमंत्री का बड़ा बयान

टुमकुरु, 21 सितंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के गृहमंत्री जी। परमेश्वर ने कहा कि राज्य में 22 सितंबर से सात अक्तूबर तक होने वाली जाति जनगणना के आंकड़ों का उपयोग आरक्षण देने के लिए नहीं किया जाएगा। यह गणना केवल जातियों की संख्या दर्ज करने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा, यह किसी खास जाति का मुद्दा नहीं है।

जातिगत जनगणना केवल यह जानने के लिए की जा रही है कि आजादी के बाद से अब तक ये समुदाय शिक्षा या प्रगति के स्तर पर कहां तक पहुंचे हैं। परमेश्वर ने बताया कि इस आंकड़े का उपयोग भविष्य में केवल सरकारी योजनाएं बनाने या जरूरतमंद वर्गों के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार करने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने साफ किया कि आरक्षण से इसका कोई लेना-देना नहीं होगा। इस बीच, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने



भी एक बार फिर जाति जनगणना कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि यह केवल जातियों की गिनती नहीं, बल्कि राज्य के सामाजिक ढांचे का एक समग्र मूल्यांकन होगा। पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा, यह गणना केवल जातियों की नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक स्थिति को भी कवर करेगी। इसका मकसद वंचित तबकों को बराबरी के अवसर देना है। जातिगत जनणना की आलोचनाओं को खारिज करते हुए सिद्धारमैया ने कहा, अगर केंद्र सरकार भी जाति जनगणना कराएगी, तो क्या वह भी कोई साजिश होगी? किसी मंत्री ने इसका विरोध नहीं किया है। समाज में बराबरी लाने के लिए गरीबों को सरकारी योजनाओं में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। भाजपा की ओर से राज्यपाल से इस कदम पर पुनर्विचार कराने की मांग पर उन्होंने कहा, भाजपा इस सर्वे को लेकर राजनीतिक कर रही है।।

इसमें जातियों को बांटने की कोई बात नहीं है। कुरुबा समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) में शामिल किए जाने के मुद्दे पर सिद्धारमैया ने कहा कि यह सिफारिश पहले भाजपा सरकार ने ही की थी। लेकिन केंद्र सरकार ने यह प्रस्ताव लौटा दिया। अब राज्य सरकार इसके कारण का स्पष्टीकरण देगी। किसी भी समुदाय को एसटी में शामिल करने का अंतिम निर्णय केंद्र सरकार ही लेती है।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के मामले में चार साल बाद आया फैसला, अदालत ने सुनाया मुआवजे का आदेश

मुंबई, 21 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) ने एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। एमएसीटी ने महिला के पति और बेटे को 26.25 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह मुआवजा बीमा कंपनी और कार मालिक को संयुक्त रूप से एक माह के भीतर नौ प्रतिशत ब्याज सहित चुकाना होगा। यह मामला सितंबर 2021 में कल्याण-बदलापुर रोड पर हुए हादसे से जुड़ा है। मामले के अनुसार, पीड़िता सदफ अब्दुल गफूर मुल्ला अपने पति और बेटे के साथ मोटरसाइकिल पर सफर कर रही थीं। तभी रात 29 सितंबर 2021 को उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में महिला को गंभीर सिर की चोटें आईं और पांच दिन बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। न्यायाधीश आर वी मोहिटे ने आदेश में कहा कि कार चालक ने लापरवाही और तेज रफ्तार में वाहन चलाया और हादसे के बाद घटनास्थल से फरार हो गया।

# सिद्धार्थ तिवारी के बयान पर दिग्विजय सिंह का पलटवार

## बोले-पुत्र सपूत या कपूत हो सकता, पिता कुपित नहीं



भोपाल, 21 सितंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के विंध्य में नेताओं की बयानबाजी से सियासी पारा चढ़ा हुआ है। पिछले दिनों भाजपा से विधायक और श्रीनिवास तिवारी के पोते सिद्धार्थ तिवारी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और दिग्विजय सिंह पर जमकर निशाना साधा। अब इस पर पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने पलटवार किया हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि सिद्धार्थ मेरे पुत्र समान है। उनके परिवार से मेरे घनिष्ठ संबंध थे और रहेंगे। पुत्र सपूत या कपूत हो सकता है। पिता कभी कुपित नहीं हो सकता। सिद्धार्थ को ईश्वर सदबुद्धि दें। जय सिया राम। वहीं, दिग्विजय सिंह ने रीवा से कांग्रेस जिला अध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा का एक वीडियो शेयर किया।

इसमें शर्मा ने सिद्धार्थ तिवारी के आरोपों पर जवाब देते हुए कहा कि यह बात बहुत दुर्भग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वह श्रीनिवास तिवारी के परिवार से जुड़ा व्यक्ति हूं। सुंदरलाल तिवारी मेरे राजनीतिक मार्गदर्शक थे। मैं उस परिवार का सदस्य जैसा था और उस परिवार ने जीवन में मेरी बहुत मदद की। इसलिए मैं रिश्तो की मर्यादा को ध्यान में रखकर बहुत सारी चीजें नहीं बोलूंगा।राजेंद्र ने सिद्धार्थ तिवारी की बयानबाजी पर कहा कि उसके तकनीक पर आईये। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह को छोड़िए श्रीनिवास तिवारी 1972 में समाजवादी पार्टी से विधायक बने। अगले ही वर्ष 1973 में समाजवादियों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। इसके बाद कांग्रेस ने उनको वहीं से टिकट दिया, जहां से वे विधायक थे। 1980 में कांग्रेस की सरकार बनने पर वह स्वास्थ्य मंत्री बने। इसके बाद विधानसभा के उपाध्यक्ष बने। 1993 और 1998 में दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के दौरान वे विधानसभा अध्यक्ष रहे। 2003 के बाद कांग्रेस की सरकार नहीं आई ऐसे में उनके साथ अन्याय का सवाल ही नहीं उठता।

**तिवारी ने दिग्विजय सिंह को बताया मौलाना**

रीवा के त्यौंथर में आयोजित कार्यक्रम में सिद्धार्थ तिवारी ने कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने मौलाना दिग्विजय सिंह कहकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता को संबोधित किया। वहीं, जीतू पटवारी के पूर्व में मध्य प्रदेश की महिलाओं को लेकर दिए बयान पर कहा कि शायद रात की शराब का असर था, तभी सुबह लाड़ली बहनों को शराबी कह दिया। उन्होंने कांग्रेस पर महिलाओं के प्रति असंवेदनशील होने और महिला विरोधी राजनीति करने का आरोप भी लगाया।

**कांग्रेस छोड़कर बीजेपी का दामन थामा**

2023 के विधानसभा चुनाव से पहले सिद्धार्थ तिवारी ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का रुख किया था। भाजपा ने उन्हें त्योंथर से उम्मीदवार बनाया और उन्होंने जीत दर्ज की। उनके हालिया बयानों से स्पष्ट है कि अब वे कांग्रेस से पूरी तरह दूरी बना चुके हैं और भाजपा की विचारधारा को मजबूती दे रहे हैं।

## सुकेश चंद्रशेखर केस में सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं जैकलीन फर्नांडिस

### लगाई मदद की गुहार, दायर की एफआईआर रद्द करने की याचिका

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर और चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग की है। यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग केस से संबंधित है, जिसमें जैकलीन का नाम लंबे समय से चर्चा में बना हुआ है। इससे पहले अभिनेत्री ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन उनकी याचिका वहां खारिज कर दी गई थी। हाईकोर्ट के फैसले से निराश होकर जैकलीन अब सुप्रीम कोर्ट पहुंची हैं। कोर्ट की पिछली सुनवाई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी ने साफ कहा था कि विशेष अदालत ने पहले ही चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है, ऐसे में उनकी याचिका बनाए रखने योग्य नहीं है।जैकलीन की तरफ से उनके वकील ने तर्क दिया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सुकेश से मिले गिफ्ट्स अपराध से अर्जित धन से खरीदे गए थे। उन्होंने कहा कि जैकलीन को इस मामले में फंसाया गया है, जबकि उनका मनी लॉन्ड्रिंग या ठगी से कोई लेना-देना नहीं है। अभिनेत्री का कहना है कि वह इस केस से बाहर निकलकर अपनी इमेज को साफ करना चाहती हैं, ताकि उनके करियर पर कोई बुरा असर न पड़े। बता दें कि सुकेश चंद्रशेखर पर बड़े बिजनेसमैन, राजनेताओं और हस्तियों से ठगी करने का आरोप है। इसी मामले में ईडी ने जांच करते हुए पाया कि उसने जैकलीन को करोड़ों रुपए के गिफ्ट्स दिए, जिनमें महंगी कारें, ज्वेलरी, और डिजाइनर ब्रांड्स शामिल थे। इन्हीं गिफ्ट्स के चलते जैकलीन का नाम इस केस से जुड़ा और उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू हुई। अब सबकी निगाहें सुप्रीम कोर्ट पर टिकी हैं,

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद



सुविचार

मन की शांति से बढकर इस संसार में कोई भी सम्पति नहीं है..!!!

# महाराजाश्री अग्रसेन जी का 5149वीं जयंती महोत्सव आज

हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महाराजश्री अग्रसेन जी की 5149वीं जयंती का मुख्य उत्सव आज सोमवार 22 सितंबर को अग्रवाल समाज, तेलंगाना के द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा।

जयंती कार्यक्रम के प्रसार प्रचार और मीडिया कमेटी के चेयरमैन डॉ. दिलीप पंसारी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सुबह 10:00 बजे अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होने वाले कार्यक्रम के अंतर्गत अग्रसेन चौक (बंजारा हिल्स रोड़ 12) स्थित महाराजाश्री अग्रसेन जी की विशालकाय प्रतिमा पर माल्यार्पण और मंचीय कार्यक्रम होगा। इस आयोजन की अध्यक्षता अखिल भारतीय महासम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. गिरीश कुमार संघी करेंगे। अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



तेलंगाना राज्य के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी होंगे। इसके साथ ही तेलंगाना राज्य के कई वरिष्ठ राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत प्रमुख कार्यक्रम शाम 6:00 बजे से शमशाबाद स्थित क्लासिक 3 और अतिथि कन्वेंशन में संपन्न होगा। 6:30 बजे प्रारंभ होने वाले प्रमुख मंचीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तेलंगाना राज्य की उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क तथा कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता आईटी मंत्री श्रीधर बाबु होंगे।

इस अवसर पर पूर्व सांसद डॉ. गिरीश कुमार संघी और अर्बन कंपनी के सीईओ वरुण खेतान को अग्र रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

दोनों कन्वेंशन में अलग अलग भोजन की व्यवस्था होगी। क्लासिक 3 के मंचीय कार्यक्रम का लाईव प्रसारण अतिथि में देखा जा सकेगा। 7:30 बजे से भोजन प्रारंभ के उपरांत रात्री 9.00 बजे से क्लासिक 3 में प्रख्यात कवि डॉ. कुमार विश्वास के संचालन में कवि सम्मेलन तथा अतिथि कन्वेंशन में डांडिया का प्रारंभ होगा।

दोनों कार्यक्रम में प्रवेश निर्धारित प्रवेश पत्रों से ही होगा। सुरक्षा की दृष्टि से 7.30 बजे के बाद, कन्वेंशन पूरी तरह से भर जाने के बाद अथवा अन्य किसी भी स्थिति में भी प्रवेश पत्र रहने के बाद भी प्रवेश रोका जा सकता है। आयोजन समिति ने पास धारकों से 7.00 बजे हाल में प्रवेश कर स्थान ग्रहण करने का निवेदन किया है।

अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता, उपाध्यक्ष-रुपेश अग्रवाल, सचिव विकास केशान, सह सचिव तथा कार्यक्रम की मुख्य संयोजिका डॉ. सीमा जैन, कोषाध्यक्ष और जयंती के सहसंयोजक अचल गुप्ता, निवर्तमान अध्यक्ष मनीष गुप्ता तथा समाज के अन्य पदाधिकारीयों ने अग्र बंधुओं को अग्रसेन जयंती की शुभकामनाएं देते हुए जयंती को सफल बनाने का आवाहन किया है।

# मंचेरियल में 26 लोग गिरफ्तार, कवाल टाइगर रिजर्व में अतिक्रमण का आरोप

मंचेरियल, 21 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमराम भीम आसिफाबाद जिले के 26 लोगों को जन्नाराम डिवीजन के वन अधिकारियों ने शनिवार रात को इंदनपल्ली रेंज में गिरफ्तार किया। उन पर आरोप है कि उन्होंने कवाल टाइगर रिजर्व के मुख्य क्षेत्र में झोपड़ियां बनाकर और पेड़ों को काटकर अतिक्रमण किया। जन्नाराम वन प्रभाग के अधिकारियों ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कई बार चेतावनी और समझाने के बावजूद ये लोग वन भूमि पर कब्जा करने की कोशिश करते रहे। अधिकारियों ने साफ किया कि गिरफ्तार लोग पोडू किसान नहीं हैं। साथ ही चेतावनी दी कि वन भूमि पर अतिक्रमण करके वन्यजीव संरक्षण में बाधा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार किए गए लोगों में परचाकी मारू, कनक बापू राव, थोडसम हनुमंत राव, अथराम अकबर, वेदमा जीविथ राव, कनक मनकू, अथराम भीम राव, सोयम चत्रुगम, सिदाम मोथिराम, पारुबाकी मारुति, मदवी सोमोजी सहित अन्य शामिल हैं। ये सभी कुमराम भीम आसिफाबाद जिले के लिंगपुर, सिरपुर (यू) और नारनूर मंडल के अलग-अलग इलाकों से बताए जा रहे हैं।




## दुब्बाका बाजार में महिला सब्जी विक्रेता से ठगी

### बदमाशों ने दिए 200 रुपये के नकली नोट



सिद्दीपेट, 21 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। शनिवार को दुब्बाका बाजार में अज्ञात बदमाशों ने एक महिला सब्जी विक्रेता को नकली नोट थमा दिए और ठग लिया। जानकारी के मुताबिक, महिला को बदमाशों ने 200 रुपये के चार नोट दिए। देर रात जब उसने कस्बे की एक थोक दुकान पर नोट खर्च करने की कोशिश की, तो दुकान मालिक को शक हुआ। उसने देखा कि चार में से तीन नोटों का सीरियल नंबर एक ही है। इस पर महिला को नकली नोटों की जानकारी दी गई और सलाह दी कि तुरंत पुलिस से संपर्क किया जाए। महिला ने दुब्बाक पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जांच जारी है।

## हरीश राव का केंद्र पर हमला

### अमेरिकी वीजा शुल्क और टैरिफ बढ़ोतरी को बताया कूटनीतिक विफलता



हैदराबाद, 21 सितम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक टी. हरीश राव ने अमेरिकी सरकार द्वारा एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाने और श्रम-प्रधान क्षेत्रों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले पर केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह भारत की कूटनीतिक विफलता को दर्शाता है। हरीश राव ने कहा कि अमेरिकी कदम से लाखों परिवारों और हजारों उद्योगों पर संकट आ गया है। वहीं, अमेरिका में पढ़ाई कर रहे लाखों भारतीय छात्र और विदेश में काम कर रहे बच्चों के माता-पिता भी गहरे सदमे में हैं। उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अपील की कि तुरंत अमेरिकी सरकार से बातचीत शुरू करें और भारतीय छात्रों, पेशेवरों तथा उद्योगों के हितों की रक्षा के लिए ठोस समाधान निकालें।



## मुख्तार अंसारी के बेटे और आईएस-191 गैंग के सक्रिय सदस्य उमर अंसारी की हिस्ट्रीशीट खोली गई



गाजीपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। पुलिस ने जिले में माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे पर कई मुकदमे दर्ज होने के बाद उमर अंसारी की हिस्ट्रीशीट खोली है। सार्वजनिक जमीन कब्जा और चुनावी भड़काऊ भाषणों का आरोप होने के साथ ही अन्य मामलों को लेकर भी पुलिस अब उमर पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। मुहम्मदाबाद पुलिस ने दिवंगत माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे और आईएस-191 गैंग के सक्रिय सदस्य उमर अंसारी की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। प्रभारी निरीक्षक राम सजन नागर के अनुसार उमर अंसारी सार्वजनिक जमीनों पर कब्जा करने और चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने का कार्य करता रहा है।

उसके खिलाफ गाजीपुर, मऊ और लखनऊ में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उमर अंसारी निवासी दर्जी मुहल्ला, यूसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद पर धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक षड्यंत्र, लोक संपत्ति क्षति, भड़काऊ भाषण, आचार संहिता उल्लंघन समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि उसकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

# सीएम नीतीश ने विकास मित्रों-शिक्षा सेवकों को दी बड़ी सौगात

## भत्ते बढ़ाये, इन चीजों के लिए भी राशि देगी

पटना, 21 सितंबर (एजेंसियां)। बिहार चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार बिहारवासियों को सौगात दे रहे हैं। दशहरा की शुरुआत होने से एक दिन पहले उन्होंने विकास मित्रों के लिए बड़ी घोषणा की है। उन्होंने रविवार सुबह अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से बिहार महादलित विकास मिशन के अन्तर्गत कार्यरत प्रत्येक विकास मित्र को टैबलेट खरीदने की राशि देने, परिवहन, स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने की बात कही।

सीएम नीतीश कुमार ने लिखा कि न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए हमारी सरकार



लगातार काम कर रही है। उन्होंने एलान करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग तक सरकार की विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में विकास मित्रों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे ध्यान में रखते हुए बिहार महादलित विकास मिशन के अन्तर्गत कार्यरत प्रत्येक विकास मित्र को टैबलेट क्रय के लिए एकमुश्त 25 हजार रुपये की राशि प्रदान करने का निर्णय लिया गया है ताकि उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के डाटा संधारण एवं अन्य कामकाज में सुविधा हो सके।

इसके साथ ही विकास मित्रों का परिवहन भत्ता 1900 रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 2500 रुपये प्रतिमाह एवं स्टेशनरी भत्ता 900 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये किए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे उन्हें क्षेत्र भ्रमण के साथ-साथ दस्तावेजों के संग्रहण में सुविधा होगी।

### स्मार्टफोन खरीदने के लिए भी रुपये देगी सरकार

सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि महादलित, दलित, अल्पसंख्यक एवं अति पिछड़ा वर्ग के बच्चों तक शिक्षा का लाभ तथा अक्षर आंचल योजना के अधीन महिलाओं को साक्षर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे शिक्षा सेवकों (तालिमी मरकज सहित) को डिजिटल गतिविधियों के संपादन हेतु स्मार्ट फोन क्रय करने के लिए 10-10 हजार रुपये की राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही शिक्षण सामग्री मद में भुगतान की जा रही राशि को 3405 रुपये से बढ़ाकर छह हजार रुपये प्रति केन्द्र प्रतिवर्ष किए जाने का निर्णय लिया गया है।

## बिहार एनडीए में खींचतान

बेगूसराय, 21 सितंबर (एजेंसियां)। तेघरा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान पूर्व एमएलसी भूमि पाल राय नाराज होकर नीचे बैठ गए। एनडीए के भीतर विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की दावेदारी, अपेक्षा और उपेक्षा के बीच का यह सियासी खेल सामने आया। हुआ कुछ ऐसा कि जदयू के पूर्व प्रदेश महासचिव और पूर्व एमएलसी भूमिपाल राय को मंच पर जगह नहीं मिली तो वह समर्थकों के साथ जमीन पर बैठ गए। बोले- मैं जमीन का आदमी हूं और जमीन पर बैठा हूं। उन्होंने टिकट को दावेदारों की होड़ को लेकर असंतोष जाहिर किया। बता दें कि टिकट को लेकर उनका रुदल राय से विवाद चल रहा है।

# सीएम योगी ने 'नमो मैराथन' को दिखाई हरी झंडी




लखनऊ, 21 सितंबर (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ में रविवार को 'नमो मैराथन' का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ और भाजपा यूपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी शामिल हुए। सीएम योगी ने हरी झंडी दिखाकर पांच कालीदास मार्ग से इसका शुभारंभ किया। 1090 चौराहे पर समापन हुआ। बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा चला रही है। इसी के तहत रविवार को यूपी के 16 महानगरों में 'नमो मैराथन' का आयोजन किया गया। इस दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री का विश्वास है कि अगर महिलाएं स्वस्थ होंगी, तो युवा भी स्वस्थ होंगे। इसके तहत रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। देशभर के युवा इसमें भाग ले रहे हैं। पीएम मोदी ने संकल्प लिया था कि 'भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना हमारा लक्ष्य और मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए'। सीएम योगी ने विरासत और सशस्त्र बलों का सम्मान करने और नागरिक कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाने के महत्व पर जोर दिया। भारत को विकसित बनाने की दिशा में काम करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही आत्मनिर्भरता के लिए स्वास्थ्य के महत्व पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'हर व्यक्ति अपने-अपने क्षेत्र में योगदान देने के लिए उत्सुक है। हमें अपने गांव और क्षेत्र के विकास के लिए काम करना चाहिए। आत्मनिर्भरता का आधार अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखना है। 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने की पहल की गई है। सीएम ने अपने संबोधन में स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में 'नमो मैराथन' के महत्व पर जोर दिया। साथ ही नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरों के प्रति आगाह किया। कहा कि आज युवा नमो युवा दौड़ में भाग ले रहे हैं। जब वे स्वास्थ्य कार्यक्रमों में शामिल होते हैं, तो देश आगे बढ़ता है। लेकिन, यदि वे नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं, तो यह विनाश का कारण बनता है।

# 'अखिलेश यादव सैफई का चश्मा लगाकर देख रहे हैं'

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का सपा मुखिया पर तंज

लखनऊ, 21 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य आगरा पहुंचे, जहां उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों की योजनाओं और कामकाज की समीक्षा की। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने राहुल गांधी, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव समेत विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा। डिप्टी सीएम ने विपक्षी पार्टियों को परिवारवादी और दिशाहीन संगठन बताते हुए कहा, समाजवादी पार्टी का भविष्य अंधकार में है। यह डूबते हुए जहाज की तरह है।

साल 2047 तक समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में, कांग्रेस केंद्र में और आरजेडी बिहार में सत्ता में नहीं आ पाएंगी। ये तीनों दल तनाव और अवसाद में हैं। केशव मौर्य ने अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा, अखिलेश यादव सैफई का चश्मा लगाकर देख रहे हैं, इसलिए उन्हें प्रदेश में हो रहा विकास नहीं



दिख रहा है। उन्हें किसी अच्छे डॉक्टर से इलाज कराना चाहिए, लेकिन मैं नहीं चाहता कि वो आगरा आएं। उन्होंने आगे कहा कि ये सभी नेता 'मुंगेरीलाल के सपने' देख रहे हैं, लेकिन जनता जानती है कि इनका सत्ता में लौटना असंभव है। डिप्टी सीएम ने हाल ही में घोषित जीएसटी संशोधन को 'क्रांतिकारी कदम' बताया और कहा कि 22 सितंबर तक संशोधित जीएसटी लागू कर दिया जाएगा, जिससे आम आदमी को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, यह महंगाई को नियंत्रित करने और जनता को राहत देने की दिशा में एक ठोस कदम है। उत्तर प्रदेश में हाल ही में हुई भारी बारिश और बाढ़ के कारण खराब हुई सड़कों के मुद्दे पर मौर्य ने कहा कि सर्वे का काम चल रहा है और जल्द ही सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बाढ़ से हुई क्षति की भरपाई भी समयबद्ध तरीके से की जाएगी। एसआईआर को लेकर हो रहे विरोध पर उन्होंने कहा, जो लोग सत्ता से बाहर हैं, वही इसका विरोध कर रहे हैं। मेरा सीधा सवाल है कि क्या एक व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट में बार-बार होना चाहिए? क्या मृतक या घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची में रहने चाहिए? उन्होंने कहा, राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव के लिए सही कामों का विरोध करना फैशन बन गया है, लेकिन देश अब यह फैशन बर्दाश्त नहीं करेगा।

## आधी रात को बहू के कमरे में छोड़ा सांप, काटते ही बिगड़ने लगी हालत

कानपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कानपुर से दिल दहेज लोभियों की ऐसी करतूत सामने आई है, जिसे जानकर आप भी सन्न रह जाएंगे। यहां दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने बहू को मारा-पीटा। फिर एक कमरे में बंद कर अंदर सांप छोड़ दिया। विवाहिता चीखती-चिल्लाती रही, मगर किसी को भी उस पर तरस न आया। सांप ने विवाहिता को काट लिया। इससे विवाहिता की तबीयत बिगड़ने लगी। वो किसी तरह मायके पहुंची।

वहां से उसे तुरंत एलएलआर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामला कर्नलगंज थाना क्षेत्र का है। पीड़िता की बहन की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत सात ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बंद कमरे में विधवा बहू कर रही थी ऐसी हरकत

### देखते ही ससुर की निकली चीख आधी रात को मचा तांडव

अलीगढ़, 21 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में दो बच्चों की विधवा मां का एक युवक संग अफेयर चल रहा था। आधी रात को उसने प्रेमी से कहा- मिलने आ जाओ। प्रेमी भी उससे मिलने पहुंचा। महिला ने दोनों बच्चों को कमरे में सुलाया, फिर बाहर से कुंडी लगा दी। खुद प्रेमी संग दूसरे कमरे में चली गई। दोनों रोमांस कर रही रहे थे कि महिला के ससुर को कुछ आवाज सुनाई देने पर शक हुआ। उन्होंने बहू को प्रेमी संग आपत्तिजनक हालत में देख लिया तो शोर मचा दिया।

इसके बाद आस-पड़ोस के कई लोग वहां आ पहुंचे। उन्होंने लाठी-डंडे और लात-घूंसों से महिला के प्रेमी की ऐसी पिटाई की, जिसे वो ताउम्र याद रखेगा। युवक के फोन में महिला की अश्लील वीडियो भी मिली। हालांकि, महिला ने बाद में उसी के खिलाफ बयान दिए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया।

## मेरठ की बहू स्नेहा ने जीता मिसेज इंडिया एशिया 2025 का खिताब



मेरठ, 21 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मेरठ की रहने वाली स्नेहा दीवान ने मिसेज इंडिया एशिया 2025 का खिताब अपने नाम किया है। स्नेहा दीवान ने मिसेज़ इंडिया एशिया 2025 –सीजन 3 का खिताब अपने नाम कर शहर का नाम रोशन किया। स्नेहा को न केवल यह ताज मिला, बल्कि उन्हें मिसेज फैशनिस्ता का खिताब भी प्रदान किया गया। एशिया भर से आईं 15,000 प्रतिभागियों में से केवल 72 महिलाओं को फाइनल के लिए चुना गया था। नई दिल्ली में फ़ैशन मेराकी द्वारा आयोजित इस भव्य फिनाले में स्नेहा ने आत्मविश्वास, शालीनता और दृढ़ संकल्प के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ग्रूमिंग, रैम्प वॉक, फोटोशूट और टैलेंट राउंड जैसे चुनौतीपूर्ण चरणों में उनकी प्रतिभा और व्यक्तित्व ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। अपनी उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए स्नेहा दीवान ने कहा, यह जीत सिर्फ मेरी नहीं है, बल्कि उन सभी महिलाओं की है जो शादी के बाद भी अपने सपनों को पूरा करने का साहस रखती हैं।

मैं चाहती हूं कि हर महिला विश्वास करे कि यदि मन से मेहनत की जाए तो कोई भी सपना बड़ा नहीं होता। स्नेहा ने प्रेस को बताया कि उन्होंने ग्रूमिंग, रैम्प वॉक, फोटो शूट और टैलेंट राउंड जैसे कई चरणों में खुद को साबित किया। साथ ही उन्होंने इसका क्रेडिट अपने पति को दिया है। स्नेहा के पति ऋषि दीवान ने कहा कि रिश्ते विश्वास से चलते हैं। ये उनकी पत्नी की मेहनत का परिणाम है, जो तमाम प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए ये उपलब्धि हासिल कर पाई हैं।

*नगर निगम अधिकारियों में मची खलबली*

## आखिर कहां गायब हो गए 178 जन्म-मृत्यु के आवेदन?

फिरोजाबाद, 21 सितंबर (एजेंसियां)। नगर निगम कार्यालय से जन्म और मृत्यु के 178 आवेदन गायब हो गए। इससे विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों में खलबली मची हुई है। सहायक नगर आयुक्त ने सफाई नायक, बैकलाग कर्मचारी सहित चार प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटरों से नोटिस जारी कर दो दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। जन्म या मृत्यु होने पर 21 दिन में आवेदन करने पर नगर निगम द्वारा सीधे प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं। 21 दिन बाद तहसील और स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के आधार पर प्रमाण पत्र जारी होते हैं।

नगर निगम कार्यालय में प्रतिदिन ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन जन्म-मृत्यु के प्राप्त आवेदनों की सूची तैयार की जाती है। इसके बाद एक बंडल बनाकर जांच के लिए सदर तहसील और स्वास्थ्य विभाग को आवेदन पत्र भेजे जाते हैं। सहायक नगर आयुक्त निहाल चंद्र ने बताया कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण लिस्ट संख्या 33 का एक बंडल, जिसमें 178 आवेदन हैं।

यह एसडीएम सदर कार्यालय को प्रेषित किए जाने थे। जन्म-मृत्यु के यह सभी आवेदन कार्यालय से गायब हो गए हैं। सहायक नगर आयुक्त निहाल सिंह ने बताया कि कार्यालय में काफी प्रयास के बाद भी यह बंडल अब तक नहीं मिल सका है। इस मामले में सफाई नायक किशन पाल सिंह, बैकलॉग कर्मचारी गुलाब सिंह, आउटसोर्स कंप्यूटर ऑपरेटर संध्या कुमारी, मुहम्मद आमिर और शशांक पाठक को नोटिस जारी कर दो दिन में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। सोमवार तक जवाब न मिलने पर संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जाएगी।

*'राघोपुर से शुरू होगा तेजस्वी का सत्यानाश'*

## पीएम और उनकी मां को अपशब्द कहना महापाप: नित्यानंद राय

हाजीपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। तेजस्वी यादव के सामने उनके गुंडों ने पीएम नरेंद्र मोदी और उनके पूजनीय मां को गाली देकर बहुत बरा महापाप किया है। बार बार पीएम नरेंद्र मोदी और उनके माता जी को गाली देकर। यह लोग अनर्थ कर रहे हैं। उक्त बातें केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय सर्किट हाउस हाजीपुर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कही। उन्होंने कहा कि तेजस्वी कंस की तरह तुम्हारा नाश करेंगे। वोटो की वार से, जल्द ही बिहार की जनता तुम्हारा सत्यानाश करेगी।

उन्होंने कहा कि कालिया नाग की तरह तुम बीस उगल रहे हो। बिहार की जनता जल्द ही तुमको नाथ देगी। समय निकट है याद रखो। मैं तुमको आज धिकार रहा हूं। तुमको चेतावनी दे रहा हूं अधर्मी। नित्यानंद राय ने कहा कि तेजस्वी यादव बार



बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जिसने इस देश से 30 करोड़ से ज्यादा गरीबी मिटाई है। एक गरीब अति पिछड़ा परिवार में जन्म लेकर आज जो दुनिया के सबसे लोकप्रिय जिन्होंने भारत के स्वाभिमान को ऊंचा किया है। दिन रात अपने परिश्रम से देश और बिहार की समृद्धि के लिए परिश्रम कर रहा है। विकास के भागीरथ को तुम गाली दे रहे हो। उनके पूजनीय माता जी को गाली दे रहे हो। और बार-बार यह अनर्थ जो तुम कर रहे हो।

## गर्लफ्रेंड के मर्डर के बाद सेल्फी ली:दूसरी गर्लफ्रेंड को भेजी

## लाश को सूटकेस में भरकर 100 किमी दूर फेंका




कानपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। कानपुर में युवक ने गर्लफ्रेंड की गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद बॉयफ्रेंड ने सेल्फी ली। फिर दोस्त के साथ मिलकर शव को एक सूटकेस में भरा। 100किमी दूर बांदा में यमुना नदी में शव को फेंक दिया। मां की शिकायत पर पुलिस ने बॉयफ्रेंड के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया है। उसने कहा- मेरी एक और गर्लफ्रेंड है। इसकी जानकारी दोनों को हो गई थी। मैंने दूसरी गर्लफ्रेंड के कहने पर पहली प्रेमिका का मर्डर कर दिया। फिर सबूत के तौर पर उसके साथ सेल्फी ली। पुलिस ने घटना के 2 महीने बाद खुलासा किया।

# एफआईआर और पुलिस रिकॉर्ड से हटेगा जाति का जिक्र, इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा आदेश

प्रयागराज, 21 सितंबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में साफ कहा है कि पुलिस दस्तावेजों और एफआईआर में अभियुक्त या गवाह की जाति का उल्लेख तुरंत बंद होना चाहिए। अदालत ने इसे संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ बताते हुए प्रदेश सरकार और पुलिस विभाग को बड़े बदलाव के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने जाति को पहचान का आधार मानने की परंपरा को कानूनी भ्रांति बताया और कहा कि आधुनिक समय में पहचान के



लिए तकनीकी साधन उपलब्ध हैं, ऐसे में जाति का इस्तेमाल करना समाज को विभाजित करने वाला कदम है। मामले की जानकारी के अनुसार प्रवीण छेत्री ने याचिका दाखिल कर मुकदमे की पूरी आपराधिक कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी। यह मामला इटावा के जसवंत नगर थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, 29 अप्रैल 2023 को पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो गाड़ी को रोककर उसकी तलाशी ली, जिसमें प्रवीण छेत्री समेत तीन लोग पकड़े गए थे। पुलिस ने छापेमारी के दौरान गाड़ियों से सैकड़ों बोतलें शराब बरामद कीं और अभियुक्तों की जाति माली, पहाड़ी राजपूत, ठाकुर, ब्राह्मण का जिक्र एफआईआर और जब्ती मेमो में किया। कोर्ट ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि यह न सिर्फ आरोपी की प्रोफाइलिंग है बल्कि संवैधानिक लोकतंत्र की नींव को कमजोर करने वाली प्रथा भी है। न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने कहा कि जाति आधारित पहचान समाज में गहरी मानसिक और सामाजिक चोट पहुंचाती है।

आज आधार कार्ड, फिंगरप्रिंट और मोबाइल कैमरों जैसे एडवांस साधन उपलब्ध हैं तो फिर पहचान के लिए जाति का सहारा लेना गलत है। हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को निर्देश दिया कि पुलिस के सभी आधिकारिक दस्तावेजों से जाति का कॉलम हटाया जाए। इसमें एफआईआर, क्राइम डिटेल फॉर्म, गिरफ्तारी और सरेंडर मेमो, पुलिस रिपोर्ट आदि शामिल हैं। अदालत ने आदेश दिया कि पुलिस थानों में लगे नोटिस बोर्ड पर भी अभियुक्तों के नाम के साथ जाति का जिक्र न हो। साथ ही सभी साइनबोर्ड या घोषणाएं, जो किसी क्षेत्र या संपत्ति को जाति विशेष से जोड़ती हैं तुरंत हटाई जाएं।

## सुशांत गोल्फ सिटी के बार में बाउंसर को लगी गोली महिला डॉक्टर समेत 4 को दौड़ा-दौड़ाकर डंडों से पीटा

लखनऊ, 21 सितंबर (एजेंसियां)। लखनऊ स्थित सुशांत गोल्फ सिटी के पलासियो मॉल में समय पूरा होने पर बार से बाहर निकलने को लेकर तीन युवकों और उनके साथ मौजूद महिला डॉक्टर का बाउंसरों से विवाद हो गया। दोनों पक्षों में नोकझोंक मॉल की पर्किंग तक पहुंच गई। युवक ने दोस्त की पिस्टल से कई राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग में एक गोली गार्ड के पीठ में जा लगी। इसके बाद कार से भाग रहे युवकों और महिला डॉक्टर को बाउंसरों और गार्डो ने बंधक बना लिया। मॉल की वायरल सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दिख रहा है कि कई बाउंसर और गार्डों ने 4 मिनट 39 सेकंड तक महिला डॉक्टर और युवकों की बर्बरता से डंडों से पिटाई की। करीब दो मिनट तक तो पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में गार्डों ने चारों को पीटा। यही नहीं महिला डॉक्टर से अभद्रता की गई। पहले पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए तीन युवकों और महिला डॉक्टर को गिरफ्तार कर जेल भेल दिया है। बाद में वायरल फुटेज देखने के बाद अज्ञात बाउंसरों और गार्डों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## ब्लैकमेल कर रही थी गर्लफ्रेंड और यूपी-112 का सिपाही

### बदायूं में युवक ने जहर खाकर दी जान

बदायूं, 21 सितंबर (एजेंसियां)। विषाक्त पदार्थ खाकर आत्महत्या करने वाले दीपक चौधरी का एक वीडियो प्रसारित हुआ है, जिसमें उसने अपनी मृत्यु का जिम्मेदार अपनी प्रेमिका और दातागंज कोतवाली क्षेत्र में यूपी 112 पर तैनात सिपाही को जिम्मेदार बताया है।

वह कह रहा है कि आरोपित लगातार काफी समय से उसे ब्लैकमेल कर रहे थे। अब तक उसकी प्रेमिका साढ़े चार लाख रुपये ठग चुकी थी। प्रेमिका ने उससे मंदिर में शादी की थी लेकिन वह उसके साथ आने को तैयार नहीं थी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर प्रेमिका और उसके पिता समेत अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## नेपाल से भारत में घुस आए पांच विदेशी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मोतिहारी, 21 सितंबर (एजेंसियां)। (पूर्वी चंपारण)। नेपाल सीमा से भारतीय क्षेत्र में बिहार के पूर्वी चंपारण के जिला मुख्यालय मोतिहारी से होते हुए राजधानी पटना जाने की तैयारी में लगे पांच विदेशी नागरिकों को मोतिहारी पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा के घोड़ासहन थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया है। ये सभी घोड़ासहन बस स्टैंड से गिरफ्तार किए गए हैं। गिरफ्तार किए जानेवालों में सूडान के अब्दुल फतेह, रमा सिद्दिकी, अली अब्दुल गफ्फार, मोहम्मद अहमद और बोलीविया का एक नागरिक शामिल हैं। इनके पास उर्दू में लिखी डायरी व किताबें मिली हैं पुलिस सभी से सघन पूछताछ कर रही है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि सभी से पूछताछ की जा रही है। वे किस उद्देश्य से आए हैं। पटना क्यों जा रहे थे? वहां से कहां जाने की तैयारी थी? क्या उनके पास वैध दस्तावेज है? नेपाल कैसे पहुंचे? वहां से भारत में कैसे दाखिल हुए? उनकी मंशा क्या है? भारत-नेपाल सीमा पर हाल में कई विदेशी नागरिकों की गिरफ्तारी हुई है,

# हैदराबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी की बड़ी जीत

## 7 साल बाद सभी पदों पर कब्जा, परिसर में जश्न



हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सात साल बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने हैदराबाद विश्वविद्यालय (यूओएच) छात्र संघ चुनाव 2025 में शानदार वापसी करते हुए सभी पदों पर जीत हासिल की। एबीवीपी-सेवालाल विद्यार्थी दल (एसएलवीडी) गठबंधन ने वामपंथी और अन्य छात्र संगठनों को मात दी।

अध्यक्ष पद पर एबीवीपी-एसएलवीडी के उम्मीदवार शिवा पालेपु ने बीएसएफ-डीएसयू-एसएफआई-टीएसएफ गठबंधन की अनन्या दाश को 170 मतों से हराया। पालेपु को 1,541 वोट मिले, जबकि अनन्या को 1,371 वोट प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र ने 1,773 वोट पाकर जीत दर्ज की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी दिवाकर को 1,170 वोट मिले। महासचिव पद पर श्रुति प्रिया ने 1,667 वोट हासिल किए। उन्होंने एएसए-आइसा-फ्रेटरनिटी-एमएसएफ गठबंधन के मोहम्मद शादिल को हराया, जिन्हें 980 वोट मिले।

इसी तरह, एबीवीपी पैनल से सौरभ शुक्ला संयुक्त सचिव, वीनस सांस्कृतिक सचिव और ज्वाला खेल सचिव चुने गए।

इसके अलावा एबीवीपी गठबंधन ने स्कूल स्तर पर पार्षद और बोर्ड सदस्य पदों पर भी बहुमत हासिल किया। परिणाम घोषित होते ही परिसर में एबीवीपी और एसएलवीडी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

एबीवीपी ने इस जीत को राष्ट्रवाद के प्रति छात्रों की प्रतिबद्धता और विभाजनकारी राजनीति को नकारने का परिणाम बताया। संगठन ने कहा कि वामपंथी प्रभाव के बावजूद सामाजिक विज्ञान विभागों में मिली सफलता छात्रों के वैचारिक स्वतंत्रता के संकल्प को दर्शाती है। गौरतलब है कि इससे पहले 2018 में एबीवीपी ने सभी पदों पर जीत हासिल की थी, जब आरती नागपाल अध्यक्ष चुनी गई थीं। उससे पहले 2009-10 में भी एबीवीपी ने यूओएच छात्र संघ पर कब्जा जमाया था।

# शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

### 490 चालक पकड़े गए, अदालत में पेशी अनिवार्य

हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद यातायात पुलिस ने शनिवार को विशेष जांच अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वाले 490 चालकों को पकड़ा। सभी के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों में 384 दोपहिया वाहन चालक, 20 ऑटो चालक, 79 चारपहिया वाहन चालक और सात भारी वाहन चालक शामिल हैं। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक, मियापुर यातायात पुलिस ने सबसे अधिक 123 लोगों को पकड़ा, जबकि राजेंद्रनगर ने 41 और शमशाबाद ने 38 लोगों को पकड़ा। सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा, जहां आगे की कार्रवाई तय होगी। पुलिस ने अपील की कि लोग अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालने से बचें और नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

# भाजपा ने युवाओं से नशामुक्त भारत के लिए एकजुट होने का आह्वान किया



हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा ने रविवार को युवाओं से 'नशामुक्त राष्ट्र' बनाने के प्रयास में एकजुट होने और 'नशामुक्ति' का संकल्प लेने का आह्वान किया।

'3के मोदी युवा दौड़' के लिए सफेद टी-शर्ट पहने युवाओं, छात्रों और स्थानीय निवासियों की एक जीवंत सभा के दौरान, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने नशीली दवाओं के दुरूपयोग को समाप्त करने के महत्व पर जोर दिया और इसे देश की प्रगति में एक बड़ी बाधा बताया। यह दौड़ राज्य भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के साथ आयोजित की गई थी, जो सचिवालय के पास डॉ.बी.आर. अंबेडकर की प्रतिमा से शुरू होकर नेकलेस रोड तक गई। एमएलसी मलका कोमारैया ने कार्यक्रम के संयोजक के रूप में कार्य किया। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन रामचंदर राव ने कहा कि 'युवा राष्ट्र की संपत्ति हैं' और उन्हें नशीली दवाओं की लत के खतरों से बचाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने दावा किया कि भारतीय युवाओं की क्षमता को कमजोर करने की एक अंतर्राष्ट्रीय साजिश है और इस बात पर जोर दिया कि भारत दुनिया का सबसे युवा राष्ट्र है। बाद में, उन्होंने दौड़ को हरी झंडी दिखाई जिसमें 5,000 से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया। पार्टी सांसद ईटेला राजेंद्र और कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी, एमएलसी अंजी रेड्डी, विधायक पी हरीश राव और अन्य नेता भी उपस्थित थे।




# विकाराबाद में लूट के बाद महिला की हत्या

### करनकोट गांव में वारदात, पुलिस जांच में जुटी

हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। विकाराबाद जिले के तंडूर मंडल के करनकोट गांव में रविवार को अज्ञात हमलावरों ने 45 वर्षीय महिला की हत्या कर दी और उसके सोने के आभूषण लूटकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान पद्माम्मा के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब वह घर पर अकेली थी। हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला कर उसकी जान ले ली और आभूषण लेकर भाग निकले।

सूचना मिलते ही करनकोट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। अपराधियों का सुराग लगाने के लिए डॉग स्क्वायड भी बुलाया गया। साथ ही, स्थानीय लोगों से इलाके में अजनबियों की गतिविधियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हत्यारों की तलाश तेज कर दी है।












स्वतंत्र वार्ता
सोमवार, 22 सितंबर- 2025

# अमेरिका को भारी पडेगा वीजा नियम

अमेरिका द्वारा थोपा गया एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि से भारतीय पेशेवरों पर तो असर पड़ेगा ही, लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था को चौपट होने में भी देर नहीं लगेगी। अमेरिका में काम कर रहे लाखों पेशेवर के लिए यह कड़ा फैसला है, साथ ही वहां उन भारतीयों की भी कमी नहीं है, जिनका वीजा रिन्यू होना है या जिन्हें अभी तक ग्रीन कार्ड नहीं मिला है। वहां की कंपनी आईटी सेक्टर के भारतीय प्रोफेशनल्स को औसतन 1 से सवा लाख डॉलर सालाना सैलरी देती हैं। ऐसे में अगर उन्हें एक लाख डॉलर वीजा फीस भी देने के लिए बाध्य किया जाएगा तो कंपनियों का खर्च डबल हो जाएगा। ऐसे में आखिर कंपनियां इन्हें क्यों रखेंगी। इससे वहां जॉब करने का सपना देख रहे भारतीयों की उम्मीदों को भी झटका लगेगा। भारतीय प्रतिभाएं यूरोपियन देश नीदरलैंड, फ्रांस, जर्मनी के अलावा दुबई, आबू धाबी जैसी जगहों पर अपनी सेवाएं देने लगेंगी, शायद तब अमेरिका के पास हाथ मलने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचेगा। अमेरिका में एच-1बी वीजा पर काम कर रहे भारतीयों में करीब 30% बड़े डॉक्टर हैं, इसके अलावा वैज्ञानिक और बैंकिंग सेक्टर में भी जाने-माने हुनरमंद हैं। ऐसे में अमेरिकी कंपनियां भी अपना काम समेट कर दूसरे देशों की ओर चल पडें तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए। यह तो भारत के लिए भी अवसर ही होगा। अमेरिका के दरवाजे बंद होने से अगली पीढ़ी की लैब्स, पेटेंट, इनोवेशन और स्टार्टअप भारतीय शहरों में बढ़ेंगे। भारत के बेहतरीन डॉक्टर, इंजिनियर, वैज्ञानिक और इनोवेटर्स भारत के विकास और विकसित भारत की दिशा में योगदान देंगे। अगर ऐसा होता है तो अमेरिका को वीजा शुल्क बढ़ाने के अपने फैसले पर फिर से विचार करना ही पडेगा। नहीं तो अमेरिका की अर्थव्यवस्था की कमर टूटते देर नहीं लगेगी। अमेरिका में नामी कंपनियों को आगे बढ़ाने में भारतीयों की बड़ी भूमिका है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, विप्रो, एचसीएल और कॉग्निजेंट जैसी भारतीय कंपनियां हजारों कर्मचारियों को अमेरिका भेजती हैं। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, ऐपल और गूगल भी इस लिस्ट में शामिल हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय आईटी कंपनियों ने एच-1बी वीजा पर अपनी निर्भरता को काफी हद तक कम किया है तो फाइलिंग में 50% से अधिक की गिरावट आई है। यह बदलाव हमारी उस रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत स्थानीय स्तर पर ज्यादा भर्ती की जा रही है, ऑटोमेशन में निवेश किया जा रहा और ग्लोबल डिलिवरी मॉडल को भी मजबूत बनाया गया है। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप का 100,000 अमेरिकी डॉलर का वीजा शुल्क अमेरिकी इनोवेशन को रोक देगा और भारत के इनोवेशन को गति देगा। ग्लोबल टैलेंट के लिए दरवाजा बंद करके, अमेरिका प्रयोगशालाओं, पेटेंटों, इनोवेशन और स्टार्ट अप्स की अगली लहर को बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे और गुड़गांव की ओर धकेल रहा है। जाहिर है इससे अमेरिका को नुकसान तो भारत को फायदा होगा। क्योंकि उसके पास भारतीयों को रिप्लेस करने के लिए प्रशिक्षित अमेरिकी पेशेवर एकदम से मौजूद नहीं हैं। अमेरिका के लोगों को इन पदों पर हायर करने में ज्यादा खर्च भी आ सकता है। ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, जापान जैसे देशों को स्किल्ड लोगों की तलाश है। इसके अलावा भारतीय प्रोफेशनल्स के लिए दक्षिण अमेरिका, कनाडा और खाड़ी देशों में भी कई तरह के विकल्प खुले हुए हैं।

# जब डॉनल्ड ट्रंप की नीतियां भारत के ख़िलाफ़ हैं तो फिर मोदी की नीतियां अमेरिकी हितों पर चोट क्यों न दें?


कमलेश पाण्डेय

जब भारत के गांवों में किसी से विवाद बढ़ने पर और घात-प्रतिघात की परिस्थितियों के पैदा होने पर पारस्परिक हुक्का-पानी या उठक-बैठक, खान-पान बन्द करने के रिवाज सदियों से चलते आए हैं तो फिर वैश्विक दुनियादारी में हम लोग इसे लागू क्यों नहीं कर सकते ताकि हमारे मुकाबिल खड़े होने वाले देशों को ठोस नसीहत मिल सके। वहीं, अक्सर यह भी कहा जाता है कि जो ज्यादा तेज बनता है, वह तीन जगहों पर बदबू फैलाता है जबकि चतुर व्यक्ति की कोशिश रहती है कि वह तीनों जगहों पर अपनी गमक व महक छोड़े। अव्वल दर्जे पर रूस, अमेरिका और चीन के साथ भारतीय सम्बन्धों पर फ्रांस, इजरायल, जापान जैसे दूसरे दर्जे के महत्वपूर्ण देशों के साथ भारतीय सम्बन्धों पर, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया जैसे तीसरे महत्वपूर्ण देशों के साथ भारत के सम्बन्धों पर भी यही बात लागू होती है। यूँ तो पड़ोसी देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, मुस्लिम बहुल अरब देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, आशियान देशों से जुड़ी हमारी नीतियों में, जी-सेवन, ब्रिक्स, जी-20, एससीओ, नाटो, मध्य एशिया, यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया से जुड़ी लुक ईस्ट की नीतियों या फिर संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़े भारतीय नीतियों के दृष्टिगत हमारी गुटनिरपेक्ष सोच सदैव सराहनीय रही है लेकिन जब हम अपने वैश्विक संरक्षक रूस के साथ, दुःख के दोस्त/मददगार इजरायल के साथ खुलेआम खड़े होने से हिचकते हैं तो कहीं न कहीं अशांति को प्रश्रय देते हैं और भारत के साथ मित्रता का छल रचने वाला अमेरिका यही तो चाहता है। अमेरिका, यूरोप को साथ लेकर जब भी रूस को दबाना चाहे तो हमें खुलेआम रूस के साथ खड़ा होना चाहिए ताकि अमेरिका संभल जाए। इसी प्रकार जब इजरायल को अरब देश दबाना चाहें तो हमें इजरायल को संरक्षण देना चाहिए ताकि अरब देश सुधर जाएं। इसी प्रकार जब चीन भारत के पड़ोसियों में दिलचस्पी ले, आशियान देशों, अरब देशों, यूरोपीय देशों, अफ्रीकी देशों में अपनी पैठ बढ़ाए तो जापान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील को साधकर संतुलित प्रतिरक्षात्मक नीति अपनाएं क्योंकि अमेरिका और चीन हमारे साथ शत्रुतापूर्ण चालें हमेशा चलते रहेंगे। पाकिस्तान परस्त तुर्की, अमेरिका परस्त सऊदी अरब आदि कभी हमारे स्वाभाविक मित्र नहीं हो सकते। इसलिए वैश्विक कूटनीति में रूस, इजराइल, जापान, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी आदि देशों के कूटनीतिक व प्रतिरक्षात्मक महत्व हैं जिसके दृष्टिगत ही हमें कोई भावी कदम बढ़ाने चाहिए। इसके लिए हमें पाकिस्तान और बंगलादेश जैसे इस्लामिक दुश्मनों के दिनदहाड़े सफाए की योजना हमें बनानी पड़ेगी। अफगानिस्तान, नेपाल, भूटान, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव, कम्बोडिया, थाईलैंड आदि पड़ोसी देशों को दुनियावी लाभ देकर पटाये रखना चाहिए और इन्हें भारतीय परिसंघ में शामिल करने योग्य कूटनीति अपनानी चाहिए। जिस तरह से रूस (यूएसएसआर) विरोधी नाटो की तर्ज पर इजरायल विरोधी इस्लामिक नाटो बना है, उसके दृष्टिगत हिन्दू और बौद्ध बहुल देशों को एकजुट करके भारतीय परिसंघ बनाना होगा ताकि जब अमेरिका या चीनी इशारे पर भारत के खिलाफ इस्लामिक देश एकजुटता दिखाएं तो दक्षिण-पूर्व एशियाई बौद्ध देश भारत की मदद करें। इसी नजरिए से चीन से भी चतुराई पूर्वक सम्बन्ध बनाए रखना भारत के हित में होगा। वहीं, इजरायल को सहयोग देकर इनके मन में भय बनाए रखना होगा कि भारत अकेला नहीं है। हमारी विशाल आबादी और रूसी-इजरायल तकनीकी सहयोग दुनिया के किसी भी हिंसक गठबंधन पर भारी पड़ेंगे।

# पुलिस हिरासत में मौतों का सिलसिला कब तक


मनोज कुमार अग्रवाल

बेशक राजनीतिक दलों के आका संविधान - संविधान चिल्लाए संसद में हंगामा करे लेकिन देश में संविधान और कानून की हालत को लोकसभा में पेश की गई रिपोर्ट से समझ सकते हैं। संसद में पेश आंकड़ों के अनुसार, देश में हर दिन 6 लोगों की मौत पुलिस हिरासत में हो रही हैं। इस मामले में उत्तर प्रदेश नम्बर वन पर है। यह आंकड़े तीन साल पहले की सांख्यिकी पर है बीते तीन साल में भी स्थिति और बिगड़ी है सुधार होना दूर की बात है। पुलिस हिरासत में मौतों की खबर भारत में जैसे बहुत आम है. लगभग रोज़ अख़बारों में जेल में या पुलिस की हिरासत में मारे जाने वालों की ख़बर छपती है.पुलिस हिरासत में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश पश्चिमी बंगाल राजस्थान हरियाणा बिहार बढत बनाए हुए हैं।

बता दें कि उत्तर-प्रदेश में सबसे अधिक मौते कस्टडी के दौरान होती हैं. इसके बाद दूसरे नंबर पर पश्चिम बंगाल का नाम आता है, जहां आरोपियों की मौतें पुलिस कस्टडी में होती हैं.केंद्र सरकार के मौजूद आंकड़ों के मुताबिक 2020-21 में उत्तर-प्रदेश में हिरासत में 451 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 2021-22 में ये आंकड़ा बढ़कर 501 हो गया था.पश्चिम बंगाल में दूसरे नंबर पर हिरासत में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं. 2020-21 के दौरान वहां पर 185 लोगों की मौतें हुई थी, जबकि 2021-22 के दौरान 257 आरोपियों की मौत हुई थी.बता दें कि भारत में 2020-21 में 1940 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 2021-22 में ये आंकड़ा बढ़कर 2544 पहुंच गया था।

हाल ही में राजस्थान में जो तथ्य सामने आए वो दिल दहलाने वाले है पिछले आठ माह में राजस्थान में ग्यारह लोगों की पुलिस हिरासत में मौत हो गई।

जबकिराजस्थान में पिछले दो वर्षों में पुलिस हिरासत में 20 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। इनमें से अधिकतर मौतों का कारण तबीयत बिगड़ना बताया गया है।पांच की मौत हृदयाघात से और एक की मौत पुलिस थाने के कुएं में छलांग लगाने से हुई है। शेष 14 मामलों की जांच अभी लंबित है। पुलिस हिरासत में हुई इन मौतों के लिए अब तक किसी भी पुलिसकर्मी को दोषी नहीं ठहराया गया है, केवल दो पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी किया गया है।

आपको पता रहे कि लोकसभा में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने जानकारी दी थी कि 2020 से 2022 के बीच 4484 लोगों की मौत हिरासत में हुई थी. मानवाधिकार आयोग ने माना कि 2021-22 में जेलों में 2152 लोग मारे गए. इनमें 155 मौतें पुलिस हिरासत में हुई थीं. ऐसे आंकड़े लगातार बढ़ाए जा सकते हैं. लेकिन सवाल है, हमारे यहां हिरासत में इतनी मौतें क्यों होती हैं? क्या हमारी पुलिस व्यवस्था हिरासत में या जेल काट रहे क़ैदियों के साथ अमानवीय बरताव करती है? क्या वह क़ानूनों का ख़याल नहीं रखती? पिछले दिनों कॉमन कॉज का एक सर्वे आया है जो इस मामले में कई सच्चाइयों पर रोशनी डालता है सर्वे 17 राज्यों के 82 स्थानों पर किया गया है.इनमें अलग-अलग रैंक के 8,276 पुलिसकर्मी शामिल रहे हैं.सर्वे के मुताबिक ज़्यादातर पुलिसवाले टॉर्चर और हिंसा को अपने काम के लिए ज़रूरी मानते हैं.20 फ़ीसदी पुलिसकर्मी सख्त तौर-तरीक़ों को बिल्कुल ज़रूरी मानते हैं ताकि लोगों में डर बना रहे.35 फ़ीसदी पुलिसकर्मियों को ये काफ़ी ज़रूरी लगता है.27 फीसदी पुलिसकर्मी मानते हैं कि यौन उत्पीड़न के मामलों में भीड़ की हिंसा जायज़ होती है। यानी भीड़ किसी रेपिस्ट को मारे-पीट दे तो ठीक है.बच्चों के अपहरण के मामले में 25% पुलिसकर्मी यही मानते हैं.22 फ़ीसदी पुलिसवाले मानते हैं कि ख़तरनाक अपराधियों को मार देना उन पर मुकदमा चलाने से बेहतर है.30 फ़ीसदी पुलिसवाले गंभीर मामलों में थर्ड डिग्री टॉर्चर को सही मानते हैं.जबकि 9 फीसदी यहां तक मानते हैं कि छोटे-मोटे अपराधों में भी ये सही है11 फीसदी पुलिसकर्मी मानते हैं कि आरोपियों के परिवारवालों को थप्पड़ मारना या पीटना बिल्कुल जायज़ है, जबकि 30 फीसदी मानते हैं कि ये कभी-कभी ज़रूरी है. उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी एके जैन ने कहा कि हिरासत में मौत को लेकर जो आरोप हैं उनमें से कुछ सही भी हैं. समाज तय करता है कि उसे किस तरह का पुलिस बल मिले. पुलिस फोर्स में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं. पुलिस कर्मियों की हालत भी बहुत अच्छी नहीं है. ये भी एक कारण है कि वो शॉटकर्ट रास्ता अपनाते हैं. तकनीकी की कमी भी एक बड़ी चुनौती रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायिक सुधार की भी काफी जरूरत है जिससे की पुलिसकर्मियों से प्रेशर कम हो।

वरिष्ठ अधिवक्ता यशवंत सिंह ने कहा कि ये बात सही है कि न्यायिक व्यवस्था में सुधार की बेहद जरूरत है. उन्होंने कहा कि पुलिस वर्ग को 2 भागों में बांटने की जरूरत है. एक भाग का काम कानून व्यवस्था देखना होगा वहीं दूसरे भाग का काम यह हो कि वो सिर्फ जांच करे. साइंटिफिक जांच तब ही हो पाएगी जब आप स्वयं जानकार होंगे. साथ ही पुलिस कर्मियों की मानसिकता को भी ठीक करना होगा. इसके लिए उनके ऊपर से वर्क प्रेशर कम करना बेहद जरूरी है।

आपको बता दें पुलिस हिरासत में रखने के नियम की बात करें तो ये नियम संविधान और दंड संहिता प्रक्रिया के जरिए निर्धारित किए गए हैं. नियम कहता है कि गिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर उस शख्स को निकटतम मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना चाहिए. बिना मजिस्ट्रेट की अनुमति के किसी शख्स को 24 घंटे से ज्यादा हिरासत में नहीं रखा जा सकता है. वहीं अगर मामला गंभीर है तो ऐसे केस में पुलिस पूछताछ के लिए 15 दिनों की रिमांड दे सकती है. हालांकि बाद में इसे बढ़ाया भी जा सकता है. हिरासत में रहने के दौरान उस आरोपी को उचित सुविधा और सुरक्षा दी जानी चाहिए.

इसके अलावा 48 घंटे में उसकी चिकित्सकीय जांच भी होनी चाहिए. अगर हिरासत के दौरान आरोपी के साथ प्रताड़ना की जा रही है तो उसे शिकायत दर्ज कराने का अधिकार है. हिरासत या गिरफ्तारी के बाद उस शख्स कोगिरफ्तारी के 24 घंटे के अंदर उस शख्स को निकटतम मजिस्ट्रेट के सामने पेश करना चाहिए. बिना मजिस्ट्रेट की अनुमति के किसी शख्स को 24 घंटे से ज्यादा हिरासत में नहीं रखा जा सकता है. वहीं अगर मामला गंभीर है तो ऐसे केस में पुलिस पूछताछ के लिए 15 दिनों की रिमांड दे सकती है. हालांकि बाद में इसे बढ़ाया भी जा सकता है. हिरासत में रहने के दौरान उस आरोपी को उचित सुविधा और सुरक्षा दी जानी चाहिए. इसके अलावा 48 घंटे में उसकी चिकित्सकीय जांच भी होनी चाहिए. अगर हिरासत के दौरान आरोपी के साथ प्रताड़ना की जा रही है तो उसे शिकायत दर्ज कराने का अधिकार है. हिरासत या गिरफ्तारी के बाद उस शख्स को उसके अधिकारों के बारे में सूचित करना चाहिए. आरोपी को अपने वकील से बात करने का अधिकार है और किसी भी पूछताछ से पहले वकील से सलाह लेने का भी अधिकार है.

यहां बता दें कि पुलिस हिरासत में हुई मौतों के संबंध में एक यह बात भी नोट करने वाली है इनमें लगभग सभी मामलों में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण ज्ञात न होना और विसरा सुरक्षित रखा जाना अंकित किया जाता है।

जबकि मृतक के परिवार द्वारा लिखाई गई प्रथम सूचना रिपोर्ट में मृतक के साथ पुलिस द्वारा मारपीट करने का स्पष्ट आरोप लगाया जाता है तथा उसके फलस्वरूप मौत होने की बात कही जाती है, जिससे मृत्यु का कारण स्पष्ट तौर पर ज्ञात हो जाना चाहिए।

इस प्रकार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से एक भ्रामक स्थिति पैदा हो जाती है, जिसका लाभ आरोपी पुलिस कर्मचारियों को ही मिलता है। इसलिए यह बेहतर होगा कि यदि पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में पोस्टमार्टम में मृत्यु का कारण ज्ञात न होना अंकित किया जाता है तो उसका एक बोर्ड द्वारा पुनः पोस्टमार्टम किए जाने की मांग की जानी चाहिए ताकि मृत्यु का कारण स्पष्ट हो सके।

# कैंसर से लड़ रहे मरीजों में करें उत्साह एवं आशा का संचार


योगेश कुमार गोयल

22 सितम्बर को दुनियाभर में 'विश्व गुलाब दिवस' (World Rose Day) मनाया जाता है। हालांकि इस दिवस के नामकरण से प्रतीत होता है, मानो यह दिवस गुलाब (रोज) की विभिन्न किस्मों के बारे में जानने के लिए ही मनाया जाता हो लेकिन वास्तव में यह दिन कैंसर से लड़ रहे लोगों में आशा और उत्साह का संचार करने के लिए समर्पित है। गुलाब का फूल चूंकि खुशी का प्रतीक होता है, इसीलिए इस दिन कैंसर मरीजों और उनकी देखरेख करने वालों को गुलाब का फूल देकर संदेश दिया जाता है कि कैंसर जिंदगी का अंत नहीं है बल्कि कैंसर से न केवल लड़ा जा सकता है बल्कि लड़कर जीत भी हासिल की जा सकती है। गुलाब का फूल देकर उन्हें अहसास कराया जाता है कि उनकी जिंदगी भी फिर से गुलाब जैसी ही महक और खिल सकती है, बस जरूरत है कैंसर से दृढ़तापूर्वक लड़ने के जज्बे की। वास्तव में इस दिवस के माध्यम से लोगों को यह संदेश देने का प्रयास किया जाता है कि प्राणघातक बीमारी कैंसर से जूझ रहे मरीजों का दुख बांटने का छोटा सा प्रयास करके भी हम उन्हें बड़ा संबल प्रदान कर सकते हैं। इस दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य कैंसर रोगियों को कैंसर से लड़ने की प्रेरणा शक्ति और उन्हें खुशियां देना ही है। दरअसल कैंसर एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जो व्यक्ति को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक और आर्थिक रूप से भी तोड़ देती है।

हालांकि दुनिया में कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो स्वयं इस बीमारी से जूझते हुए भी अपनी बहादुरी और सकारात्मक के चलते दूसरे कैंसर मरीजों के लिए मिसाल बन जाते हैं। ऐसी ही एक बहादुर बच्ची थी कनाडा की 12 वर्षीया मेलिन्डा रोज, जिसे 1994 में मात्र 12 साल की आयु में ही घातक रक्त कैंसर (अस्किन्स ट्यूमर) हो गया था। मेलिन्डा कैंसर से आखिरी जंग लड़ रही थी और डॉक्टरों ने कह दिया था कि वह दो सप्ताह से ज्यादा जीवित नहीं रह पाएगी लेकिन उस छोटी बच्ची ने हार नहीं मानी तथा न केवल करीब 6 महीने तक जीवित रही बल्कि अन्य कैंसर पीड़ितों के लिए भी अद्भुत मिसाल बन गई। मेलिन्डा ने ये 6 महीने कैंसर से जूझ रहे मरीजों के साथ ही बिताए और नोट्स, कविताओं तथा ई-मेल के जरिये उन लोगों को खुश रखने के प्रयास किए तथा अपने इस जज्बे से बहुत सारे लोगों को प्रभावित भी किया। सितम्बर 1994 में इस बच्ची ने सबका साथ छोड़कर दुनिया को अलविदा कह दिया लेकिन कैंसर पीड़ितों को जिंदगी से लड़ने की हिम्मत रखने का हौसला दे गई।

22 सितम्बर को कैंसर रोगियों के कल्याण के प्रति समर्पण के रूप में मेलिन्डा रोज की ही स्मृति में 'विश्व गुलाब दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को कैंसर की शुरुआती पहचान तथा रोकथाम के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक दिन के रूप में भी मनाया जाता है, जो न केवल इलाज कर सकता है बल्कि कई विकृतियों से भी बचा सकता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता फैलाना तथा कैंसर रोगियों को यह संदेश देना है कि भले ही इस बीमारी से वह अकेले लड़ रहे हैं लेकिन मानसिक तौर पर हम भी उनके साथ खड़े हैं। हमारे बीच ऐसे बहुत से लोग मिल जाएंगे, जो कैंसर के दर्दनाक इलाज को झेलने के बाद भी हंसते-खिलखिलाते नजर आते हैं। ऐसे लोग कैंसर से जूझ रहे अन्य मरीजों के मनोबल को बढ़ाते हुए उनके अंदर भी फिर से जीने की उम्मीद जगाने का प्रयास करते हैं। वास्तव में किसी को जीने की आशा देना जीवन का सबसे बड़ा हिस्सा हो सकता है और इसीलिए ऐसे लोग सम्मान के बड़े हकदार हैं।

कैंसर से लड़ने और इस पर विजय पाने के दुनिया भर में अनेक चिकित्सीय उपाय हो रहे हैं और शोधकर्ताओं के प्रयासों के चलते कैंसर का शुरूआती चरण में इलाज अब संभव भी है। कुछ वर्ष पूर्व तक कैंसर को एक असाध्य अर्थात लाइलाज रोग के रूप में जाना जाता था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में कैंसर के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी खोजें हुई हैं और अब यदि समय रहते कैंसर की पहचान कर ली जाए तो इसका उपचार किया जाना काफी हद तक संभव है। कैंसर के संबंध में यह जानना जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में हो सकती है लेकिन यदि इसका सही समय पर पता लगा लिया जाए तो उपचार संभव है। इसी कारण लोगों को कैंसर तथा इसके कारणों के प्रति जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जाती रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें।

कैंसर के कुछ प्रमुख कारणों में वजन बढ़ना या मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, धूम्रपान, अल्कोहल तथा नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार न लेना, नियमित व्यायाम न करना इत्यादि शामिल हैं। यह एक ऐसी खामोश बीमारी है, जिसके कभी-कभार कोई लक्षण सामने नहीं आते किन्तु कैंसर के अक्सर जो लक्षण सामने आते हैं, उनकी जानकारी होना भी बहुत जरूरी है। ऐसे ही लक्षणों में लगातार वजन घटते जाना, शरीर में रक्त की कमी होते जाना, पेशाब और शौच के समय खून आना, खांसी के दौरान खून आना, तेज बुखार आना और बुखार ठीक न होना, निरन्तर थकान व कमजोरी महसूस होना, चक्कर आना, भूलना, दौरे पड़ना, आवाज में बदलाव, सांस लेने में दिक्कत होना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, गले अथवा शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, स्तन में गांठ, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि शामिल हैं।

यदि शरीर में ऐसे कोई भी बदलाव या लक्षण नजर आएं तो तुरंत योग्य चिकित्सक से सम्पर्क कर जरूरी जांच करा लेनी चाहिएं। इस प्राणघातक बीमारी के महामारी के रूप में फैलने के पीछे बढ़ते प्रदूषण के अलावा खानपान से लेकर हमारी रोजमर्रा की जीवनशैली में आए बदलाव की बहुत बड़ी भूमिका है। आधुनिक जीवनशैली, नियमित व्यायाम न करना, भोजन की शुद्धता पर ध्यान न देना, प्रदूषित वातावरण इत्यादि कई ऐसे अहम कारण हैं, जो शरीर में कैंसर विकसित होने के प्रमुख कारक हो सकते हैं। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके बारे में जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इस बीमारी का इलाज संभव हो।

# प्रेम का ट्रायल रूम संस्करण


डॉ. सुरेश कुमार

प्रेम कहानियाँ पुरानी सभ्यता से लेकर पाँच सितारा होटल तक चलती आई हैं। एक समय था जब प्रेमकथा खेतों की मेड़ पर शुरू होती थी और खलिहानों में पक जाती थी। अब प्रेमकथा कैफ़े कॉफ़ी डे की टेबल पर वाई-फ़ाई पासवर्ड पूछकर शुरू होती है, और इंस्टाग्राम स्टोरी से पकती है। हमारे नायक पप्पू और नायिका गुड़िया की दास्तान भी ऐसी ही है। पप्पू ने गुड़िया को पहली बार क्लास में देखा। पहले प्रेम वहीं हो गया। फर्क बस इतना था कि परसाई जी के ज़माने में प्रेम, कम से कम किताब के पन्नों की आड़ में किया जाता था। आजकल प्रेम सीधे मोबाइल स्क्रीन पर फलता-फूलता है। किताब गायब, लेकिन रिचार्ज पचास रुपये का ज़रूर हमेशा तैयार। पप्पू ने सोचा -प्रेम क्या है?- एक ईएमआई योजना है। पहले फ्री कॉल, फिर डाटा पैक, और अंत में गले पर उधारी का फंदा। प्रेम ने पप्पू को साहित्य से ज़्यादा नेटवर्क टॉवरों का महत्व समझा दिया। रोमियो-जूलियट दीवार फांदते थे, यहाँ जियो का नेट बंद हो गया तो आधी प्रेमकथा वहीं अधर में लटक जाती है। पप्पू तय कर चुका थाः वह गुड़िया को प्रपोज़ नहीं करेगा, बल्कि उसे 'फ्रेंड रिक्वेस्ट' भेजेगा। क्योंकि इस जमाने में प्रेम का पहला पड़ाव गुलाब का फूल नहीं, बल्कि 'ऐड फ्रेंड' बटन है।अब प्रेम में जोखिम पहले जैसा नहीं रहा। पहले प्रेमी जुलूस की तरह पकड़े जाते थे - मोहल्ले में हंगामा, पंचायत की मीटिंग, और चप्पलों की बरसात। आज प्रेमी को सिर्फ लास्ट सीन 10:45 पीएम की मार झेलनी पड़ती है। पप्पू ने जैसे ही मेसेज भेजा, गुड़िया ने सीन कर दिया और रिप्लाई नहीं दिया। पुराने जमाने का प्रेमी ऐसा होता था कि प्रणय निवेदन कर के गाँव छोड़ देता -'हाँ' या 'ना' का क्लाइमेक्स बाद में ही पता चलता। पप्पू बेचारा अभी भी ऑनलाइन रहकर टकटकी लगाए था। सवाल यह था कि प्रेम 'नीति' बनेगा या फिर 'ड्राफ्ट मैसेज' बनकर रह जाएगा। गुड़िया ने सोचा, जवाब दूँ या नहीं दूँ? क्योंकि अगर जल्दी जवाब दे दिया तो लगेगा कि मैं आसानी से पट गई। और अगर देर करूँ, तो लड़का और बेचैन होगा। ये बेचैनी ही तो आजकल प्रेम का असली ब्याज है। प्रेम में इज़हार का सोना अब नहीं रहा, बल्कि 'डबल टिक ब्लू' ने उसकी जगह ले ली है। अब 'आई लव यू' से ज़्यादा असरदार वाक्य है-"तुम ऑनलाइन क्यों नहीं आए?" प्रेम का लोकतंत्र देखिए। पहले प्रेम जाति-बंधन और समाज की खाई में फँसकर दम तोड़ता था। अब यह 'मोबाइल डेटा' और 'नेट पैक' में फँसता है। जब तक पैक है, तब तक प्रेम महान। जैसे ही डेटा खत्म, वैसे ही भावनाएँ भी खत्म। पप्पू ने सोचा कि गुड़िया शायद उसे परीक्षा पास करने का शॉर्टकट समझ रही है। गुड़िया भी सोच रही थी कि पप्पू का प्रेम उतना ही ईमानदार है जितना चुनावी वादा। बीस साल में कश्मीर समस्या हल करेंगे और मैं तुम्हें चाँद ला दूँगा - दोनों एक ही श्रेणी के आश्वासन हैं। इधर पप्पू दिल की बातें लिखकर 'ड्राफ्ट्स' में सेव करता रहा, उधर गुड़िया स्टेटस पर मोटिवेशनल कोट्स डालकर माहौल बनाती रही। दोनों की बातचीत 'कॉपी-पेस्ट साहित्य' के इर्द-गिर्द घूमती रही। इस प्रेमकथा में अद्भुत बात यह थी कि कोई दर्द नहीं था, केवल नेट पैक रीचार्ज का ज़िक्र था। पप्पू ने एक दिन सोचा कि अब तो सीधे 'प्रपोज़ल' कर देना चाहिए। लेकिन आधुनिक प्रेम का सिद्धांत है-पहले 'फिल्टर'।

# धरती का प्रहरी: गैंडे के अस्तित्व की आख़िरी पुकार


आरके जैन

सदियों से धरती पर अपनी शांत किंतु प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज कराने वाला गैंडा आज अपने अस्तित्व के लिए निर्णायक संघर्ष कर रहा है। विश्व गैंडा दिवस केवल इस संकटग्रस्त प्रजाति को बचाने का आह्वान नहीं, बल्कि उस प्राचीन परंपरा को संजोने का अवसर भी है, जो प्रकृति और मानव के सहअस्तित्व व सामंजस्य का प्रतीक रही है। गैंडे का विशाल, दृढ़ शरीर और शांत स्वभाव हमें सिखाता है कि सच्ची शक्ति विनम्रता और संतुलन में निहित होती है। किंतु आज, उनकी कहानी जंगलों की सीमाओं से आगे बढ़कर मानव समाज की नैतिकता, लालच और भविष्य के प्रति जवाबदेही तक पहुंच चुकी है। यह दिन हमें आत्मचिंतन का अवसर देता हैः क्या हम वास्तव में उस धरती की रक्षा कर पा रहे हैं, जहां गैंडे जैसे प्राणी लाखों वर्षों से विचरण करते आए हैं?

गैंडे का महत्व केवल उनकी भौतिक उपस्थिति तक सीमित नहीं। वे पारिस्थितिकी तंत्र के अपरिहार्य कर्णधार हैं। अफ्रीका के सवाना घास के मैदानों से लेकर भारत और नेपाल के दलदली जंगलों तक, गैंडे अपने भोजन और विचरण से पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। उनकी चराई से घास के मैदानों में नई वनस्पति को पनपने का अवसर मिलता है, जो छोटे जीवों और पक्षियों के लिए आश्रय व भोजन का स्रोत बनता है। उदाहरण के लिए, अफ्रीका में सफेद गैंडे की चराई से घास के छोटे-छोटे टुकड़े बनते हैं, जो छोटे स्तनधारियों और कीटों के लिए जीवनदायी हैं। इसी तरह, भारत के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में एक-सींग वाला गैंडा दलदली क्षेत्रों में जल के गड्ढे बनाता है, जो बरसात में अन्य प्रजातियों के लिए जल स्रोत बनते हैं। गैंडा महज एक प्राणी नहीं, बल्कि एक पारिस्थितिक इंजीनियर है, जो प्रकृति के जटिल ताने-बाने को सुदृढ़ करता है।

गैंडे की कहानी इतिहास और संस्कृति में भी गहरे रची-बसी है। प्राचीन भारत में इसे शक्ति और स्थायित्व का प्रतीक माना जाता था। अजंता-एलोरा की चित्रकारी से लेकर अफ्रीकी लोककथाओं तक, गैंडा मानव कल्पना को निरंतर प्रेरित करता रहा है। 1515 में पुर्तगाली नाविकों द्वारा यूरोप लाए गए गैंडे से प्रेरित अल्ब्रेक्ट ड्यूरर का चित्र, जो बिना गैंडे को देखे बनाया गया, सदियों तक यूरोप में गैंडे की छवि बना रहा। यह घटना दर्शाती है कि गैंडा केवल एक जीव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की कला, कहानियों और संस्कृति का अभिन्न अंग है। आज भी, कई अफ्रीकी जनजातियाँ गैंडे को पृथ्वी का रक्षक मानती हैं, जो हमें प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी की स्मृति दिलाता है।

गैंडे का सांस्कृतिक और पारिस्थितिक महत्व अतुलनीय है, फिर भी इसका भविष्य आज गहरे संकट में है। अवैध शिकार और सींग की बेतुकी मांग ने इस प्रजाति को विलुप्ति के कगार पर धकेल दिया है। गैंडे का सींग-महज केराटिन से बना, जैसा हमारे नाखून और बाल-एशिया के कुछ हिस्सों में औषधीय गुणों का भ्रामक प्रतीक बना हुआ है, जबकि वैज्ञानिक रूप से इसका कोई आधार नहीं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, 2010 से 2020 के बीच अफ्रीका में करीब 10,000 गैंडे अवैध शिकार का शिकार बने। दक्षिण अफ्रीका, जो विश्व के 80% गैंडों का घर है, वहाँ 2024 में ही 500 से अधिक गैंडों को मार डाला गया। ये आँकड़े केवल एक प्रजाति की त्रासदी नहीं, बल्कि मानव लालच और अंधविश्वास की भयावह सच्चाई उजागर करते हैं। काले बाजार में एक किलोग्राम गैंडे के सींग की कीमत 60,000 डॉलर तक पहुँचती है—सोने से भी महँगा। यह क्रूर विडंबना है कि जिस प्राणी ने लाखों वर्षों तक प्रकृति के साथ सामंजस्य कायम रखा, वह आज मानव मूर्खता का शिकार हो रहा है।

विश्व गैंडा दिवस केवल एक प्रतीकात्मक उत्सव नहीं, बल्कि एक सशक्त जागृति का आह्वान है। यह हमें हमारी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करने को बाध्य करता है। गैंडों की रक्षा के लिए कठोर कानून और संरक्षण क्षेत्र पर्याप्त नहीं; हमें सामाजिक और सांस्कृतिक क्रांति की आवश्यकता है। एशिया में गैंडे के सींग की मांग को कम करने के लिए वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं। साथ ही, स्थानीय समुदायों को संरक्षण का हिस्सा बनाना अनिवार्य है। भारत के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में स्थानीय लोगों को गाइड और संरक्षक के रूप में प्रशिक्षित किया गया, जिससे गैंडों की सुरक्षा तो बढ़ी ही, स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सशक्त हुई। नामीबिया का कम्युनिटी कंजर्वेंसी मॉडल इसका एक और प्रेरक उदाहरण है, जहाँ स्थानीय लोग गैंडों की रक्षा में सक्रिय भागीदार हैं और पर्यटन से होने वाली आय का हिस्सा पाते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल गैंडों को बचाता है, बल्कि मानव और प्रकृति के बीच एक नए, सार्थक रिश्ते की नींव रखता है। गैंडे की विविध प्रजातियाँ हमें प्रेरणा और चेतावनी दोनों देती हैं।

# 'नवरात्रि स्पेशल'

## डांडिया नाइट्स के लिए यूं सजें



नवरात्रि और डांडिया नाइट्स में फैशन का असली मजा तभी आता है, जब आपका आऊटफिट कलरफुल, ट्रैडिशनल और डांस - फ्रैंडली हो । इस दौरान लोग अपने आऊटफिट्स के माध्यम से पारंपरिकता और आधुनिकता का सुंदर मिश्रण पेश करते हैं। आज हम आपको कुछ बैस्ट डांडिया आऊटफिट डिजाइन्स और स्टाइलिंग टिप्स बताने जा रहे 1 हैं, जो इस नवरात्रि आपके लुक की शान बढ़ा सकते हैं।

### कुर्ती और प्लाजो सेट

हल्के कपड़े और चमकीले रंगों वाली कुर्ती डांडिया के लिए परफैक्ट रहती है। इसमें ब्राइट और कॉन्ट्रास्टिंग रंग जैसे रैड + गोल्ड, पर्पल + सिल्वर चुनें या कढ़ाई वाली कुर्ती के साथ फ्लेयरिंग प्लाजो ही बैस्ट रहता है। हैवी चूड़ियां और । झुमके इस लुक को कम्प्लीट करेंगे।

### फैशन अनारकली सूट

फ्लेयर्ड अनारकली सूट डांडिया डांस के लिए आरामदायक और आकर्षक लुक देता है। इसके साथ भारी झुमके, बैंगल्स और मिरर ज्वैलरी चुनें।

**कॉटन या बनारसी लहंगा**

स्पेशल शेड्स जैसे पीच, मिंट ग्रीन, लैवेंडर के कॉटन या बनारसी लहंगों की शान ही निराली होती है। ये देखने में भले ही साधारण हों लेकिन इनके स्टाइलिश, हल्की कढ़ाई या जरी बॉर्डर चमक बढ़ाने का काम करते हैं। रियल ज्वैलरी या मिनिमल गोल्ड सैट से इसे एलीगेंट बनाएं।

### चमकीले रंगों वाले लहंगा-चोली

इस दौरान रंग-बिरंगे और मिरर वर्क या कढ़ाई वाले लहंगों का ट्रैंड सबसे ज्यादा रहता है। लड़कियां रॉयल ब्लू, हॉट पिंक, वाइब्रेंट ऑरेंज, ब्राइट यैलो जैसे कलर बेहद पसंद करती हैं। इसके साथ हल्की फुलकारी वाला दुपट्टा या नैट दुपट्टा कैरी करें।

### ब्राइट साड़ियां

हल्की वर्क और चमकीले रंगों की साड़ियां भी ग्रेसफुल लुक के लिए बेहतरीन रहती हैं। इसके साथ लोव बन्स, साइड ब्रेड्स या खुले लहराते बालों को स्टाइल कर सकती हैं। पारंपरिक जूती या सैंडल्स ऐसे चुनें, जो डांस के दौरान आरामदायक हों।


### सिक्कों और दर्पण वर्क वाला घाघरा

इसमें मल्टीकलर या गोल्ड + रॉयल ब्लू कॉम्बिनेशन शानदार लगता है। फुल फ्लेयर घाघरा और टॉप पर मिरर वर्क जैसे लहंगे आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे। बालों में फूल या पारंपरिक ज्वैलरी से ट्रैडिशनल टच दें।

### फ्यूजन स्टाइल गाऊन + दुपट्टा

मॉडर्न गाऊन के साथ पारंपरिक टच देने के लिए दुपट्टा कैरी कर सकती हैं। हाई हील्स और क्लच बैग से आप अपनी लुक को ग्लैमरस बना सकती हैं।





# कक्षा 11 और 12 के पाठ्यक्रम में शामिल होगा स्किल आधारित शिक्षा, केंद्रीय मंत्री प्रधान ने किया एलान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को यहां आईआईटी मद्रास में आयोजित दक्षिणपथ समिट 2025 में घोषणा की कि सरकार कक्षा 11 और 12 के पाठ्यक्रम में स्किल आधारित शिक्षा शामिल करने की योजना पर काम कर रही है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 की सिफारिशों के अनुरूप की जा रही है।

धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि शिक्षा की परंपरागत प्रणाली केवल सर्टिफिकेट और डिग्री पर केंद्रित थी, जबकि अब छात्रों को योग्य और सक्षम बनाने की जरूरत है। उन्होंने बताया, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा है कि हमें डिग्री और सर्टिफिकेशन दोनों चाहिए, लेकिन साथ ही छात्रों को




सक्षम भी बनाना होगा।"

**आधिकारिक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल**

प्रधान ने बताया कि उनकी मंत्रालय कक्षा 6 से ही स्किल आधारित शिक्षा को शामिल करने पर काम कर रहा है। पहले यह शिक्षा वैकल्पिक थी, लेकिन अब इसे आधिकारिक विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने NEP 2020 की एक मुख्य सिफारिश को उद्धृत करते हुए कहा, "स्किल आधारित शिक्षा के माध्यम से हम छात्रों को न केवल अकादमिक ज्ञान देंगे, बल्कि उन्हें व्यावहारिक और व्यावसायिक क्षमता से भी लैस करेंगे।"

इस पहल से छात्रों में व्यावहारिक कौशल, समस्या सुलझाने की क्षमता और उद्योग-आधारित दक्षताएं विकसित करने में मदद मिलेगी, जिससे उनका करियर और रोजगार की संभावनाएं बेहतर होंगी। सरकार का यह कदम शिक्षा प्रणाली में गहन सुधार और छात्रों को कौशलयुक्त, सक्षम और भविष्य के लिए तैयार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# कभी मंजिल से पीछे भी रह जाएं तो हताश न हों खुद के प्रति रहें उदार, सीख है सफलता का रास्ता

अक्सर ज्यादा मेहनती, महत्वाकांक्षी या पूर्णता की तलाश में रहने वाले लोग खुद के प्रत्ति सख्त बने रहना ही सफलता का आधार मानते हैं, जबकि सच इसके विपरीत है। शोध बताते हैं कि लगातार ऐसा करना शरीर को वैसे ही तनाव में डालता है, जैसे कोई वास्तविक खतरा सामने हो। इससे कॉर्टिसोल नामक हार्मोन बढ़ता है और सेहत बिगड़ती है।

इसके विपरीत, आत्म-करुणा यानी खुद के प्रति दयालु दृष्टि रखना, बर्नआउट से बचाते हुए इन्सान को मजबूत बनाती है। असल मायने में यह अपनी कमियों को स्वीकारने और गलतियों को इन्सानी फितरत का हिस्सा मानने की कला है। सबसे खास बात यह है कि आप कुछ सरल तरीकों के जरिये आत्म-करुणा को बेहद आसानी से सीख और अपना सकते हैं।

**सकारात्मक बदलाव**

तनाव जीवन का स्वाभाविक हिस्सा है। यह आपको सतर्क रखता है और रोजमर्रा के कामों में मदद करता है। हालांकि, लंबे समय तक बने रहने पर वही तनाव मानसिक और शारीरिक बीमारियों में बदल सकता है। इससे बचने का रास्ता है अपने शरीर के पैरासिम्मेधेटिक सिस्टम को सक्रिय करना।

तंत्रिका तंत्र का पा हिस्सा तब सक्रिय होता है, जब आप सुरक्षा, सुकून और साहजाता महसूस करते हैं। यहीं पर आत्म-करुणा की ताकत काम आती है। इससे न केवल मन को सुकून मिलता है,



बल्कि शरीर में सकारात्मक बदलाव भी आते हैं

**सोचने का नजरिया**

कई लोग डरते हैं कि आत्म-करुणा उन्हें स्वार्थी बना देगी या जिम्मेदारी से दूर कर देगी, जबकि ऐसा नाहीं है। जब आप खुद के प्रति दयालु भाव रखते हैं, तो दूसरों के लिए भी उपलब्ध रहते हैं, बेहतर ढंग से मुश्किलों का सामना करते हैं और फीडबैक को स्वीकार करके असफलताओं से जल्दी उबरते हैं।

आत्म-करुणा सिखाती है कि में अच्छा नहीं हूं कहने की बजाय 'यह कठिन था, अगली बार मैं क्या सीख सकता है?' सीचना ज्यादा बेहतर है। जब आप अपनी कमियों को देखते हैं, तभी दूसरों की कमियों के प्रति भी नरम रुख रख पाते हैं।

**जिम्मेदारी की ताकत**

अक्सर लोगों की यह धारणा रहती है कि खुद के प्रति दयालुता दिखाना उन्हें आलसी या महत्वाकांक्षा रहित बना सकती है, जबकि शोध के परिणाम इसका उल्टा साबित करते हैं। जो लोग आत्म-करुणा अपनाते हैं, वे अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाते हैं, असफलता के बाद दोबारा कोशिश करते हैं, टालमटोल कम करते हैं और सोच-समझकर फैसले लेते हैं। वहीं शर्म और नकारात्मक आत्म-छवि भले ही थोड़े समय के लिए प्रदर्शन बढ़ा दे, लेकिन लंबे वक्त तक प्रेरणा बनाए नहीं रख पाती।

**दबाव में सोचने की क्षमता**

'मैं बेकार हूं' या 'मुझे ऐसा नहीं महसूस करना चाहिए' कहने के बजाय सोचें कि 'यह कठिन है' या 'मैं अकेला नहीं हूं, सब ऐसा महसूस करते हैं। यह भी पूछें कि 'अब मैं अगला कदम क्या उठा सकता हूं?' ऐसे छोटे बदलाव दबाव में भी सोच को स्पष्ट रखते हैं।

# क्या है H-1B वीजा? अब भारतीयों का अमेरिका में जॉब का सपना होगा महंगा, देखें पांच हाई-पेइंग नौकरियां

भारत में आईटी और मैनेजमेंट के क्षेत्र में काम कर रहे ज्यादातर प्रोफेशनल्स का सपना अमेरिका जाकर नौकरी करने का होता है। वजह भी साफ है- बड़ी टेक कंपनियों में काम करने का मौका, इंटरनेशनल एक्सपोजर और हाई पैकेज। हर साल हजारों भारतीय H-1B वीजा के सहारे अमेरिका पहुंचते हैं और करोड़ों रुपये तक की सैलरी पाते हैं।

लेकिन अब स्थिति बदल रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में H-1B वीजा की फीस एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपये) बढ़ाने का आदेश दिया है। इसका सीधा असर अमेरिकी कंपनियों और विदेशी प्रोफेशनल्स दोनों पर पड़ेगा। अब कंपनियों के लिए किसी नए H-1B वर्कर को हायर करना और महंगा हो जाएगा।

**अमेरिका में नौकरी के लिए जरूरी डिग्री और स्किल्स**

ज्यादातर H-1B नौकरियों के लिए कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस, इंजीनियरिंग या STEM फील्ड में बैचलर डिग्री जरूरी है।

प्रोजेक्ट्स, इंटर्नशिप और ओपन सोर्स योगदान आपकी प्रोफाइल को मजबूत बनाते हैं।

डेटा साइंस/AI/ML जैसी फील्ड्स में मास्टर डिग्री या सर्टिफिकेशन (जैसे Deep Learning, AI specialization) से फायदा मिलता है।

मैनेजमेंट रोल्स के लिए लीडरशिप, टीम मैनेजमेंट और कम्युनिकेशन स्किल्स अहम होते हैं।

**इस कदम से भारतीय कैसे होंगे सबसे ज्यादा प्रभावित?**

अमेरिका के इस कदम से वहां रहने वाले भारतीय सर्वाधिक प्रभावित होंगे। इस बदलाव से अमेरिका में भारतीय आईटी इंजीनियरों की नौकरियों पर खतरा आएगा। वित्त वर्ष 2023-24 तक दो लाख से ज्यादा भारतीयों ने एच1-बी वीजा हासिल किया था। भारत पिछले साल एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी था। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 से 2023 के बीच स्वीकृत वीजा में 73.7 फीसदी वीजा भारतीयों को मिले थे। चीन 16 फीसदी के साथ दूसरे स्थान पर था। कनाडा 3% के साथ तीसरे स्थान पर, उसके बाद ताइवान (1.3%), दक्षिण कोरिया (1.3%), मैक्सिको (1.2%) और नेपाल, ब्राजील, पाकिस्तान और फिलीपींस (सभी 0.8%) हैं।

**अमेरिका में भारतीयों के लिए टॉप 5 H-1B वीजा नौकरियां**

* सॉफ्टवेयर इंजीनियर/डेवलपमेंट इंजीनियर 90 लाख – 1.30 करोड़ रुपये
* कंप्यूटर साइंस/सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग डिग्री, प्रोग्रामिंग स्किल्स 20-45 लाख रुपये
* डेटा साइंटिस्ट/ML इंजीनियर 90 लाख – 1.50 करोड़ रुपये
* डेटा साइंस, स्टैटिस्टिक्स, AI/ML में बैचलर/मास्टर डिग्री 10-25 लाख रुपये
* प्रोडक्ट मैनेजर 1 – 1.70 करोड़ रुपये+
*बिजनेस/टेक/मार्केटिंग डिग्री, प्रोडक्ट अनुभव 10 लाख – 1 करोड़ रुपये
*सॉफ्टवेयर आर्किटेक्ट/सीनियर इंजीनियर 1.30 – 2.20 करोड़ रुपये+
*सिस्टम डिजाइन, आर्किटेक्चर और टीम लीडरशिप 70 लाख – 1.5 करोड़ रुपये
* इंजीनियरिंग मैनेजर/टेक लीड 1.20 – 2 करोड़ रुपये+
*टेक स्किल्स + टीम मैनेजमेंट और प्रोजेक्ट डिलीवरी अनुभव 50 लाख – 1 करोड़ रुपये+

# 12वीं पास के लिए नौकरी का मौका, स्टेनो के 432 पदों पर भर्ती

बिहार में सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। बिहार कर्मचारी चयन आयोग (BSSC) 2025 की ओर से स्टेनोग्राफर/स्टेनो टाइपिस्ट ग्रेड-III पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए कुल 432 पदों पर उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 25 सितंबर 2025 से शुरू होगी और आवेदन भरने की अंतिम तिथि 5 नवंबर 2025 तय की गई है। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 3 नवंबर 2025 है। इच्छुक उम्मीदवार BSSC की आधिकारिक वेबसाइट bssc.bihar.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

**शैक्षणिक योग्यता**

उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं (इंटरमीडिएट) या समकक्ष योग्यता होनी चाहिए। इसके अलावा हिन्दी और अंग्रेजी में शॉर्टहैंड, टाइपिंग और कंप्यूटर में दक्षता आवश्यक है।

**आयु सीमा**

उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 37 वर्ष निर्धारित की गई है। आयु की गणना 1 अगस्त 2025 को आधार मानकर की जाएगी। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

परीक्षा विवरण

बिहार कर्मचारी चयन आयोग (BSSC) स्टेनोग्राफर भर्ती 2025 के लिए 40 हजार से अधिक आवेदनों के मिलने पर प्रारंभिक परीक्षा



आयोजित की जाएगी। अगर आवेदन और भी अधिक हुए तो यह परीक्षा एक से अधिक चरणों में आयोजित की जा सकती है। विभिन्न चरणों में परीक्षा आयोजित होने की स्थिति में परिणाम नॉर्मलाइजेशन प्रक्रिया के तहत जारी किए जाएंगे।

**परीक्षा पैटर्न**

परीक्षा पैटर्न के अनुसार, लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ और बहुविकल्पीय प्रकार की होगी। कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे, प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक और प्रत्येक गलत उत्तर पर 1 अंक की कटौती की जाएगी। परीक्षा की अवधि 2 घंटे 15 मिनट होगी और भाषा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी होगा। यदि हिन्दी और अंग्रेजी प्रश्नपत्रों में कोई भिन्नता होगी, तो अंग्रेजी प्रश्नपत्र ही मान्य माना जाएगा।

लिखित परीक्षा के आधार पर, उपलब्ध रिक्तियों के पांच गुणा संख्या के बराबर अभ्यर्थियों का चयन स्किल टेस्ट के लिए किया जाएगा। यदि किसी उम्मीदवारों को समान अंक प्राप्त होते हैं, तो जन्म तिथि के आधार पर अधिक उम्र वाले उम्मीदवार को मेरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा।

**लिखित परीक्षा में न्यूनतम अंक**

इस भर्ती में लिखित परीक्षा के लिए न्यूनतम अंक वर्गवार निर्धारित किए गए हैं। अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्वालिफाइंग मार्क्स 40 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग के लिए 36.5 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के लिए 34 प्रतिशत, अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 32 प्रतिशत, महिला वर्ग के लिए 32 प्रतिशत और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए 32 प्रतिशत तय किए गए हैं।

**आवेदन शुल्क**

बिहार एसएससी स्टेनोग्राफर भर्ती 2025 के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को 100 रुपये का आवेदन शुल्क देना होगा। आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यमों से कर सकते हैं।

**कैसे करें आवेदन**

BSSC की आधिकारिक वेबसाइट bssc.bihar.gov.in पर जाएं।

होमपेज पर दिए गए आवेदन लिंक पर क्लिक करें।

अपना रजिस्ट्रेशन करें।

लॉगिन करके एप्लीकेशन फॉर्म भरें।

फॉर्म चेक करें और आवेदन शुल्क जमा करें।

फॉर्म डाउनलोड करें और भविष्य के लिए प्रिंटआउट निकाल लें।

# पढ़ना और सुनना एक-दूसरे के पूरक हैं, जानिए कैसे किताबें और ऑडियो मिलकर बढ़ाते हैं ज्ञान और समझ

अपनी आंखें बंद कीजिए और सोचिए कि कुछ सौ वर्षों बाद दुनिया कैसी होगी? शायद तब तक इन्सान आकाशगंगाओं के यात्री बन चुके होंगे? हम स्पेसशिप्स या ग्रहों पर रहते हों अथवा समुद्र की गहराइयों में बसे शहरों में जीवन बिता रहे होंगे। अब कल्पना करें कि उस भविष्य के एक युवा का कमरा कैसा होगा? दीवार पर बड़ी-सी स्क्रीन, खिड़की से बाहर दिखते शनि के छल्ले, ग्रहों की रोशनी या महासागर का दृश्य, लेकिन क्या उस युवा के कमरे में कोई किताब होगी? शायद नहीं।

अब आंखें खोलिए और देखिए, आप पाएंगे कि आपके आसपास कोई न कोई किताब जरूर होगी। जरा सोचिए कि आज की डिजिटल दुनिया में, जहां आप सुनकर सब कुछ जान सकते हैं, तो फिर किताबों की अहमियत क्या है? शोध के अनुसार दिमाग बोली व लिखी भाषा को अलग-अलग तरीके से प्रोसेस करता है। किताब पढ़ना ज्ञान को गहराई, कल्पनाशक्ति व विचारों का विस्तार करता है, जबकि सुनना



जानकारी की समझ बढ़ाता है।

**दिमाग को जानना जरूरी**

दिमाग की सुनने और पढ़ने की प्रक्रियाएं अलग-अलग होती हैं। पढ़ते समय मस्तिष्क अक्षरों के आकार पहचानता है, उन्हें ध्वनियों और अर्थों से जोड़ता है, वाक्यों व पूरे पाठ में अर्थ को पिरोता है।

विराम चिह्न और अनुच्छेद जैसी दृश्य संरचनाएं समझ को आसान बनाती हैं और आप अपनी गति से पढ़ सकते हैं। सुनते समय, मस्तिष्क को बोलने वाले की गति के साथ चलना पड़ता है। चूंकि, बोली ध्वनियों की धारा होती है, इसलिए दिमाग को तुरंत शब्दों की सीमाएं पहचानकर अर्थ, स्वर, पहचान और संदर्भ से जोड़ना पड़ता है।

**कौन-सा जरिया सही?**

कई छात्रों को लगता है कि सुनकर पढ़ाई करना किताबों से पढ़ने की तुलना में आसान है, लेकिन असलियत कुछ और है। शोध बताते हैं कि जब विषय कठिन या नया हो, तो उसे सुनना पढ़ने से ज्यादा कठिन होता है। साधारण कहानियां या फिक्शन के मामले में सुनना व पढ़ना लगभग समान हैं, लेकिन तथ्य, विचार और कॉन्सेप्ट आधारित पाठ दिमाग के अलग-अलग हिस्सों को सक्रिय करते हैं। पढ़ाई का सबसे बड़ा लाभ यह है कि आप किसी भी हिस्से को दोबारा पढ़ सकते हैं, हाइलाइट कर सकते हैं और नोट्स बना सकते हैं, जबकि सुनते समय यह सब करना थोड़ा कठिन होता है। छात्रों के लिए बेहतर है कि पढ़ाई में किताबों को प्राथमिकता दें और ऑडियो का उपयोग केवल सपोर्टिंग टूल की तरह करें।

**सीखने का खास तरीका**

सुनते वक्त लोग अक्सर मल्टीटास्किंग करते हैं-जैसे व्यायाम करना, खाना बनाना या इंटरनेट चलाना आदि, जो पढ़ते समय संभव नहीं है। शोध में पाया गया कि जो छात्र पॉडकास्ट सुनते हुए अन्य काम करते हैं, आम तौर पर उनकी समझ और क्विज स्कोर पढ़ने वालों से कम होती है। दरअसल, सुनते वक्त ध्यान की जरूरत पढ़ने से कहीं अधिक होती है। सीखने का सही तरीका यही है कि दोनों को समझदारी से मिलाकर उपयोग किया जाए।

# रामदास अठावले बोले- नवरात्रि गरबा पर वीएचपी का फरमान हिंसा को न्योता, सरकार से की अपील



मुंबई, 21 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने रविवार को विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के उस बयान की कड़ी आलोचना की, जिसमें गरबा कार्यक्रमों में केवल हिंदुओं को ही प्रवेश देने की बात कही गई थी। रामदास अठावले ने कहा कि यह निर्देश हिंसा को बढ़ावा देने जैसा है। नवरात्रि 22 सितंबर से 1 अक्तूबर तक मनाई जाएगी। वीएचपी ने आयोजकों से कहा है कि गैर-हिंदुओं की एंट्री रोकी जाए और पहचान के लिए आधार कार्ड चेक किया जाए, ताकि लव जिहाद की घटनाओं को रोका जा सके। रामदास अठावले ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'वीएचपी कौन होती है यह तय करने वाली कि गरबा में कौन जाएगा और कौन नहीं? यह सलाह कट्टरपंथी तत्वों को हिंसा भड़काने का खुला न्योता है। अगर नवरात्रि के दौरान कहीं भी झगड़े या धार्मिक तनाव होते हैं तो इसकी पूरी जिम्मेदारी वीएचपी और उससे जुड़े संगठनों की होगी।' उन्होंने कहा कि यह कदम भारत की एकता, विविधता और धार्मिक सहिष्णुता पर सीधा हमला है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 25 सभी को समानता और धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देते हैं। केंद्रीय मंत्री ने सरकार और प्रशासन से अपील की कि नवरात्रि के दौरान किसी भी तरह के जबरन पहचान जांच या भेदभाव को रोका जाए और सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा, 'नवरात्रि का असली सार भागीदारी और शांति में है, न कि किसी को बाहर करने में।'

# पंजाब की महिलाओं के लिए खुशखबरी

### बैंक अकाउंट में आएंगे 1100 रुपये,सीएम मान ने किया एलान

चंडीगढ़, 21 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार महिलाओं के लिए बड़ा तोहफा लेकर आ रही है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने महिलाओं को लेकर बड़ा एलान किया है। यह एलान पंजाब की महिलाओं को हर महीने 1100 रुपये की आर्थिक मदद को लेकर किया गया है। सीएम मान ने घोषणा की है कि अगले साल से महिलाओं को हर महीने 1100 रुपये मिलने लगेंगे। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में महिलाओं को हर महीने 1100 रुपये दिए जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगले साल 2026 के बजट में पारित होने के बाद प्रदेश की महिलाओं को सरकार के वादे के अनुसार 1100 रुपये मिलने शुरू हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि आप सरकार सूबे में रोडवेज की बसों में महिलाओं के लिए सफर मुफ्त किया है। 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान भगवंत मान ने घोषणा की थी कि महिलाओं को बसों में मुफ्त सफर के साथ हर महीने 1100 रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। सीएम भगवंत मान ने स्पष्ट किया कि आप सरकार इस योजना को लागू करने के लिए गंभीरता से काम कर रही है। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सरकार की प्राथमिकता है और समय आ गया है कि सरकार महिलाओं से किए इस वादे को जल्द पूरा करेगी। प्रदेश में 18 साल से अधिक उम्र की करीब एक करोड़ महिलाएं हैं। आम आदमी पार्टी ने 2022 में सत्ता में आने से पहले प्रदेश की एक करोड़ महिलाओं से हर महीने एक हजार रुपये आर्थिक मदद देने की घोषणा की थी। शुरुआत में सरकार ने 18 साल से ज्यादा उम्र की महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह वजीफा देने का वादा किया था। हालांकि जब लोगों ने योजना को लागू करने में देरी के बारे में सवाल उठाए, तो इसे लॉन्च करने के बजाय सीएम मान ने मई 2024 में घोषणा की कि राशि बढ़ाकर 1100 रुपये प्रति माह कर दी जाएगी। इस बार के बजट से ये उम्मीद जताई जा रही थी कि महिलाओं को एक हजार रुपये के एलान पर अमल किया जाएगा। दरअसल हिमाचल प्रदेश सरकार ने महिलाओं की आर्थिक मदद की घोषणा कर दी है। इसके अलावा पड़ोसी राज्य हरियाणा ने महिलाओं की मदद के लिए फंड बना दिया है।

### गरबों में एंट्री से कपड़ों तक बजरंग दल की गाइडलाइन मुस्लिम महिला पार्षद का वीडियो भी आया सामने

इंदौर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। इंदौर में नवरात्रि महोत्सव बड़े स्तर पर मनाया जाता है। कई बड़े पंडालों और आयोजनों को देखने के लिए दूर-दूर से लोग इंदौर आते हैं। कई बड़ी इवेंट मैनेजमेंट कंपनियां भी इसके लिए कई महीने पहले से ही तैयारियां करने लगती हैं। इस बार नवरात्रि शुरू होने से पहले ही कई तरह के विवाद सामने आ रहे हैं।

सबसे पहले मुस्लिम महिला पार्षद ने मुस्लिम समाज के लिए एक वीडियो जारी किया और अब बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने गरबे के लिए एक गाइडलाइन जारी कर दी है। भाजपा पार्षद मनीष मामा ने कहा है कि मुस्लिम लड़के गरबे में अकेले आएं तो उन्हें शरीयत की सजा दी जाएगी। वहीं गरबे में बालिकाओं से फीस वसूलने के मामले में विधायक रमेश मेंदोला और समर्थकों का भी विवाद सामने आया है।

मुस्लिम महिला पार्षद रूबीना खान ने एक वीडियो जारी किया है और कहा है कि मुस्लिम समाज के लड़कों को गरबा देखने के लिए नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी संगठन यदि मुस्लिम समाज के बालकों के साथ में मारपीट करेगा तो यह न तो उनके माता-पिता को अच्छा लगेगा न ही उनके समाज के लोगों को। इसलिए वे उस जगह नहीं जाएं जहां पर उन्हें नहीं जाना चाहिए।

# ईवीएम हैकिंग पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का बयान वायरल, केजरीवाल बोले-ये क्या कह रही हैं

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार वोट चोरी को लेकर मुद्दा उठा रहे हैं। वो चुनाव आयोग और बीजेपी पर वोट चोरी को लेकर आरोप लगा रहे हैं। इसी बीच राहुल गांधी की तरफ से ईवीएम हैक को लेकर उठाए गए सवालों पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से सवाल पूछा गया। इस सवाल पर रेखा गुप्ता ने जो जवाब दिया वो अब वायरल हो गया है। साथ ही दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने रेखा गुप्ता के बयान को अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, ये क्या कह रही हैं।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता से सवाल पूछा गया कि राहुल गांधी कहते हैं कि आप ईवीएम हैक कर लेती हैं? ईवीएम हैक करने की वजह से ही बीजेपी-एबीवीपी जीत रही है। चुनाव आयोग हर जगह आपके साथ है इसीलिए आप जीत हासिल कर रहे हैं। इस सवाल पर जवाब देते हुए सीएम ने कहा, 70 साल से वो ईवीएम हैक कर रहे थे, तो कुछ नहीं हो रहा था। हमने कर लिया तो बुरा लग गया। यह सही है मामला।

**ईवीएम को लेकर दिया बयान**

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, मतलब वो अगर जीते तो जनता का आदेश और हम जीत गए



तो ईवीएम हैक। यह फॉर्मूला कौन सी किताब में लिखा है? राहुल गांधी ने यह पढ़ाई कहां से की है। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, देश की भोली-भाली जनता को गुमराह करने के अलावा राहुल गांधी को और कुछ आता है। राहुल गांधी ने कहा था कि वोट चोरी के खिलाफ जेन-जेड आवाज उठाएंगे। इस सवाल पर रेखा गुप्ता ने कहा, अभी दिल्ली यूनिवर्सिटी के चुनाव में पता चल गया कि जेन-जेड किसके साथ है।

**राहुल गांधी पर साधा निशाना**

सीएम रेखा गुप्ता ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा, कांग्रेस ने लगातार देश को लूटा। साथ ही उन्होंने कहा, देश की जनता मोदी जी के साथ है। साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा, केजरीवाल सिर्फ मीडिया में दिखते हैं। सीएम रेखा गुप्ता के ईवीएम को लेकर दिए इस बयान को आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शेयर किया है। केजरीवाल ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर वीडियो पोस्ट करते हुए कहा, दिल्ली की सीएम ये क्या कह रही हैं।

**वोट चोरी पर राहुल का हमला**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार वोटचोरी पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने पहले वोट चोरी को लेकर एटम बम गिराने की बात की। इसी के बाद अब उन्होंने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के समापन पर कहा था कि वो वोट चोरी को लेकर हाइड्रोजन बम गिराएंगे। हाल ही में राहुल गांधी ने दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने वोट कटने का आरोप लगाया। राहुल गांधी का आरोप है कि साजिश के तहत ऑनलाइन वोट बड़े पैमाने पर काटे जा रहे हैं। इसमें वो लोग ज्यादा शिकार हो रहे हैं, जो सामान्य दशा में विपक्ष को वोट देते आए हैं। इसी के साथ कांग्रेस इससे पहले लगातार ईवीएम को लेकर निशाना साधती रही है और इसके हैक होना का दावा करती रही है।

# यासीन मलिक पर पीडीपी की चिट्ठी के बाद बोले सीएम उमर अब्दुल्ला

### 'राजनीति न हो, अदालत पर छोड़ें फैसला'



जम्मू, 21 सितंबर (एजेंसियां)। कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) अध्यक्ष यासीन मलिक के मामले को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि यह मामला पूरी तरह अदालत पर छोड़ देना चाहिए। उमर ने जोर देकर कहा कि मलिक ने हथियार डालने के बाद बातचीत का रास्ता चुना और हमेशा बातचीत के पक्षधर रहे हैं। यह बयान ऐसे समय आया है जब पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर यासीन मलिक के खिलाफ मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की मांग की है। महबूबा का कहना है कि मलिक ने हिंसा छोड़कर लोकतांत्रिक तरीके से राजनीति करने का रास्ता चुना है। उमर अब्दुल्ला ने कहा, राजनीति करने की कोई जरूरत नहीं है। चाहे उनकी राजनीतिक विचारधारा कुछ भी हो, मैं बस इतना जानता हूं कि उन्होंने चाहे जैसे भी शुरुआत की हो, उन्होंने हथियार डाल दिए और शांति का रास्ता अपनाया। उन्होंने बातचीत के जरिए मुद्दों को सुलझाने की कोशिश की और हमेशा बातचीत के पक्षधर रहे। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने आगे कहा कि अदालतों को स्वतंत्र रूप से फैसला करने देना चाहिए।

उन्होंने कहा, अदालती फैसले अदालतों पर छोड़ देने चाहिए। अदालतों पर राजनीतिक दबाव डालना अच्छी बात नहीं है। यासीन मलिक फिलहाल आतंक वित्तपोषण के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। उन्हें फरवरी 2019 में गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा उन पर कई और मामले भी चल रहे हैं, जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद के अपहरण और 1990 में रावलपोरा में भारतीय वायुसेना कर्मियों पर हमले का केस शामिल है।

# पीएम मोदी को गाली देने वाले मामले में तेजस्वी और राजद विधायक पर एफआईआर



पटना, 21 सितंबर (एजेंसियां)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की वैशाली में बिहार अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां को गाली देने के मामले में सियासी घमासान बढ़ता ही जा रहा है। पहले भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला।

अब तेजस्वी यादव और महुआ के राजद विधायक मुकेश कुमार रोशन के खिलाफ पटना के गांधी मैदान थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। यह शिकायत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कृष्ण सिंह कल्लू ने दर्ज कराई है। आरोप है कि तेजस्वी यादव की 'बिहार अधिकार यात्रा' के दौरान आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत माता को अशोभनीय और आपत्तिजनक गालियां दी गईं। साथ ही आरएसएस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गई। कृष्ण सिंह कल्लू ने कहा कि यह न सिर्फ एक घोर निंदनीय कृत्य है, बल्कि बिहार की सभ्यता और लोकतांत्रिक मूल्यों का भी अपमान है।

उन्होंने मांग की है कि दोषियों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के इन आरोपों पर राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता चितरंजन गगन ने कहा कि तेजस्वी जी की 'बिहार अधिकार यात्रा' को मिले अभूतपूर्व समर्थन से भाजपा काफी घबरा गई है। यात्रा में तेजस्वी द्वारा जिन मुद्दों को उठाया जा रहा है, भाजपा और उसके सहयोगी उन मुद्दों पर कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। इसलिए, ध्यान भटकाने के लिए भाजपा द्वारा प्रयोजित तरीके से कुचक्र और प्रपंच किया जाता रहा है। बिहार की जनता इसे समझ चुकी है।

# पिछले 10 सालों की आपदाओं से हजारों लोगों की मौत, देवभूमि में हुआ भारी नुकसान



देहरादून, 21 सितंबर (एजेंसियां)। उत्तराखंड में पिछले 10 सालों से प्राकृतिक आपदाओं का एक बड़ा दौर जारी है जो साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है। इसकी गवाही राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के आंकड़े दे रहे हैं। इन आंकड़ों के अनुसार, साल 2015 से लेकर 20 सितंबर 2025 तक उत्तराखंड में कुल 27,197 आपदा से संबंधित घटनाएं प्रदेश में हुई हैं। इन घटनाओं में अब तक कुल 3839 लोगों ने जान गंवाई है, जबकि 6,207 लोग घायल हुए हैं। वहीं 312 लोग अभी तक लापता हैं। आंकड़ों के मुताबिक, आपदा से संबंधित सबसे अधिक घटनाएं क्लाउड बर्स्ट या फिर फ्लैश फ्लड की हुई हैं जिनकी संख्या 14,237 रही है। वहीं 5830 घटनाएं लैंडस्लाइड की हुई हैं। पहाड़ी राज्य की बदलती भौगोलिक परिस्थितियों और बदलते जलवायु पैटर्न ने इन आपदाओं की तीव्रता को और बढ़ा दिया है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2015 में जहां आपदाओं की कुल संख्या 224 रही, वहीं 2018 में यह बढ़कर 5056 पहुंच गई और इसी साल क्लाउडबर्स्ट और बाढ़ की 3706 घटनाएं दर्ज की गई थीं।

वहीं, इसी दौरान सैकड़ों लोग भी मारे गए और हजारों लोग इस आपदा से प्रभावित हुए। बताया गया कि वर्तमान में वर्ष 2025, 20 सितंबर तक की अगर बात करें, तो अब तक 1199 प्राकृतिक आपदा की हो चुकी हैं। इनमें से 700 घटनाएं क्लाउडबर्स्ट और बाढ़ की हैं, जबकि 1034 भूस्खलन से संबंधित मामले दर्ज किए गए हैं। इस साल तक 260 लोग इन आपदाओं के कारण मारे जा चुके हैं, जबकि 566 लोग घायल हो चुके हैं। 96 लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

### 'हिंदुओं को बांटने की कोशिश कर रही हैं सीएम', भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी का ममता बनर्जी पर आरोप




कोलकाता, 21 सितंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। इसके लिए सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी तेज कर दी है। आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति भी अपने चरम पर है। इसी बीच पश्चिम बंगाल में विपक्ष और भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी हिंदुओं के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि वो हिंदुओं को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। वो कभी मुसलमानों से यह नहीं कहतीं कि तुम उर्दू बोलते हो या बंगाली। भाजपा नेता ने आगे कहा कि मुसलमानों में भी भाषा को लेकर विविधता है। लेकिन हिंदुओं को वो बंटती हैं कभी बंगाली हिंदू, कभी बिहारी हिंदू, कभी गुजराती हिंदू कहकर। वह मुसलमानों को एकजुट करती हैं और हिंदुओं को बांटती हैं। लेकिन इस बार हिंदू गुमराह नहीं होंगे। यह बयान अधिकारी ने पूर्व मेदिनीपुर जिले में महालया के अवसर पर दिया। महालया के मौके पर वहां 1000 से अधिक महिलाओं ने शंखनाद कर देवी पक्ष की शुरुआत का स्वागत किया। बता दें कि महालया पितृ पक्ष के अंतिम दिन मनाया जाता है, जब लोग अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि देते हैं।

इस दिन को विशेष रूप से अमावस्या के रूप में मनाया जाता है, जो पितरों के लिए पूजा और तर्पण का दिन होता है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता सहित कई जगहों पर श्रद्धालुओं ने गंगा नदी में स्नान कर अपने पूर्वजों के लिए प्रार्थना की। यह माना जाता है कि महालया अमावस्या पर पितरों की पूजा करने से उनके आत्मा को शांति मिलती है और वे अपने परिवार को आशीर्वाद देते हैं। महालया के दिन से ही देवी दुर्गा के आगमन की शुरुआत मानी जाती है। मान्यता है कि इस दिन देवी दुर्गा हिमालय से अपने मायके आती हैं। इसके बाद दुर्गा पूजा का पर्व शुरू होता है, जिसकी चरम उत्सव सप्तमी से लेकर दशमी तक चलता है।

### गर्लफ्रेंड से फोन पर बात करते हुए चला रहा था कार, डीटीसी के 6 कर्मचारियों को रौंदा

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां एक कार चालक ने बस स्टैंड के पास खड़े दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के टिकट चेकिंग स्टाफ के छह सदस्यों को टक्कर मार दी। कार की स्पीड बहुत तेज थी। टक्कर मारने के बाद कार बस स्टैंड में जा घुसी और बस स्टैंड का ढांचा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में सभी छह लोग घायल हैं, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। दोनों घायलों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना द्वारका सेक्टर-21 स्थित अंडरपास के पास की बताई जा रही है। कार चालक अपनी प्रेमिका से फोन पर बात कर रहा था। उसी दौरान उसने डीटीसी के टिकट चेकिंग स्टाफ के छह सदस्यों को टक्कर मारी। हादसे की सूचना मिलते ही द्वारका सेक्टर-23 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद तुरंत घायलों को पास के अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने चार लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया, जबकि बाकी दो की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि डीटीसी के टिकट चेकिंग स्टाफ के छह सदस्य ड्यूटी पर थे। सभी की शुक्रवार को यात्रियों की टिकट जांच के लिए विभिन्न बस स्टॉप पर तैनाती थी। टिकट चेकिंग स्टाफ के छह सदस्य सेक्टर-21 स्थित अंडरपास के पास खड़े होकर बसों को जांच रहे थे।

# मात्र 200 रुपये में गरीब महिला बनीं करोड़पति, 8 हीरे लगे हाथ



पन्ना, 21 सितंबर (एजेंसियां)। पन्ना की तमन्ना है कि हीरा मुझे मिल जाए।।। जी हां, मध्य प्रदेश के पन्ना के हर शख्स की यही मुराद होती है। ऐसा होता भी है। रातों-रात पन्ना की धरती किसी को भी रंक से राजा बना देती है। बीते दिन भी यहां की धरती ने मजदूर महिला की किस्मत बदली दी।

दरअसल, मध्य प्रदेश के पन्ना में मजदूरी करने वाली एक महिला को एक सप्ताह के भीतर आठ बेशकीमती हीरे मिले हैं, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये है। मजदूर महिला रचना गोलदार बड़गड़ी गांव की रहने वाली है। रचना को एक सप्ताह में आठ हीरे हाथ लगे हैं, जिसका कुल वजन 2.153 कैरेट है और इनमें छह उच्च गुणवत्ता वाले हैं। हीरा पारखी अनुपम सिंह ने बताया कि इन आठ हीरों में से छह नग जेम्स क्वालिटी के हैं। उन्होंने कहा, 'इनमें सबसे बड़े हीरे का वजन 0.79 कैरेट है। इसके अलावा दो हीरे का रंग धूमिल है।' सिंह ने बताया कि इन सभी हीरों को महिला ने हीरा कार्यालय में जमा कर दिया है और इन्हें आगामी नीलामी में रखा जाएगा। गोलदार ने खदान क्षेत्र हजारा मुद्दा में पट्टा लिया था और खुदाई के दौरान उसे यह हीरे मिले हैं। पन्ना में खदान तो कई लोगों के पास है पर हीरा हर किसी के हाथ नहीं लगता। कुछ लोग तो कई साल से खदान का पट्टा लेकर हीरा खोज रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें नहीं मिला। गोलदार के तीन बच्चे हैं। उनके दो बेटे निजी कंपनी में नौकरी करते हैं, जबकि उनकी बेटी की शादी हो चुकी है।

उन्होंने उम्मीद जताई है कि नीलामी से मिलने वाले रुपयों से उनकी आर्थिक स्थिति सुधारेगी। पन्ना में आठ मीटर लंबाई और चौड़ाई वाली हीरा खदान 200 रुपये प्रति वर्ष के मान से शुल्क देकर ली जा सकती है। यह खदान एक जनवरी से 31 दिसंबर तक मान्य होती है। यहां हर तीन महीने में हीरों की नीलामी होती है, जिसमें देश भर के हीरा व्यापारी शामिल होते हैं। हीरे की कीमत वजन, कट, रंग और पारदर्शिता पर तय होती है। सरकार नीलामी की अंतिम कीमत से 12 प्रतिशत काटती है, जिसमें 11 प्रतिशत रॉयल्टी और एक प्रतिशत टीडीएस शामिल है। शेष रकम हीरा खोजने वाले को दी जाती है।

# गुजरात में 6 घंटे के अंदर दो बार आया भूकंप




कच्छ, 21 सितंबर (एजेंसियां)। गुजरात के कच्छ जिले में रविवार को दो बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) ने बताया कि रविवार दोपहर आए भूकंप की तीव्रता 3.1 मैग्नीट्यूड आंकी गई। आईएसआर ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में बताया कि भूकंप के झटके दोपहर 12:41 बजे महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र भचाऊ से लगभग 12 किलोमीटर उत्तर-पूर्व (एनएनई) में था।

आईएसआर के अपडेट में बताया गया है कि इससे पहले सुबह लगभग 6:41 बजे 2.6 तीव्रता का भूकंप भी इसी जिले में दर्ज किया गया था और इसका केंद्र धोलावीरा से 24 किलोमीटर पूर्व-दक्षिण-पूर्व (ईएसई) में स्थित था। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि जान-माल के किसी नुकसान की खबर नहीं है। कच्छ जिला अत्यधिक जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र में स्थित है, जहां कम तीव्रता के भूकंप नियमित रूप से आते रहते हैं। कच्छ में 2001 का भूकंप पिछली दो शताब्दियों में भारत का तीसरा सबसे बड़ा और दूसरा सबसे विनाशकारी भूकंप था। बड़ी संख्या में शहर और गांव लगभग पूरी तरह से नष्ट हो गए, लगभग 13,800 लोग मारे गए और 1.67 लाख घायल हो गए। बांग्लादेश में रविवार को चार तीव्रता का भूकंप आने के बाद इसके झटके मेघालय में भी महसूस किए गए।

अधिकारियों ने बताया कि बांग्लादेश से लगती मेघालय की सीमा के पास भारतीय समयानुसार दोपहर 11.49 बजे भूकंप महसूस किया गया। उन्होंने कहा कि मेघालय में किसी भी तरह के नुकसान या किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। एक सप्ताह पहले असम, मणिपुर सहित कई राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इससे कई जगहों पर नुकसान भी हुआ था। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मदद का आश्वासन भी दिया था।

### पराली जलाने पर 5 हजार रुपये से लेकर 30 हजार रुपये तक जुर्माना, दर्ज होगी एफआईआर

पलवल, 21 सितंबर (एजेंसियां)। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट व राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण(एनजीटी) के निर्देशानुसार सरकार पराली जलाने वाले किसानों पर सख्त है। उन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला में पराली जलाने की घटनाओं की प्रभावी रूप से मॉनिटरिंग करते हुए पूर्ण रूप से विराम लगाएं, जिसके लिए अधिकारी तैयारियों में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि पराली जलाने पर सख्त कार्रवाई का प्रावधान है, जिसके तहत 5 हजार रुपये से लेकर 30 हजार रुपये तक जुर्माना, एफआईआर दर्ज करवाई जा सकती है तथा अगले दो वर्षों तक एमएसपी पर फसल बेचने पर रोक लग सकती है। उपायुक्त डा। हरीश कुमार वशिष्ठ शुक्रवार को पराली प्रबंधन बारे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि जिला में पराली जलाने से संबंधित कोई घटना नहीं होनी चाहिए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही व लापरवाही सहन नहीं की जाएगी तथा कोताही व लापरवाही करने वाले संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कहीं भी कोई किसान पराली जलाता है तो उसे ऐसा करने से रोकें और उन्हें पराली जलाने से होने वाले नुकसान से अवगत कराएं।

# गैंगवार: दिशा पाटनी के घर फायरिंग कर डॉन बनने की कोशिश

बरेली, 21 सितंबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। तारीख 12 सितंबर, 2025, वक्त रात के 3:36 बजे, जगह यूपी का बरेली शहर। सफेद बाइक पर सवार दो लड़के ऊंची दीवारों वाले एक घर के सामने से गुजरे। कुछ सेकेंड बाद उसी घर के पास वापस आए। बाइक पर पीछे बैठा लड़का उतरा, पिस्टल निकाली और घर पर 11 राउंड फायरिंग की। ये सब सिर्फ 30 सेकेंड में हुआ। जिस घर पर फायरिंग की गई, वह बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी का है। एक फेसबुक पोस्ट पर दावा किया गया कि फायरिंग गैंगस्टर गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने कराई है।

ठीक इसी तरह 14 अप्रैल, 2024 को मुंबई के बांद्रा में सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट पर फायरिंग कराई गई थी। इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा तब लॉरेंस गैंग में थे। लॉरेंस के भाई अनमोल से झगड़े के बाद दोनों ने गैंग छोड़ दी।

दिशा पाटनी के घर फायरिंग की वजह बताई गई कि उनकी बहन खुशबू पाटनी ने कथावाचक अनिरुद्धाचार्य और प्रेमानंद महाराज का अपमान किया है। यूपी एसटीएफ के अधिकारियों ने दावा किया कि फायरिंग की असली वजह किसी का अपमान नहीं है, बल्कि लॉरेंस गैंग की तरह बॉलीवुड में दहशत बनाने की कोशिश है। इसके अलावा गोल्डी बराड़ यूपी में नेटवर्क बनाना चाहता है। अब सवाल है कि क्या लॉरेंस और गोल्डी बराड़-रोहित गोदारा के बीच गैंगवार होने वाला है।

**दोनों घटनाओं में एक जैसा पैटर्न, लेकिन गैंग अलग**

सलमान खान के घर पर बाइक से आए दो लड़कों ने फायरिंग की थी। फायरिंग सुबह 4 बजकर 51 मिनट पर की गई। पुलिस ने दावा किया कि इसके लिए लॉरेंस गैंग ने नए बदमाशों को ऑनलाइन हायर किया था। उन्हें ट्रेनिंग दी और पिस्टल थमा दी। दिशा पाटनी के घर पर इसी तरह दो बार गोलियां चलाई गईं। 11 सितंबर की सुबह करीब 4 बजे दो लड़के बाइक से आए और एक गोली चलाकर भाग गए। इसकी बहुत चर्चा नहीं हुई, इसलिए 12 सितंबर को दो शूटर दोबारा आए।

दोनों बार फायरिंग का पैटर्न बिल्कुल लॉरेंस गैंग जैसा था। गोल्डी बराड़-रोहित गोदारा लॉरेंस से भले अलग हो गए, लेकिन उनके काम करने का तरीका लॉरेंस की तरह ही है। यूपी STF के एक सीनियर अधिकारी कहते हैं कि दिशा पाटनी के घर फायरिंग के पीछे बड़े मकसद हैं।

बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम का वर्चस्व खत्म होने के बाद लॉरेंस गैंग ने उसकी जगह लेने की कोशिश शुरू कर दी। इसी वजह से उसने सलमान खान के घर पर फायरिंग कराई थी। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के मर्डर के पीछे भी यही वजह मानी गई। बाबा सिद्दीकी के बॉलीवुड सितारों से अच्छे रिश्ते थे। अब यही काम गोल्डी बराड़-रोहित गोदारा करना चाहते हैं।







लॉरेंस गैंग हिंदू धर्म और सनातन की बातें करके कम उम्र के लड़कों को गैंग से जोड़ता है। उसी पैटर्न पर गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा भी धर्मगुरुओं के अपमान और सनातन की बातें करके नए लड़कों को नेटवर्क से जोड़ रहे हैं। राज्य में माफिया अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी का नेटवर्क खत्म हो गया है। बड़े माफिया या तो अंडरग्राउंड हैं या जेल में हैं। रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़ का नेटवर्क पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में फैला है। यूपी में अब तक ये नेटवर्क एक्टिव नहीं था। पहली बार उन्होंने यूपी में धाक जमाने के लिए ताबड़तोड़ फायरिंग कराई है।

रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ का नेटवर्क बड़े कारोबारियों को धमकी देकर लाखों-करोड़ों की उगाही करने की फिराक में है। सोर्स बताते हैं कि उन्होंने बड़े टारगेट तय किए हैं। चर्चा में आने के लिए उन्होंने दिशा पाटनी को टारगेट किया।

कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के लिव इन रिलेशनशिप पर कही गई बात पर दिशा पाटनी की बहन खुशबू ने सवाल उठाया था। फायरिंग के बाद रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के नाम से की गई पोस्ट में लिखा है कि खुशबू और दिशा पाटनी के बरेली वाले घर पर हमने फायरिंग करवाई है। इसने हमारे पूज्य संत प्रेमानंद जी महाराज और अनिरुद्धाचार्य जी महाराज का अपमान किया था।

एसटीएफ के अधिकारी बताते हैं, 'पोस्ट में प्रेमानंद जी महाराज और अनिरुद्धाचार्य का नाम है। हाल में प्रेमानंद जी महाराज पर भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल यादव ने भी विवादित बयान दिया था। अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ एक न्यूज एंकर ने विरोध जताया था। कुछ नेताओं ने भी टिप्पणी की थी, लेकिन टारगेट कौन बना, एक्ट्रेस दिशा पाटनी का घर।' पोस्ट के आखिर में फिल्म कलाकारों का जिक्र है। फायरिंग के जरिए वही मैसेज दिया गया, जैसे सलमान खान के घर पर फायरिंग से दिया था। जांच में इस बात की पुष्टि हो रही है कि गैंगस्टर सनातन और संतों का नाम इस्तेमाल कर रहे हैं।

यूपी STF के एएसपी राज कुमार मिश्रा बताते हैं, 'दिशा पाटनी के घर पर सबसे पहले 11 सितंबर की देर रात करीब 4 बजे फायरिंग की गई थी। ये फायरिंग शूटर नकुल और विजय ने की थी। दोनों बाइक से आए, एक गोली चलाई और फरार हो गए। इसका पता न दिशा के घरवालों को चला, न पुलिस को कोई जानकारी मिली।

इसके बाद अगले दिन 12 सितंबर को रविंद्र और अरुण फायरिंग करने पहुंचे। रविंद्र ने फायरिंग की। इसका वीडियो सामने आने के बाद मामला मीडिया में आ गया। इसके बाद रोहित गोदारा गैंग ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी जिम्मेदारी ली।

11 सितंबर को दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले नकुल और विजय का ये पहला क्राइम था। इसके जरिए उन्हें रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़ने का मौका दिया गया। बदले में सिर्फ तीन हजार रुपए और कुछ देर के लिए पिस्टल दी गई।

STF सोर्स के मुताबिक, दोनों 10 सितंबर की सुबह बरेली पहुंचे थे। इनके साथ शूटर अरुण और रविंद्र भी बरेली आए थे। रविंद्र और अरुण को यूपी STF ने 17 सितंबर को गाजियाबाद के ट्रोनिका सिटी एरिया में मार गिराया। उनके पास ग्लॉक और जिगाना पिस्टल मिलीं। 10 सितंबर को नकुल, विजय और अरुण तीनों दिशा पाटनी के घर के पास हिंद गेस्ट हाउस में रुके थे। अरुण और रविंद्र सीधे कॉन्टैक्ट में रहते थे। रविंद्र सिग्नल एप के जरिए रोहित गोदारा के संपर्क में था। रविंद्र को फायरिंग से 3-4 दिन पहले ही रोहित गोदारा नेटवर्क से दो पिस्टल मिली थीं। दोनों पिस्टल की कीमत करीब 15 लाख रुपए है।

बड़ा काम मिलने पर रोहित गोदारा नेटवर्क ये पिस्टल कुछ दिन के लिए देता है। काम होते ही इन्हें वापस ले लेता है। रविंद्र ने एक पिस्टल नकुल और विजय को दी थी। ये दोनों गैंग में नए शामिल हुए थे। इन्हें पहले कुछ जगहों पर पत्थर फेंकने का टास्क दिया गया। फिर फायरिंग कराई गई। इसके बाद दिशा पाटनी के घर फायरिंग करने का पहला बड़ा टास्क दिया गया।

रोहित गोदारा गैंग दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग के बाद क्या करने वाला था, इसका जवाब यूपी एसटीएफ और दूसरी जांच एजेंसियों को शूटर्स के बीच हुई चैट और कॉल इंटरसेप्ट करके मिला। इससे साफ हुआ है कि गैंग दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग कर रविंद्र का नाम चर्चा में लाना चाहता था।

रविंद्र काला जठेड़ी गैंग से जुड़ा था। काला जठेड़ी के जरिए रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ के नेटवर्क में आया। लॉरेंस गैंग ऑपरेट कर रहा था, तब उसका नाम मर्डर और रंगदारी में आया था। गैंगस्टर के तौर पर उसका नाम इतना बड़ा नहीं था कि वो किसी को धमकी देकर उगाही कर सके।

दिशा पाटनी के घर पर 11 राउंड फायरिंग करके उसने गोल्डी और रोहित गोदारा गैंग के सामने साबित किया कि अब वो यूपी में नेटवर्क संभाल सकता है। सोर्स बताते हैं कि उसके जरिए गैंग किसी बड़े कारोबारी या सेलिब्रेटी को टारगेट करने वाला था। इसकी भनक लगते ही यूपी एसएफटी को ये नेटवर्क खत्म करने की जिम्मेदारी दी गई। इसके बाद एसटीएफ ने गैंगस्टर रविंद्र और अरुण का एनकाउंटर कर दिया। दिशा पाटनी के घर पर हुई फायरिंग में जिगाना पिस्टल का इस्तेमाल हुआ। इसकी एक खेप तीन साल पहले नेपाल से भारत लाई गई थी। ये पिस्टल लॉरेंस गैंग के लिए थीं। इन्हें अलग-अलग गैंगस्टर ने या तो खरीद लिया या किराए पर लेकर इस्तेमाल कर रहे हैं।

सोर्स बताते हैं कि गोल्डी बराड़ और लॉरेंस के भाई अनमोल के बीच पैसों के लेनदेन का विवाद हो गया था। हालांकि, विवाद की शुरुआत नवंबर 2023 में अमेरिका में अनमोल की गिरफ्तारी से हुई। उस पर फर्जी साइन कर यात्रा करने का आरोप था। कहा गया कि गोल्डी बराड़ ने अनमोल की मदद नहीं की। बाद में अनमोल को रिहा कर दिया गया। इसके बाद गोल्डी बराड़ ने 17 जून को 2 मिनट 40 सेकेंड का ऑडियो जारी कर लॉरेंस से अलग होने की बात कही थी।

## आज से लागू होगा नया जीएसटी ढांचा
## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बोले- किसानों को होगा सीधा फायदा



रायपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में 22 सितंबर से लागू हो रहे जीएसटी 2.0 को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि इसका सीधा असर आम लोगों, उद्योगों और किसानों पर दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अब जीएसटी के स्लैब घटकर केवल दो रह गए हैं – 5% और 18%। पहले 28% वाला स्लैब पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है और इसे घटाकर 18% कर दिया गया है। इस तरह कुल 10 प्रतिशत की कटौती हुई है।

उन्होंने कहा कि इस सुधार से उद्योग और व्यापार जगत को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, कृषि उपकरण और कीटनाशकों की कीमतें कम होंगी, जिससे किसानों की लागत घटेगी और उन्हें सीधा लाभ मिलेगा।

मीडिया से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि मुकाबला रोमांचक रहेगा, लेकिन जीत भारत की होगी।

## झारखंड में 26 सितंबर तक भारी बारिश का अलर्ट
### कई जिलों में 'येलो' चेतावनी जारी

रांची, 21 सितंबर (एजेंसियां)। झारखंड में 26 सितंबर तक भारी बारिश होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में एक ताजा निम्न दबाव क्षेत्र बनने से यह स्थिति बनी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और पूर्वी सिंहभूम सहित कई जिलों के लिए 'येलो' अलर्ट जारी किया गया है।

आईएमडी ने कहा कि इस अवधि के दौरान राज्य में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने के साथ बारिश हो सकती है।विभाग ने बताया कि अगले तीन दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जाएगी।

रविवार सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में गिरिडीह जिले के पलगंज में राज्य में सबसे अधिक 70 मिमी बारिश हुई। इसके बाद नंदादीह में 65.6 मिमी और कोनर में 54.4 मिमी बारिश दर्ज की गई। जमशेदपुर में राज्य का सबसे अधिक तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि लातेहार में सबसे कम 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आईएमडी के अनुसार, इस मानसून सीजन में राज्य में 18 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। 1 जून से अब तक राज्य में 1,140 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि सामान्य बारिश 962.4 मिमी होती है।

### ट्रंप के एच-1बी फैसले पर राहुल गांधी के पोस्ट को लेकर
## छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम विजय शर्मा का पलटवार



रायपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच-1बी वीज़ा शुल्क बढ़ाकर 1 लाख डॉलर करने के फैसले के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर सरकार की आलोचना की। इस पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तीखा जवाब दिया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन बार मुख्यमंत्री और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके हैं। फिर भी राहुल गांधी ऐसी बातें कहते हैं, तो बेहतर होगा कि वे खुद का आत्मविश्लेषण करें और आईने के सामने खड़े होकर बोलें।

इसी बीच डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने जीएसटी सुधारों पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव सोमवार से लागू हो जाएंगे, जिसमें 90% वस्तुओं को 5% और 18% के नए स्लैब में रखा गया है। पहले का 28% स्लैब खत्म कर दिया गया है, जिससे उपभोक्ताओं और उद्योग जगत दोनों को लाभ होगा।

## कोंडागांव जिले में कबड्डी मैच के दौरान बिजली की चपेट में आकर तीन दर्शकों की मौत

जगदलपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। कोंडागांव जिले के केशकाल विधानसभा क्षेत्र के विश्रामपुरी थाना अंतर्गत ग्राम रावसवाही में कबड्डी मैच के दौरान दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां हाई वोल्टेज करंट की चपेट में 6 लोग आ गए। जिनमें से तीन लोगों की मौत हो गई है और तीन झुलस गए। दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रहा है। झुलसे लोगों का विश्रामपुरी अस्पताल में उपचार जारी है।

विश्रामपुरी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। एक मृतक के भाई ने पूरी घटना के लिए आयोजन समिति को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, जिला पंचायत सदस्य राम चरण शोरी ने सरकार से तीनों मृतकों व दोनों घायलों को सरकार से मुआवजा देने की मांग की है।

जहां रात्रिकालीन कबड्डी मैच के दौरान वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हुए थे। तभी एकाएक मौसम ने करवट बदली और तेज आंधी तूफान चलने लगा। चूंकि कार्यक्रम का टेंट 11 केवी बिजली सप्लाई के ठीक सामने लगा था। ऐसे में जब आंधी तूफान चली तो टेंट जाकर 11 केवी बिजली तार से जा टकराया।

हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने पर झुलसे छह युवकों को तत्काल निजी वाहन में विश्रामपुरी अस्पताल लगाया गया। जहां डॉक्टरों ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं 2 लोंगो की स्थिति गंभीर है। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं एक युवक को हल्की चोट आई है। फिलहाल घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है।

सतीशकुमार पिता रतन नेताम 24 साल गरांजीडीही निवासी, श्याम नेताम पिता घसियाराम 25 साल पांडे पारा निवासी, सुनील शोरी पिता घनपत उम्र 25 साल बांसकोट निवासी

शिवम दास पिता भारत दास 16 वर्ष बांसकोट निवासी, सुविलाल मरकाम पिता वादेराम मरकाम उम्र 25 वर्ष रावसवाही निवासी की हालात गंभीर है।

तीन की मौत तीन घायल

एएसपी कौशलेंद्र देव पटेल ने बताया कि यह घटना विश्रामपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रावस गाँव में हुई। गाँव के बच्चों ने कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया था और मैच के दौरान अचानक मौसम बदल गया, जिससे बिजली गिरी और आंधी आई। टेंट के ऊपर से गुजर रही 11 केवी की बिजली की लाइन टूट गई और टेंट में करंट दौड़ गया। तीन बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई और तीन बच्चे घायल हैं।

## रात के अंधेरे में मोहल्ले में आए 40-50 बदमाश, 50 राउंड से अधिक फायरिंग

रांची, 21 सितंबर (एजेंसियां)। रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र के मथुरा खटाल मोहल्ले में अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग की जिससे इलाके में दहशत फैल गई। घटना में कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और एक व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए पुलिस पर रंगदारी और धमकी देने के आरोप लगाए हैं।

जागरण संवाददाता, तुपुदाना। रांची के धुर्वा थाना क्षेत्र अंतर्गत मथुरा खटाल मोहल्ला गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा। रात लगभग 9:30 बजे 40–50 युवकों का एक उग्र समूह गाली-गलौज करते हुए मोहल्ले में घुसा और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी।

हमलावरों ने मोहल्ले में खड़े दोपहिया और चार पहिया वाहनों को निशाना बनाते हुए तोड़फोड़ की, जिससे दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के दौरान स्थानीय निवासी भयभीत होकर अपने घरों में दुबक गए। सूचना मिलते ही धुर्वा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के नवनियुक्त सिटी एसपी पारस राणा, हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा, जगन्नाथपुर इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह और धुर्वा इंस्पेक्टर बिमल किंडो सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया। हालांकि, तब तक आरोपित फरार हो चुके थे।

पुलिस ने आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। घटना के बाद मोहल्ले की महिलाएं और स्थानीय लोग धुर्वा थाना पहुंचे और आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

स्थानीय निवासियों ने थाना में लिखित आवेदन देकर सागर यादव उर्फ कारगिल, शमी सिंह, भीम यादव, करन, यश, हिमांशु, अमन चौहान, मनीष सिंह और विकास यादव को घटना में शामिल बताया है। बताया जा रहा है कि 50 से अधिक राउंड फायरिंग की गई।

फायरिंग की चपेट में आकर रोशन नामक युवक घायल हो गया, जिसे उंगली में गोली लगी है। उसकी बहन सोनल ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। आवेदन में संगठित अपराधियों के गिरोह द्वारा क्षेत्र में दहशत फैलाने, रंगदारी मांगने और सुनवाई की धमकी देने के आरोप लगाए गए हैं। धुर्वा क्षेत्र में इस गिरोह की गतिविधियों से लोग भयभीत हैं।

हटिया डीएसपी प्रमोद मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में संगठित अपराध की प्रवृत्ति को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## दहेज में ट्रैक्टर न मिलने पर दामाद ने ससुर को पीट-पीटकर मार डाला, देवघर में गिरफ्तार

दुमका, 21 सितंबर (एजेंसियां)। थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव के कदिया टोला में शुक्रवार को दहेज में ट्रैक्टर नहीं मिलने पर दामाद ने ससुर को पीट पीटकर घायल कर दिया।घायल को इलाज के लिए देवघर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां देर रात को उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित दामाद को गिरफ्तार कर लिया है।

शुक्रवार को गोविंदपुर गांव निवासी पिता रविन्द्र कापरी को पता चला कि उनकी बेटी बीमार है। वे बेटी से मिलने कदिया टोला आए। बातचीत के दौरान दोनों में विवाद हो गया और दामाद सुधीर यादव ने ससुर की बेरहमी से लाठी डंडे एवं पत्थर से पिटाई कर दी।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट भेजा। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद ससुर को देवघर रेफर कर दिया गया।

**ससुर से एक ट्रैक्टर की मांग**

देवघर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रविंद्र के पास अपने तीन ट्रैक्टर है। सुधीर अपने ससुर से एक ट्रैक्टर की मांग कर रहा था, लेकर ससुर ने देने से मना कर दिया। इस बात को लेकर अक्सर दोनों में विवाद होता रहता था।

शुक्रवार को रविन्द्र को पता चला कि बेटी को अपेंडिक्स हो गया है। इसके बाद वह बेटी से मिलने चला गया। रविन्द्र बेटी को बेहतर इलाज के लिए घर ले जाना चाहता था, लेकिन दामाद ने जिद पकड़ ली कि अगर ट्रैक्टर नहीं मिला तो वो अपनी पत्नी को ले जाने नहीं देगा। इसी विवाद में उसने ससुर पर जान लेवा हमला कर दिया।

थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि मृतक की पत्नी ने देवघर पुलिस को बयान दिया है। बयान के आधार पर मामला दर्ज किया जाएगा। आरोपित दामाद को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## चोरों का तांडव, तहसीलदार-पटवारी समेत 7 घरों के ताले तोड़े, नकदी-जेवरात लेकर हुए फरार

भाटापार, 21 सितंबर (एजेंसियां)। शहर के सबसे सुरक्षित और संवेदनशील माने जाने वाले क्षेत्र जे.डी. कॉलोनी में बीती रात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने तहसीलदार, पटवारी, राजस्व विभाग के बाबू और वाहन चालक समेत कुल सात घरों का ताला तोड़कर नगदी व जेवरात पर हाथ साफ किया।

गौरतलब है कि जेडी कॉलोनी में शासन के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी निवासरत हैं। वर्तमान में यहां एडिशनल एसपी, एसडीओपी, एसडीएम, तहसीलदार व अन्य अधिकारी रहते हैं। इसके बावजूद कॉलोनी में इस तरह से चोरी की घटना होना पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

घटना के बाद कॉलोनीवासियों और शहरवासियों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों का कहना है कि जब शासन-प्रशासन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम जनता की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है, लेकिन वारदात ने पूरे इलाके में दहशत और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है।

## हसदेव नदी को पार करते समय हाथी का बच्चा बहा, कोरबी के पास फंसा मिला शव

कोरबा, 21 सितंबर (एजेंसियां)। कोरबा के कटघोरा वन मंडल में घूम रहे हाथियों में से एक बच्चे का शव कोरबी के पास हसदेव नदी किनारे झाड़ी में फंसा हुआ मिला है। नदी को पार करते समय हाथी के बच्चे की बहने की संभावना जताई जा रही है। बच्चे की उम्र करीब एक सप्ताह है और शव को दो दिन पुराना माना जा रहा है।

हसदेव नदी में जलस्तर काफी ज्यादा बढ़ गया है जिसके चलते हाथी का बच्चा बह जाने की आशंका जताई जा रही है। हाथियों का झुंड आसपास ही विचरण कर रहा है। जो कभी भी वापस आ सकता है। रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हसदेव नदी के बहाव के साथ बहकर शव के आने की संभावना है।

उसकी मौत कैसे हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। जांच में नदी पार करते समय पानी में बहने से होना माना जा रहा है। एक सप्ताह पहले ही सखोदा में हथिनी ने बच्चों को जन्म दिया था। इसके बाद 27 हाथियों का झुंड आगे बढ़ गया था।

पसान रेंज के पनगंवा में 54 हाथी घूम रहे हैं। झुंड में बच्चे भी हैं।

हाथी हसदेव नदी को पारकर दूसरे क्षेत्र जाते हैं, लेकिन हाथी के बच्चे का शव केंदई रेंज के ओड़ार बहरा के पास बरामद किया है। बताया जा रहा है कि नदी में बहकर शव यहां आया है। हाथी यहां लंबे समय तक रुकते हैं। इस वजह से ग्रामीणों में दहशत है। ग्रामीणों का कहना है कि काफी समय से हाथी का झुंड इस क्षेत्र में विचरण कर रहा है।

ग्रामीणों के फसलों को भी बर्बाद कर रहा है, इसके अलावा लोगों में दहशत भी है।

कई बार इस क्षेत्र में हाथियों द्वारा मकान को भी नुकसान पहुंचाया गया है।



# जीएसटी की नई दरें आज से लागू

## सामान सस्ते होंगे :पनीर, घी, साबुन, शैंपू के साथ कार एसी की कीमतें घटीं ; क्या पुराना स्टॉक भी सस्ते में मिलेगा

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। जरूरत के सामानों पर 22 सितंबर से अब केवल दो स्लैब में जीएसटी लगेगा- 5% या 18%। सरकार ने टैक्स सिस्टम को आसान बनाने के लिए ऐसा किया है। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे पनीर, घी और साबुन-शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया था कि जीएसटी के 5%, 12%, 18% और 28% के स्लैब को घटाकर दो कर दिया है। अब सिर्फ 5% और 18% का स्लैब होगा। इसके अलावा, तंबाकू, पान मसाला, कार्बोनेटेड ड्रिंक और लग्जरी सामान जैसे बड़ी कारें, याट और पर्सनल इस्तेमाल के लिए विमान पर 40% का स्पेशल टैक्स लगेगा।

कुछ सामान जैसे छेना, पनीर, रोटी, चपाती, पराठा पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। तंबाकू को छोड़कर नई दरें सभी सामानों पर 22 सितंबर से लागू होंगी। इस बदलाव से साबुन-शैंपू जैसे डेली इस्तेमाल होने वाले सामान, खाने-पीने की चीजें, इलेक्ट्रॉनिक सामान और कारें सस्ती हो जाएंगी। लाइफ और हेल्थ इश्योरेंस पर लगने वाले 18% टैक्स को भी 0 कर दिया गया है। इनके अलावा सीमेंट पर टैक्स 28% से 18% हुआ, इससे घर बनाने या मरम्मत का खर्च कम होगा। टीवी, एसी जैसे सामान पर टैक्स 28% से घटकर 18% हो गया है। इससे ये सस्ते होंगे। 33 जरूरी दवाइयां, खासकर कैंसर और गंभीर बीमारियों की




दवाओं पर अब कोई टैक्स नहीं। छोटी कारें और 350cc तक की मोटरसाइकिलों पर अब 28% की जगह 18% टैक्स लगेगा। ऑटो पार्ट्स और थ्री-व्हीलर पर भी टैक्स 28% से 18% हुआ, जिससे ये सस्ते होंगे। सरकार ने कहा है कि पुराने स्टॉक पर भले ही एमआरपी ज्यादा हो, लेकिन ये सामान भी नए रेट के हिसाब से ही मिलेंगे। ग्राहकों को घटाई गई जीएसटी दरों का फायदा देना होगा। वहीं, दवाओं के लिए नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी ने 12 और 13 सितंबर के अपने आदेशों में कहा है कि- दवा बनाने और बेचने वाली सभी कंपनियों को दवाओं, फॉर्मुलेशन और मेडिकल डिवाइसेज की एमआरपी अपडेट करनी होगी। बदलाव के बाद रिवाइज प्राइस लिस्ट डीलर, रिटेलर, स्टेट ड्रग कंट्रोलर और सरकार को देना होगा, ताकि कस्टमर्स को दिखाई जा सके। अगर दुकानदार प्राइस कट का फायदा ग्राहकों को नहीं देता है तो इसकी शिकायत कर सकते हैं। दोषी दुकानदारों पर जुर्माना या जेल की सजा भी हो सकती है। नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन 1800-11-4000 पर शिकायत कर सकते हैं। सीबीआईसी की जीएसटी हेल्पलाइन 1800-1200-232 पर भी कॉल कर सकते हैं। नेशनल एंटी प्रॉफिटियरिंग अथॉरिटी की वेबसाइट पर शिकायत कर सकते हैं। वेबसाइट पर शिकायत में बिल की कॉपी, दुकानदार का नाम, पता देना होगा। जीएसटी बदलावों से कुछ सामान महंगे भी होंगे। शौक और विलासिता की चीजों के लिए 40% का नया स्लैब बना दिया गया है। इसमें पान मसाला, तम्बाकू जैसे प्रोडक्ट शामिल हैं। इनके अलावा कुछ कार और बाइक्स भी 40% टैक्स के दायरे में आएंगी। हालांकि ये गाड़ियां महंगी नहीं होंगी। पहले इनपर 28% जीएसटी के साथ 17% तक सेस लगता था। यानी, कुल टैक्स 45% था, जो घटकर 40% हो गया है। पेट्रोल गाड़ियां जो 1200 cc और 4 मीटर से ज्यादा लंबी हो उनपर 40% टैक्स लगेगा। डीजल गाड़ियां जो 1500 cc और 4 मीटर से ज्यादा लंबी हो उनपर भी 40% टैक्स लगेगा। मोटरसाइकिल जो 350 cc से ज्यादा हो वो भी इसी टैक्स के दायरे में आएंगी। जीएसटी 2.0 में लगभग 90% सामानों के दाम बदले हैं, लेकिन कुछ सामान ऐसे भी हैं जिनकी जीएसटी दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 0% स्लैब- ताजा फल-सब्जियां, दूध, खुला आटा, ब्रेड, रोटी, पराठा। ये पहले से ही जीरो रेटेड थे और अब भी वही हैं। 5% स्लैब- इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) जैसे इलेक्ट्रिक कारें। इनपर पहले भी 5% जीएसटी था अब भी यही रहेगा। 3% स्लैब- सोना, चांदी, हीरा और महंगे पत्थर। पहले जीएसटी 3% था, अब भी 3%। ये एक स्पेशल स्लैब है। 18% स्लैब- ज्यादातर इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स जो पहले से 18% में थे जैसे- मोबाइल फोन, लैपटॉप और कंप्यूटर। सिन और लग्जरी सामान- सिगरेट, तंबाकू उत्पाद (जैसे गुटखा, बीड़ी, पान मसाला) ये अभी भी 28% + कंपनसेशन सेस पर रहेंगे, जब तक कंपनसेशन लोन क्लियर न हो जाएं। बाद में 40% में शिफ्ट होंगे। होटल के कमरों की बुकिंग, ब्यूटी और सेहत से जुड़ी सर्विसेज पर जीएसटी 18% से कम करके 5% कर दिया गया है।

# आधार कार्ड के ये नियम हैं बहुत जरूरी भूलकर भी गलती की तो हो सकती है जेल!




नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)।आज के टाइम में आधार कार्ड हर किसी के लिए एक बहुत जरूरी पहचान बन गया है. चाहें बैंक का काम हो, मोबाइल सिम लेना हो, सरकारी योजना का फायदा उठाना हो या फिर स्कूल- कॉलेज में दाखिला लेना हो, हर जगह आधार कार्ड की जरूरत पड़ती है. इसलिए हर भारतीय के पास आधार कार्ड होना जरूरी है. इसे यूआईडीएआई यानी यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया जारी करती है. साथ ही यूआईडीएआई ने कुछ नियम बनाए हैं, जिन्हें हर किसी को मानना जरूरी है. अगर ये नियम नहीं माने गए तो जेल या जुर्माने तक की सजा हो सकती है. चलिए, जानते हैं वो जरूरी नियम जिनका ध्यान रखकर आप खुद को परेशानी से बचा सकते हैं .अगर आप आधार बनवाने के समय अपनी सही-सही जानकारी यूआईडीएआई को नहीं देते, बल्कि गलत जानकारी देते हैं, तो ये अपराध माना जाएगा. इसके लिए 3 साल तक की जेल हो सकती है या 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया जा सकता है. इसलिए आधार बनवाते वक्त पूरी ईमानदारी से अपने दस्तावेज और जानकारी दें. किसी और के आधार कार्ड की जानकारी बदलना या पहचान में छेड़छाड़ करना भी कानूनन गलत है. ऐसा करने पर भी 3 साल की जेल या 10,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है. इसलिए किसी और के आधार में बिना उसकी अनुमति कोई बदलाव न करवाएं, वरना यह आपकी बड़ी परेशानी बन सकती है.

**डेटा लीक करना पड़ सकता भारी**

कई बार लोग बिना यूआईडीएआई की मंजूरी के आधार कार्ड से जुड़ी एजेंसियां खोल लेते हैं और लोगों की निजी जानकारी इकट्ठा करते हैं. यह करना कानून के खिलाफ है. इसके लिए 3 साल की जेल और 10,000 रुपये का जुर्माना लग सकता है. अगर कोई कंपनी ऐसा करती है तो उसे 1 लाख रुपये तक का जुर्माना देना पड़ सकता है. इसके अलावा, किसी और की निजी जानकारी लीक करना या किसी अनजान व्यक्ति को देना भी अपराध है. इस अपराध के लिए भी जेल और जुर्माना हो सकता है.

**आधार केंद्र पर चोरी पर सबसे कड़ी सजा**

अगर कोई आधार केंद्र में हैकिंग करता है या डेटा चुराने की कोशिश करता है, तो ये सबसे बड़ा अपराध माना जाएगा. इसके लिए 10 साल तक की जेल हो सकती है और 10,000 रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक जुर्माना भी लगाया जा सकता है.

# 'तुरंत अमेरिका लौट आओ', मेटा-माइक्रोसॉफ्ट के बाद अब गूगल ने भेजा ई-मेल; ट्रंप के फैसले से फैला खौफ

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप ने एच-1बी वीजा के लिए 1 लाख अमेरिकी डॉलर फीस लगाने का फैसला किया है। इस फैसले के बाद से अमेरिका की टेक कंपनियां सकते में हैं। गूगल से लेकर मेटा और माइक्रोसॉफ्ट से लेकर अमेजन तक में कई कर्मचारी एच-1बी वीजा होल्डर हैं। कल मेटा, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट ने इस संबंध में अपने विदेशी कर्मचारियों को ईमेल भी लिखा था। वहीं अब गूगल ने भी ईमेल लिखकर कर्मचारियों को तुरंत अमेरिका लौट आने के लिए कहा है। गूगल ने एक मेमो जारी कर कहा है कि अगर आप अमेरिका के बाहर हैं, तो 21 सितंबर रविवार की सुबह 12:01 एएम तक वापस लौट आएं। कंपनी ने अपने कर्मचारियों को इंटरनेशनल यात्रा से भी बचने की सलाह दी है।गूगल ने अपने मेमो में लिखा, 'नई पॉलिसी के तहत आपको अमेरिका से बाहर जाने पर परेशानी हो सकती है या री-एंट्री नहीं मिलेगी। हम समझते हैं कि इससे कुछ दिक्कतें हो सकती हैं, लेकिन हम आपका सपोर्ट करने के लिए तत्पर हैं। हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं और जैसे ही कोई नई जानकारी मिलेगी, आपको अपडेट




करेंगे।' कंपनी ने ये भी कहा है कि जो कर्मचारी तुरंत वापस नहीं लौट सकते, वह कंपनी की इमिग्रेशन सपोर्ट टीम से संपर्क करें।हालांकि एच-1बी वीजा के फैसले पर विवाद खड़ा होने के बाद व्हाइट हाउस की तरफ से सफाई दी गई है कि यह नियम केवल नए वीजा एप्लीकेशन पर लागू होगा और जिन लोगों के पास पहले से एच-1बी वीजा मौजूद है, उन्हें री-एंट्री में किसी दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। बावजूद इसके अमेरिकी कंपनियां किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहतीं। एच-1बी वीजा पाने वालों की लिस्ट में भारत सबसे आगे हैं। अमेरिका की कंपनियों में कई भारतीय पेशेवर काम करते हैं। ऐसे में वीजा नियमों में किसी भी तरह के बदलाव का सीधा असर भारत पर पड़ेगा। वहीं ट्रंप प्रशासन ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा है कि एच-1बी वीजा से अमेरिकी लोगों की नौकरी चली जाती है।

# करोड़पति परिवारों में महाराष्ट्र सबसे अमीर

## तेलंगाना 57,700 करोडपतियों के साथ सातवें नंबर पर

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र ने खुद को देश के अग्रणी धन सृजन केंद्र के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। यह राज्य 1,78,600 करोड़पति परिवारों के साथ देश में अमीरी में पहले स्थान पर है। राज्य ने 2021 से संपत्ति के मामले में 194 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। यह खुलासा मर्सिडीज-बेंज हुरुन इंडिया वेल्थ रिपोर्ट 2025 में हुआ है। इसके मुताबिक, राज्य की संपन्नता को 2020-21 से 55 फीसदी की सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) वृद्धि ने और मजबूती दी। अकेले मुंबई में ही 1,42,000 करोड़पति परिवार रहते हैं,जिससे यह भारत की करोड़पति राजधानी बन गई है। पूरे भारत में अब कुल 8,71,700 करोड़पति परिवार हैं और इनकी धन-दौलत 8.5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। संपत्ति के मामले में इस राष्ट्रव्यापी उछाल के बावजूद पैसा कुछ ही क्षेत्रों में केंद्रित है और शीर्ष 10 राज्यों में सामूहिक रूप से कुल करोड़पति परिवारों का 79 फीसदी से अधिक हिस्सा रहता है।

**आमची मुंबई दौलत के मामले में शहरों में अव्वल**


शहरों की बात करें तो मुंबई में 1,42,000 करोड़पति परिवार हैं, जबकि दिल्ली (68,200) और बंगलूरू (31,600) उसके बाद आते हैं। ये तीन महानगर भारत की संपत्ति सृजन की सबसे बड़ी ताकत हैं।

हुरुन इंडिया के संस्थापक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद कहते हैं,एक दशक से भी कम वक्त में 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक संपत्ति वाले भारतीय परिवारों की संख्या में 445 फीसदी की भारी वृद्धि हुई है। यह उछाल दिखाता है कि कैसे धन सृजन हमारे समाज के व्यापक आधार तक पहुंच रहा है। उन्होंने इसे समृद्धि का लोकतंत्रीकरण कहा यानी अब ज्यादा लोगों तक अवसर पहुंच रहे हैं,लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि 2017 के केवल पांच फीसदी करोड़पति ही उच्च निवल संपत्ति वाले अति-धनाढ्य बने और महज 0.01% अरबपति का दर्जा हासिल कर पाए हैं। इसका मतलब है कि अमीरी फैल रही है, लेकिन यह अभी भी कुछ क्षेत्रों तक सीमित है।

**तेलंगाना अमीरी में 7वें नंबर पर**

भारत के संपत्ति के नक्शे पर 79,800 करोड़पति परिवारों के साथ दिल्ली इस सूची में दूसरे नंबर पर है। 72,600 करोड़पति परिवारों के साथ तमिलनाडु तीसरे, 68,800 करोड़पति परिवारों के साथ कर्नाटक चौथे और 68,300 करोड़पति परिवारों के साथ गुजरात पांचवे स्थान पर है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश 57,700 करोड़पति परिवारों के साथ छठे स्थान पर है, जबकि तेलंगाना 51,700 करोड़पति परिवारों के साथ उसके करीब है। पश्चिम बंगाल 50,400 परिवारों के साथ, राजस्थान 33,100 परिवार और हरियाणा 30,500 करोड़पति परिवारों के साथ शीर्ष 10 में शामिल हैं। ये सभी राज्य मिलकर भारत के संपत्ति के नक्शे को आकार देने वाले आर्थिक समृद्धि के प्रमुख केंद्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# मोतुओ 'बम' बनाकर युद्ध छेड़ना चाहता है चीन



नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। क्या चीन वाटर वॉर शुरू करने की प्लानिंग बना रहा है? दरअसल, चीन एक बहुत बड़ा हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट बना रहा है। इसका नाम मोतुओ है। यह तिब्बत में बन रहा है। इससे 60 गीगावाट बिजली पैदा करने की योजना है। इसे बनाने में 165 अरब डॉलर (करीब 15 लाख करोड़ रुपये) खर्च होंगे। इस प्रोजेक्ट से एशिया में पर्यावरण और राजनीतिक स्थिरता को खतरा हो सकता है। मोतुओ प्रोजेक्ट से सिर्फ बिजली ही नहीं मिलेगी। की एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन नदियों के पानी को भी कंट्रोल कर पाएगा। इससे चीन का अपने लोगों पर और ज्यादा नियंत्रण होगा। चीन के पास पानी की कमी है। इसलिए मोतुओ जैसे प्रोजेक्ट उसके लिए बहुत जरूरी हैं। इससे चीन को लंबे समय तक पानी और ऊर्जा मिलती रहेगी।

**हो सकता है भू-राजनीतिक तनाव**

मोतुओ बांध चीन की पानी को कंट्रोल करने की योजना का हिस्सा है। इससे चीन की राजनीतिक ताकत भी बढ़ेगी। लेकिन, इस योजना से विवाद भी हो सकते हैं। इंटरनेशनल कैंपेन फॉर तिब्बत ने कहा है कि चीन ने लोगों से सलाह नहीं ली है। अगर यह प्रोजेक्ट पूरा हो गया तो दस लाख लोग बेघर हो सकते हैं। पहले ही 1.20 लाख लोग ऐसे प्रोजेक्ट के कारण बेघर हो चुके हैं।

**भारत पर क्या पड़ेगा असर?**

मोतुओ बांध से देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है। यह बांध यारलुंग त्सांगपो नदी पर बन रहा है। ब्रह्मपुत्र नदी को तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो नाम से जाना जाता है। यह नदी भारत और बांग्लादेश में भी जाती है। भारत को डर है कि चीन इस नदी के पानी को रोक सकता है। चीन ने कहा है कि बांध से डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा। लेकिन, भारत अपने पानी की सुरक्षा के लिए तैयार है। इस इलाके में 1.8 अरब लोग पानी के लिए इस नदी पर निर्भर हैं। अगर पानी में कोई गड़बड़ हुई, तो बहुत बुरा हो सकता है।

**सुरक्षा पर भी सवाल**

मोतुओ प्रोजेक्ट तिब्बत के पठार पर बन रहा है। यहां भूकंप आते रहते हैं। इसलिए इस बांध की सुरक्षा पर भी सवाल उठ रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं। मौसम भी बदल रहा है। इससे नदियों में पानी का बहाव बदल सकता है। साथ ही बांध को भी नुकसान हो सकता है और इससे मुनाफा भी कम हो सकता है।

**पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर असर**

मोतुओ बांध से पर्यावरण को बहुत नुकसान हो सकता है। बड़े हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट से इकोसिस्टम पर बुरा असर पड़ता है। इससे जीव-जंतुओं और नदियों पर असर पड़ता है। बांध बनाने और चलाने से इलाके में पहले से मौजूद पर्यावरण की समस्याएं और बढ़ सकती हैं।0आर्थिक रूप से, इस बांध से बिजली तो बहुत पैदा होगी, लेकिन पर्यावरण को होने वाले नुकसान और लोगों को अपना घर छोड़ने की वजह से जो खर्च होगा, उससे फायदा कम हो सकता है। आर्थिक फायदे के साथ-साथ पर्यावरण और लोगों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसके लिए अच्छी योजना और काम करने की जरूरत है।

# सेबी से मिली क्लीन चिट तो अडानी पत्नी संग शुक्रिया अदा करने जैन मंदिर पहुंचे

नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने पत्नी प्रीति अडानी के साथ अहमदाबाद के एक जैन मंदिर में प्रार्थना की। यह प्रार्थना सेबी की ओर से हिंडनबर्ग मामले में अडानी ग्रुप को क्लीन चिट मिलने के बाद की गई। एएनआई के मुताबिक एक करीबी सूत्र ने बताया कि हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद अडानी ने जश्न मनाने की बजाय आभार व्यक्त किया। मंदिर में, दंपति ने एक दीया जलाया और चुपचाप धन्यवाद दिया। साथ ही मंदिर में उन्होंने सिर झुकाया। सूत्र ने कहा कि अडानी परिवार के लिए, यह सिर्फ नियामक राहत नहीं थी। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक था। यह धैर्य, विश्वास और लचीलेपन की एक शांत जीत थी।



**सेबी ने दी क्लीन चिट**

गुरुवार को अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने हिंडनबर्ग रिसर्च की 'झूठी कहानियों' फैलाने वालों से माफी मांगने को कहा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने अडानी ग्रुप को उनकी आधारहीन आरोपों के लिए क्लीन चिट दी है। सेबी ने कहा कि अडानी ग्रुप ने किसी भी प्रकटीकरण मानदंडों का उल्लंघन नहीं किया है और न ही कोई धोखाधड़ी की है।

**निवेशकों के प्रति जताई सहानुभूति**

गौतम अडानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पारदर्शिता और ईमानदारी के प्रति ग्रुप की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने उन निवेशकों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की जिन्होंने रिपोर्ट के कारण पैसे खो दिए। गौतम अडानी ने एक्स पर लिखा, 'एक विस्तृत जांच के बाद सेबी ने पुष्टि की है कि हिंडनबर्ग के दावे निराधार थे। पारदर्शिता और ईमानदारी हमेशा से अडानी ग्रुप की पहचान रही है। हमें उन निवेशकों का दर्द महसूस होता है जिन्होंने इस धोखाधड़ी और प्रेरित रिपोर्ट के कारण पैसे खो दिए। झूठी कहानियां फैलाने वालों को देश से माफी मांगनी चाहिए। भारत के संस्थानों, भारत के लोगों और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है। सत्यमेव जयते! जय हिन्द!'

**क्या थे आरोप?**

अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया था कि अडानी ग्रुप ने संबंधित-पक्ष लेनदेन को छिपाने के लिए फंड रूटिंग की। इससे बाजार में भारी अस्थिरता आई और अडानी ग्रुप के बाजार मूल्य पर असर पड़ा। क्लीन चिट मिलने से अडानी ग्रुप को बड़ी राहत मिली है और महीनों से चल रही जांच खत्म हो गई है। बाजार नियामक एसईबीआई ने गुरुवार को अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग द्वारा अडानी ग्रुप के खिलाफ लगाए गए आरोपों का खंडन किया। सेबी ने निष्कर्ष निकाला कि लिस्टिंग समझौते या सेबी लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। सेबी ने यह भी कहा कि आरोपित लेनदेन संबंधित पार्टी लेनदेन के रूप में योग्य नहीं हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| | |
|---|---|
| कन्या | 05-47 बजे |
| तुला | 07-53 बजे |
| वृश्चिक | 10-03 बजे |
| धनु | 12-16 बजे |
| मकर | 14-22 बजे |
| कुंभ | 16-13 बजे |
| मीन | 17-51 बजे |
| मेष | 19-27 बजे |
| वृष | 21-12 बजे |
| मिथुन | 23-12 बजे |
| कर्क | 01-25 बजे |
| सिंह | 03-37 बजे |

ग्रह स्थिति: कन्या, कन्या, तुला, कन्या, मिथुन, सिंह, मीन, कुंभ, सिंह

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126

सूर्योदय 06-08, सूर्यास्त 18-10

दिशाशूल- पूर्व - कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा 22-56 तक उपरान्त द्वितीया
मास- आश्विन शुक्ल पक्ष ,सोमवार 22 September
नक्षत्र- उ.फाल्गुनी 11-24 तक उपरान्त हस्त
योग - शुक्ल 19-58 तक ब्रह्म
करण- किस्तुघ्न 14-07 तक उप बुव
विशेष:- मातामह श्राद्ध श्री अग्रसेन ज.
व्रत-त्योहार शरद नवरात्रि प्रा,

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल** 07-37 से 09-07 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | रात का चौघड़िया |
|---|---|
| अमृत 06-08 - 07-37 शुभ | चंचल 18-10 - 19-41 शुभ |
| काल 07-37 - 09-07 अशुभ | रोग 19-41 - 21-10 अशुभ |
| शुभ 09-07 - 10-38 शुभ | काल 21-10 - 22-39 अशुभ |
| रोग 10-38 - 12-09 अशुभ | लाभ 22-39 - 00-09 शुभ |
| उत्पात 12-09 - 13-39 अशुभ | उत्पात 00-09 - 01-38 अशुभ |
| चंचल 13-39 - 15-10 शुभ | शुभ 01-38 - 03-07 शुभ |
| लाभ 15-10 - 16-41 शुभ | अमृत 03-07 - 04-37 शुभ |
| अमृत 16-41 - 18-10 शुभ | चंचल 04-37 - 06-08 शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू,चे, चो,ला, ली, लू, ले,लो, अ,)
आज आप कुछ उलझे हुए से रहेंगे । आप कोई महत्वपूर्ण काम शुरू करने के लिए भी उतावले हैं । परन्तु आज प्रतीक्षा करना और कोई महत्वपूर्ण काम शुरू न करना ही ठीक होगा । शाम तक उलझन खुद कम हो जायेगी । दिन बाधारहित गुजरेगा । यात्रा कर सकते हैं ,सार्वजनिक परिवहन से देर हो सकती है । दूसरे विकल्प खुले रखें ।

**वृष** (ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो)
आज सावधान रहें । आपके प्रतिद्वंदी आपके खिलाफ योजनाये बनाकर आपको नुक्सान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन आप आसानी से उनपर जीत हासिल कर पायेंगे,मजेदार तो यह है कि खुद उन्हें भी आपकी उपलब्धि के लिए आपकी तारीफ करनी होगी । इस गंभीर स्थिति को थोडा हल्का-फुल्का बनाने के लिए दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं ।

**मिथुन** (का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह,)
आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ है,आपको वित्तीय क्षेत्र में अपने प्रयासों के चलते लाभ होगा । आप अपने परिजनों के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध चीज खरीदना चाहेंगे । बस इतना ध्यान रखें कि सारा पैसा खर्च न करके कुछ बचत भी कर लें ।आप अपने पार्टनर के साथ कुछ बहुत ख़ास पल गुजारेंगे जिन्हें आप हमेशा याद रखेंगे ।

**कर्क** (ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,)
आपकी निजी और व्यवसायिक जिन्दगी के बीच एक असंतुलन है । इसे दूर करने का एक ही तरीका है कि आप अपने प्रतिदिन के काम की योजना बनाएं,जो हर दिन की जरुरत के हिसाब से अलग हो । चिंता ना करें,आपके परिजन हाल-फिलहाल आपके उनके प्रति कम ध्यान के बावजूद आपके समर्पण को पहचान पाएंगे ।

**सिंह** (मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,)
यह आपके लिए अपने आप से किये हुए वादों और अपनी योजनाओं को अमल में लाने का बहुत अच्छा समय है । नयी योजनायें भी जल्दी ही कामयाब होंगीं । हालाँकि, दोस्तों के साथ मजे करने और थोड़े मनोरंजन के लिए भी अच्छा समय है । इसीलिए शाम को सामाजिक गतिविधियों में भी शामिल होने की योजना बना सकते हैं । अफवाहों से बचें और आनंद उठायें।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आज का दिन आपके लिए विशेष रूप से अच्छा है । आप अपना कुछ नया शुरू कर सकते हैं ,काफी समय लेने वाला अपना कोई अधूरा काम पूरा कर सकते हैं ,या कोई ऐसा काम जिसे आप लम्बे समय से टाल रहे हैं,को भी शुरू कर सकते हैं । आज शाम खेल और मौज मस्ती के नाम रहेगी ।

**तुला** (रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,)
अपने प्रति ईमानदार रहें क्योकि इसी से आप हरेक स्थिति में खुश रह पायेंगे । केवल दूसरों की परवाह करने के लिए अपनी इच्छाओं का बलिदान न करें ,जो आपको भी अच्छा लगे,वही करें । आपको यह सोचने में कुछ समस्या हो सकती है कि कहां से शुरू करूं,इसलिए सारे पहलू देखकर अपनी प्राथमिकताएं तय कर लें ।

**वृश्चिक** (तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,)
आपकी मन की आवाज अब सक्रिय है और हर काम में आपका बहुत अच्छा मार्गदर्शन करेगी । आप मजे मजे में भी आसानी से जोखिम उठा पाने की स्थिति में हैं । भाग्य आपके साथ है फिर भी आपको कोई भी कदम उठाने से पहले दो बार सोच लेना चाहिए । आप भावनाओ की बाढ़ को अनुभव करेंगे ।

**धनु** (ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे)
आज का दिन समृद्धि के एक नए कार्यक्रम को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा है । अगर आप किसी नयी परियोजना के बारे में काफी सोचकर भी किसी नतीजे तक नही पहुंच पाए हैं तो आज शुरूकर लें,आज आप जो भी करना शुरू करेंगे ,सफलता जरुर मिलेगी । आज होने वाली घटनाओं से आपके वित्त सम्बन्धी नजरिये में भी बदलाव आएगा और नकारात्मकता कम होगी ।

**मकर** (भो, ज, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आपकी वर्तमान जिंदगी में काफी उतार चढाव आ रहे हैं । लेकिन आपको उनसे जल्दी ही छुटकारा मिलने वाला है ।अपना नजरिया हमेशा की तरह सकारात्मक बनाये रखें,स्थिति जल्दी ही बेहतर होगी । लोग आपसे सहायता मांगेंगे और आप उनकी सहायता में व्यस्त होकर अपनी चिंताएं भूल जायेंगें ।

**कुंभ** (गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
आपने किसी परियोजना में अपना काफी समय और प्रयास लगाये हैं और आपको अब इसका फल मिलना शुरू हो जाएगा । दूरदृष्टि के साथ साथ आपके दृढ संकल्प और प्रयास भी रंग लाये हैं । आप कुछ नए बदलाव करना चाह रहे हैं ,लेकिन वित्तीय बाधाएं हैं । आज आप सीमित साधनों से ही इन कामों को पूरा करने के सृजनात्मक तरीके खोज लेंगे ।

**मीन** (दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची)
आप ऊर्जा से भरे हैं और बहुत अच्छे मूड में भी हैं । दोस्तों को पार्टी दे सकते हैं । अपनी ख़ुशी में खोकर आपका ध्यान भविष्य के खतरों से हट सकता है । घबराए नही,किसी आदमी से कोई नुक्सान होने की आशंका नही है ,केवल आपका पेट अपच वाला अधिक भोजन करने के कारण खराब हो सकता है,जिससे आपकी सेहत पर असर पड़ सकता है ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द

# महाराजा अग्रसेन के 18 यज्ञ से पैदा हुए 18 पुत्र, जो अग्रवाल समाज के बने 18 गोत्र




'अग्रवाल समुदाय' पिछले 5100 वर्षों से भारत के सर्वाधिक सम्मानित उद्यमी समुदायों में से एक रहा है। देश भर में असंख्य गौशालाएं, सामुदायिक भवन, धर्मशालाएं, काफी हद तक अग्रवाल समाज के सहयोग से चल रही हैं। अग्रवाल समाज ने न केवल अपनी मेहनत से देश को आर्थिक मजबूती दी है, बल्कि देश की आजादी में भी इस समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

महाराजा अग्रसेन त्याग, अहिंसा, शांति तथा समृद्धि के प्रतीक समाजसेवी अवतार थे। उनका जन्म प्रताप नगर के राजा वल्लभ के घर में हुआ। खांडवप्रस्थ के राजा ययाति के वंशज और राजा शूरसेन के बड़े भाई थे जो बलराम और भगवान श्री कृष्ण के दादा थे। महालक्ष्मी व्रत अनुसार उस वक्त द्वापर युग का अंतिम चरण था। उन्होंने बचपन में ही वेदों, शास्त्रों, अस्त्रों-शस्त्रों, राजनीति तथा अर्थशास्त्र का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। अग्रसेन जी की महारानी माधवी थीं। वह नागराज कुमुद की पुत्री थी। अग्रसेन जी ने राज्य तथा प्रजा के कल्याण हेतु 18 यज्ञ किए जिनसे उनके 18 पुत्र पैदा हुए। उन्हीं के नाम से अग्रवाल समाज के 18 गोत्र बने। कहा जाता है कि 17 यज्ञ विधि-विधान से निर्विघ्न सम्पन्न हुए परन्तु 18वें यज्ञ से पहले उनके मन में आया कि इस पवित्र कार्य में पशु बलि जैसा अपवित्र कार्य क्यों? उन्होंने घोषणा की कि भविष्य में यज्ञ जैसे पवित्र कार्यों में पशु बलि के स्थान पर नारियल तोड़ कर पूर्णाहुति दी जाएगी। कहा जाता है कि महाराजा तथा उनके वंशजों ने बाद में वैश्य समुदाय स्वीकार कर लिया था। अग्रसेन जी अपने पिता की आज्ञा से नागराज कुमुद की कन्या माधवी के स्वयंवर में गए। राजकुमारी ने युवराज अग्रसेन के गले में वरमाला डालकर उनका वरण किया। इसे देवराज इंद्र ने अपना अपमान समझा और वह इनसे कुपित हो गए जिससे इनके राज्य में सूखा पड़ गया और जनता में त्राहि-त्राहि मच गई। प्रजा के कष्ट निवारण के लिए अग्रसेन जी ने अपने आराध्य देव शिव की उपासना की। इससे प्रसन्न होकर शिवजी ने इन्हें वरदान दिया तथा प्रतापनगऱ में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली लौटाई।

कालांतर में राजा वल्लभ ने संन्यास लेकर अग्रसेन जी को शासन की बागडोर सौंप दी। उन्होंने कुशलता के साथ राज्य का संचालन किया और इसका विस्तार करते हुए प्रजा के हितों के लिए काम किया। वह बहुत धार्मिक प्रवृत्ति के थे। उन्होंने अपने जीवन में कई बार देवी लक्ष्मी जी से यह वरदान हासिल किया कि जब तक उनके कुल में देवी लक्ष्मी की आराधना होती रहेगी तब तक अग्रकुल धन-धान्य से खुशहाल रहेगा।

देवी लक्ष्मी जी के आशीर्वाद से अग्रसेन जी ने नए राज्य के लिए रानी माधवी के साथ भारत-भ्रमण शुरू किया।

अपने भ्रमण के दौरान वह एक स्थान पर रुके जहां उन्होंने देखा कि शेर तथा भेड़िए के कुछ शावक खेल रहे थे। उन्होंने रानी माधवी को कहा कि यह बहुत शुभ संकेत है और यह क्षेत्र वास्तव में वीरभूमि है। उन्होंने इस भूमि को अग्रोहा नाम दिया और यहीं पर अपना राज्य बनाने का निर्णय लिया। आगे चलकर अग्रोहा कृषि तथा व्यापार के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध स्थान बन गया। उन्होंने अग्रसेन नगर की स्थापना की थी। जो वर्तमान समय में आज के हरियाणा का अग्रोहा है। वे अहिंसा, समानता और उदारता के प्रतीक थे। उन्होंने युद्ध छोड़कर वैश्य धर्म अपनाया और व्यापार तथा सेवा को जीवन का आधार बनाया। महालक्ष्मी के आशीर्वाद से भगवान अग्रसेन ने महाभारत के युद्ध से 51 साल पहले 'अग्रोहा' में एक बहुत समृद्ध और विकसित राज्य का निर्माण किया जिसका उल्लेख महाभारत में मिलता है। इन्होंने अपने राज्य को हिमालय, पंजाब, यमुना की तराई और मेवाड़ क्षेत्र तक बढ़ाया। भगवान अग्रसेन ने वाणिक धर्म का पालन किया और यज्ञ में पशुओं के वध से इंकार किया। उनके ज्येष्ठ पुत्र विभु थे। उन्होंने 18 महायज्ञों का आयोजन किया। उसके बाद उन्होंने अपने 18 बच्चों के बीच अपने राज्य को विभाजित किया।

अपने प्रत्येक बच्चों के गुरु के नाम से 18 गोत्रों गर्ग, गोयल, गोयन, बंसल, कंसल, सिंघल, मंगल, जिंदल, तिंगल, ऐरण, धारण, मुधुकुल, बिंदल, मित्तल, तायल, भंदल, नागल, कुच्छल की स्थापना की। अग्रोहा राज्य की 18 राज्य इकाइयां थीं। प्रत्येक राज्य की इकाई को एक गोत्र से अंकित किया गया था। उस विशेष राज्य इकाई के सभी निवासियों की उस गोत्र द्वारा पहचान की गई। भगवान अग्रसेन ने ऐलान किया कि वैवाहिक गठबंधन एक ही गोत्र में नहीं हो सकता है।

भगवान अग्रसेन का भगवा ध्वज अहिंसा और सूर्य का प्रतीक है तथा सूर्य की 18 किरणें 18 गोत्रों का प्रतिनिधित्व करती हैं। ध्वज में चांदी के रंग की एक ईंट और एक रुपया वैभव, भाईचारे एवं परस्पर सहयोग का प्रतिनिधित्व करते हैं। अग्रसेन महाराज द्वारा स्थापित उक्त परंपरा आज भी उनके वंशज पूरी तरह अंगीकार किए हुए हैं।

# मां का पहला दिन शैलपुत्री की पूजा विधि



**मां शैलपुत्री की पूजा का महत्व**

नवरात्रि के पहले दिन देवी दुर्गा के मां शैलपुत्री स्वरूप की आराधना करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जिन लोगों के विवाह में दिक्कतें आ रही हैं वो मां शैलपुत्री की पूजा जरूर करें। ऐसा करने से विवाह से जुड़ी सभी तरह की बाधाएं दूर हो जाती हैं। वहीं मां शैलपुत्री की पूजा करने से माता रानी अच्छी सेहत का भी आशीर्वाद देती हैं।

**मां शैलपुत्री पूजा विधि**

नवरात्रि के पहले दिन प्रातःकाल स्नान कर साफ कपड़े पहन लें।

इसके बाद मंदिर या पूजा घर को साफ कर गंगाजल छिड़क कर शुद्ध कर लें।

फिर एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर मां दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें।

अब देवी दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की ध्यान कर उन्हें धूप, दीप, सिंदूर, अक्षत, सफेद फूल और फल चढ़ाएं।

इसके बाद माता रानी को सफेद बर्फी या दूध से बनी शुद्ध मिठाई का भोग लगाएं।

**अब दुर्गा सप्तशती कामां शैलपुत्री की पूजा का महत्व**

नवरात्रि के पहले दिन देवी दुर्गा के मां शैलपुत्री स्वरूप की आराधना करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जिन लोगों के विवाह में दिक्कतें आ रही हैं वो मां शैलपुत्री की पूजा जरूर करें। ऐसा करने से विवाह से जुड़ी सभी तरह की बाधाएं दूर हो जाती हैं। वहीं मां शैलपुत्री की पूजा करने से माता रानी अच्छी सेहत का भी आशीर्वाद देती हैं।

**मां शैलपुत्री पूजा विधि**

नवरात्रि के पहले दिन प्रातःकाल स्नान कर साफ कपड़े पहन लें।

इसके बाद मंदिर या पूजा घर को साफ कर गंगाजल छिड़क कर शुद्ध कर लें।

फिर एक चौकी पर लाल कपड़ा बिछाकर मां दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर स्थापित करें।

अब देवी दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की ध्यान कर उन्हें धूप, दीप, सिंदूर, अक्षत, सफेद फूल और फल चढ़ाएं।

इसके बाद माता रानी को सफेद बर्फी या दूध से बनी शुद्ध मिठाई का भोग लगाएं।

अब दुर्गा सप्तशती का पाठ करें फिर बाद में मां के मंत्रों का उच्चारण करें।

मां अंबे की आरती के साथ पूजा का समापन करें।

नवरात्रि के पहले दिन माता रानी को जरूर लगाएं ये भोग

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मां शैलपुत्री को सफेद रंग अत्यंत प्रिय है। ऐसे में उन्हें सफेद रंग की चीजें चढ़ाना काफी शुभदायक और फलदायी माना जाता है। ऐसे में नवरात्री के पहले दिन देवी मां सफेद फूल और सफेद वस्त्र जरूर चढ़ाएं। वहीं भोग में माता रानी को सफेद बर्फी या दूध से बनी शुद्ध मिठाई ही अर्पित करें।

नवरात्रि के पहले दिन मां शैलपुत्री के इन मंत्रों का जरूर करें जाप

**'ऊं ऐं ह्रीं क्लीं शैलपुत्र्यै नमः'**

**या देवी सर्वभूतेषु शैलपुत्री रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।**
**वन्दे वांच्छित लाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।**
**वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम।।**

# शारदीय नवरात्रि में ऐसे सजाएं मंदिर



सनातन धर्म के पावन पर्व शारदीय नरवरात्र 22 सितंबर से शुरू हो रहा है। इस दिन मां दुर्गा के रूपों की पूजा की जाती है। इन दिनों सभी लोगों मां दुर्गा का अपने घर में स्वागत करते हैं। कई घरों लोग माता की चौकी भी सजाते है जिसपर मां की प्रतिमा और कलश की स्थापना करते हैं। आप भी इस साल माता रानी के स्वागत में अपने मंदिर में चौकी सजाना चाहते हैं तो हम आपको आज बताएंगे कुछ डेकोरेटिव आइडियाज जिससे सिर्फ आपका मंदिर सुंदर ही नहीं लगेगा साथ ही माता रानी आप से प्रसन्न भी होंगी।





**फूलों से करें सजावट**

पूजा-पाठ में फूलों से की गई सजावट बेहद खूबसूरत लगती है। नवरात्रि पर आप भी माता रानी के दरबार फूलों से सजा सकते हैं। आप रंग-बिरंगे फूलों से तोरण तैयार करके मंदिर के द्वार को सजा सकते हैं। इसके अलावा पूजा स्थल पर फूलों की रंगोली बना सकते हैं। आप चाहे तो माता रानी की चौकी पर तांबे के पात्र में पानी भरकर इसमें भी रंग-बिरंगे फूल डाल सकते हैं।

रंगीन पेपर से भी सजा सकते हैं मंदिर

घर के मंदिर और माता रानी की चौकी को सजाने के लिए रंग-बिरंगे पेपर का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। लाल-पीले और फ्लॉवर पैटर्न वाले कागजों की मदद से फूलों झालर तैयार कर सकती हैं। इसके अलावा चौकी पर भी रंग-बिरंगे कागज बिछाकर इसे खूबसूरत लुक दे सकती हैं।

**रंगोली बनाएं**

नवरात्रि पर माता रानी के स्वागत के लिए रंगोली भी बना सकती हैं। फूलों की रंगोली के अलावा, आप मंदिर के मुख्य द्वार पर दीए, आटे या कलर का इस्तेमाल करते हुए रंगोली बना सकती हैं। रंगोली बनाने से खूबसूरती तो बढ़ती ही है, इसके साथ ही माना जाता है कि द्वार पर रंगोली बनाने से मां लक्ष्मी का आगमन होता है।

**रंग बिरंगी लाइट्स लगाएं**

नवरात्रि पर माता रानी के दरबार को जगमगाने के लिए आप रंग-बिरंगी इलेक्ट्रिक झालर से मंदिर को सजा सकते हैं। नवरात्रि पर माता रानी के दरबार की सजावट रंग बिरंगी झालर के बिना अधूरी सी लगेगी। झालर की रंग-बिरंगी रोशनी में, मंदिर की खूबसूरती और भी बढ़ जाएगी।

# राजस्थान के इन प्रसिद्ध माता मंदिरों का जरूर करें दर्शन, हर मुराद होगी पूरी



कैला देवी मंदिर में नवरात्रि में जुटते हैं लाखों श्रद्धालु

चैत्र नवरात्रि में मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की अराधना करने के लिए भक्त पूरे 9 दिनों तक व्रत रखते हैं। राजस्थान के अलग-अलग कोनों में फैले हुए देवी मां के प्रसिद्ध मंदिरों में भक्तों का रैला उमड़ता है। चैत्र नवरात्रि आज से शुरू हो रही है। नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की पूजा की जाती है। आइए आपको बताते हैं राजस्थान में मां की शक्तिपीठ और लोक देवियों के मंदिर के बारे में जहां माना जाता है कि नवरात्रि में लाखों लोगों की मनोकामना पूरी होती हैं।




माउंट आबू की अर्बुदा देवी

शेखावाटी का प्रसिद्ध जीण माता मंदिर

मेहरानगढ़ दुर्ग में स्थित चामुंडा माता मंदिर

जयपुर से 195 किमी दूर करौली जिले में कैला देवी मंदिर सैकड़ों साल से ज्यादा पुराना मंदिर है। इस प्राचीन मंदिर में चांदी की चौकी पर स्वर्ण छतरियों के नीचे दो प्रतिमाएं हैं। इनमें एक बाईं ओर है, उसका मुंह कुछ टेढ़ा है, वो ही कैला मइया हैं, दाहिनी ओर दूसरी माता चामुंडा देवी की प्रतिमा है। कैला देवी की आठ भुजाएं हैं। इस मंदिर को उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ के रूप में ख्याति प्राप्त है। इस मंदिर से जुड़ी अनेक कथाएं यहां प्रचलित हैं। माना जाता है कि भगवान कृष्ण के पिता वासुदेव और देवकी को जेल में डालकर जिस कन्या योगमाया का वध कंस ने करना चाहा था, वह योगमाया कैला देवी के रूप में इस मंदिर में विराजमान है। मंदिर के पास में मौजूद कालीसिल नदी भी चमत्कारिक नदी है। कैला देवी मंदिर करोली जिले से 30 और हिंडौन रेलवे स्टेशन से 56 किलोमीटर है। यहां से बस-कार से पहुंचा जा सकता है



पुष्कर का मणिबंद शक्तिपीठ

विराटनगर अम्बिका शक्तिपीठ

नवरात्र में 9 दिनों तक माता के 9 रूपों की आराधना होती है। देश में माता के 52 शक्तिपीठ हैं। माता के 52 में से 27वां शक्तिपीठ मणिवेदिका अजमेर के पुष्कर में है। माता का यह पवित्र स्थान तीर्थ नगरी पुष्कर में मौजूद है। पौराणिक कथाओं के अनुसार यहां माता सती की कलाइयां गिरी थी। पुष्कर में नाग पहाड़ी और सावित्री माता की पहाड़ी के बीच स्थित है पुरुहूता पर्वत। स्कन्द पुराण में माता का 27वां शक्तिपीठ पुष्कर के पुरुहूता पर्वत पर स्थित है। अजमेर रेलवे स्टेशन से पुष्कर में मां का मंदिर 18 किलोमीटर है, यहां बस-कार से बीस मिनट में पहुंचा जा सकता है।




त्रिपुरा सुंदरी बांसवाड़ा

नवरात्र में माता त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन का विशेष महत्व है। सिंहवाहिनी मां भगवती त्रिपुरा सुंदरी की मूर्ति अष्टदश (अठारह) भुजाओं वाली है। पांच फीट ऊंची मूर्ति में माता दुर्गा के नौ रूपों की प्रतिकृतियां अंकित हैं। माता के सिंह, मयूर और कमलासीनी होने के कारण यह दिन में तीन रूपों को धारण करती हुई प्रतीत होती है। माता प्रातःकालीन बेला में कुमारिका, मध्यान्ह में यौवना और सायंकालीन वेला में प्रौढ़ रूप में मां के दर्शन होते है। नवरात्रि पर्व पर नौ दिन तक त्रिपुरा सुंदरी की नित-नूतन श्रृंगार की मनोहारी झांकी बरबस मन मोह लेती है। प्रथम दिवस शुभ मुहूर्त में मंदिर में घट स्थापना की जाती है। अखण्ड ज्योति जलाई जाती है। दो—तीन दिन पश्चात धान के अंकुर फूटते हैं, जिन्हें ज्वारे कहते हैं। अष्टमी और नवमी को हवन होता है। कलश को ज्वारों सहित माही नदी में प्रवाहित कर दिया जाता है। विसर्जन स्थल पर एक मेला सा जुटता है। सलीला 'माही' नदी को पुराणों में 'कलियुगे माही गंगा' की संज्ञा दी गई है। बांसवाड़ा से 18 किलोमीटर दूर तलवाड़ा गांव में अरावली पर्वतमालाओं के बीच मां त्रिपुरा सुंदरी का भव्य मंदिर है। यहां से बस-कार-ऑटो से पहुंचा जा सकता है।

**बीकानेर के देशनोक में करणी माता का मंदिर:** राजस्थान के बीकानेर जिले में देशनोक नाम की जगह पर करणी माता का प्रसिद्ध मंदिर है। इस मंदिर में भारी मात्रा में चूहे हैं। इसलिए इस मंदिर को रैट टैम्पल के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इन चूहों में भी कुछ चूहे सफेद हैं। सफेद चूहों को देखना अति शुभ माना जाता है। ये देवी का चमत्कार ही है कि इतने चूहों के कारण भी अब तक यहां कोई बीमारी नहीं फैली। नवरात्र के मौके पर यहां भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और मनोकामना पूरी करने के लिए पहुंचते हैं। प्रसिद्ध मंदिर बीकानेर रेलवे स्टेशन से करीब 30 किलोमीटर है। बस या कार के आसानी से पहुंचा जा सकता है।



करणी माता का मंदिर



## 'मैं आपका फैन बना रहूंगा', मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार मिलने पर अमिताभ ने दी बधाई




मलयालम अभिनेता मोहनलाल को दादासाहेब फाल्के पुरस्कार देने का एलान किया गया है। 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड समारोह में उन्हें इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। ऐसे में उन्हें कई बड़ी हस्तियां बधाई दे रहीं हैं। इसी कड़ी में सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने भी उन्हें बधाई दी है। आईए जानते हैं उन्होंने क्या कहा है।

### अमिताभ ने लिखी पोस्ट

अमिताभ बच्चन ने एक्स पर लिखा 'आपको दादासाहेब फाल्के पुरस्कार मिलने पर बहुत खुशी हो रही है मोहनलाल जी। यह एक बहुत ही योग्य सम्मान है! बहुत-बहुत बधाई। मैं आपके काम का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। भावपूर्ण भावनाओं को व्यक्त करने की आपकी सरलता वाकई हैरान करने वाली है। आप अपनी प्रतिभा से हम सभी को फख्र महसूस कराते हैं। हमारे लिए एक सीख बने रहें, यही कामना है। सम्मान और गर्व के साथ, मैं सदैव आपका एक समर्पित प्रशंसक बना रहूंगा।'

### मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने किया ट्वीट

इससे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें मोहनलाल के भारतीय सिनेमा में योगदान की तारीफ की गई। उन्होंने लिखा 'मोहनलाल जी को सिनेमा में भारत के सर्वोच्च सम्मान, दादासाहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई। यह सम्मान एक अभिनेता, निर्देशक और निर्माता के रूप में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए है। उनके योगदान ने भारतीय सिनेमा को समृद्ध बनाया है और लोगों को प्रेरित किया है।'

### 23 सितंबर को मिलेगा अवॉर्ड

आपको बता दें कि मोहनलाल मलयालम सिनेमा के मशहूर अभिनेता हैं। भारतीय सिनेमा में उनका करियर चार दशकों से भी ज्यादा लंबा है। उन्होंने कई शैलियों की फिल्मों में काम किया है। मुख्य रूप से मलयालम फिल्मों में अपने काम के लिए जाने जाने वाले, मोहनलाल ने तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में भी अभिनय किया है।

उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और नेशनल फिल्म अवॉर्ड समेत कई दूसरे अवॉर्ड भी मिले हैं। 23 सितंबर, 2025 को आयोजित होने वाले 71वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड समारोह में मोहनलाल को दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## जुबीन के निधन के बाद अनु मलिक का बड़ा खुलासा बोले- 'वो अचानक बेहोश हो जाते थे'

असम के गायक जुबीन गर्ग के निधन की खबर ने पूरे देश को सदमे में डाल दिया। संगीतकार अनु मलिक भी इस आइकॉन के निधन से सदमे में हैं। अनु और जुबीन ने अपने करियर में कई फिल्मों में साथ काम किया था। जुबीन के असामयिक निधन के बाद, अनु ने इस दुखद खबर पर प्रतिक्रिया दी और परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना जताई।

### अनु मलिक ने की गर्ग की तारीफ

अनु मलिक ने एचटी से बातचीत में कहा 'वह (जुबीन गर्ग) बहुत ही दयालु और प्यारे इंसान थे। अब इससे ज्यादा कोई किसी के बारे में क्या बोल सकता है? मैं उनसे पहली बार असम के एक व्यक्ति के जरिए मिला था। मैंने उन्हें 'फिजा' में गाना सिखाया। हमारी अच्छी बनती थी। वह अपनी बहन को लेकर बहुत भावुक थे, जिसे उन्होंने एक दुर्घटना में खो दिया था। उन्होंने मुझे बताया था कि वह असमिया, बंगाली, मणिपुरी यहां तक कि मराठी में भी गाते थे! उनके लाइव कॉन्सर्ट जानलेवा होते थे। उनके निधन की खबर सुनकर मन खट्टा हो गया है।'




### गर्ग ने बीमारी के बारे में बताया

अनु ने बातचीत में यह भी बताया कि जुबीन गर्ग कुछ समय पहले कुछ स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और कहा 'वो अक्सर मुझसे कहते थे कि उन्हें अचानक से बेहोशी आ जाती है। मैं उनसे कहता था, 'जाओ और अपना चेकअप करवाओ।' फिर वर्षों तक हमें इसका पता ही नहीं चला। उसने फोन भी नहीं किया। उसने पहाड़ों की आवाज सुनी और असम चला गया।'

### जुबीन गर्ग का काम

आपको बता दें कि असमिया गायक जुबीन गर्ग का सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग दुर्घटना में निधन हो गया। जुबीन गर्ग नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे, जहां उन्हें परफॉर्म करना था। जुबीन ने तीन साल की उम्र में ही गाना शुरू कर दिया था। उन्हें पहली शिक्षा उनकी मां से मिली थी। बाद में उन्होंने पंडित रॉबिन बनर्जी से 11 साल तक तबला सीखा। गर्ग ने 40 से अधिक भाषाओं और बोलियों में गाना गाया। उन्होंने बॉलीवुड की कई फिल्मों के लिए गाने गाए।

## 'कल्कि 2' से बाहर होने के बाद दीपिका का भावुक पोस्ट, शाहरुख के साथ शुरू की 'किंग' की शूटिंग



'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल से बाहर किए जाने की चर्चाओं के बीच अब दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म करने की पुष्टि की है। दीपिका ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की है कि वो शाहरुख खान के साथ 'किंग' में काम कर रही हैं। 'कल्कि 2' से निकाले जाने के बाद यह खबर दीपिका के फैंस के लिए खुशखबरी लाई है।

### कल्कि 2 से बाहर किए जाने के बाद दीपिका की पहली पोस्ट

'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल बाहर किए जाने के बाद दीपिका ने पहली बार सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किया। इस पोस्ट में उन्होंने इस बात को कंफर्म किया कि वो शाहरुख खान के साथ फिर से काम कर रही हैं। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर शाहरुख खान का हाथ थामे एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में सिर्फ दोनों के हाथ नजर आ रहे हैं, चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस तस्वीर के साथ ही दीपिका ने एक दिल छू लेने वाला नोट भी लिखा है।

### 18 साल पहले दी गई शाहरुख की सीख को किया याद

क्लोज-अप तस्वीर में दीपिका और शाहरुख एक-दूसरे का हाथ थामे बैठे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए दीपिका ने याद किया कि शाहरुख ने उनके लिए पहला सबक क्या दिया था। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'लगभग 18 साल पहले ओम शांति ओम की शूटिंग के दौरान उन्होंने मुझे जो पहला सबक सिखाया, वह यह था कि फिल्म बनाने का अनुभव और आप जिन लोगों के साथ इसे बनाते हैं, वे इसकी सफलता से कहीं ज्यादा मायने रखते हैं। मैं इससे पूरी तरह से सहमत हूं। तब से मैंने अपने हर फैसले में इस सीख को लागू किया है। शायद यही वजह है कि हम साथ में अपनी छठी फिल्म बना रहे हैं?' इस पोस्ट में दीपिका ने किंग का हैशटैग लगाया है। साथ ही शाहरुख खान और 'किंग' के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद को मेंशन भी किया है। साथ ही उन्होंने डे वन लिखा है, जिससे ये साफ होता है कि उन्होंने 'किंग' की शूटिंग शुरू कर दी है।

### शाहरुख के साथ हिट है दीपिका की जोड़ी

दीपिका पादुकोण ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत ही शाहरुख के साथ 2007 में आई फिल्म 'ओम शांति ओम' से की थी। इसके बाद उन्होंने शाहरुख के साथ 'हैप्पी न्यू ईयर', 'चेन्नई एक्सप्रेस', 'पठान' और 'जवान' में भी काम किया है। दीपिका और शाहरुख की जोड़ी जब भी बड़े पर्दे पर आई है फिल्म सफल हुई है। अब सिद्धार्थ आनंद द्वारा निर्देशित 'किंग' में यह जोड़ी एक बार फिर नजर आएगी।

## ब्लॉकबस्टर निर्देशक एटली, करियर में नहीं दी एक भी फ्लॉप फिल्म

भारतीय सिनेमा की दुनिया में गिने-चुने ही ऐसे निर्देशक होंगे जिन्होंने अपने अब तक के करियर में कभी कोई फ्लॉप फिल्म न दी हो। इन चुनिंदा नामों में एक नाम शामिल है ब्लॉकबस्टर फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली का। एक दशक से लंबे अपने करियर में एटली ने बतौर निर्देशक एक भी फ्लॉप फिल्म नहीं दी है। इस दौरान उन्होंने कुल छह फिल्मों का निर्देशन किया है, वो सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही हैं। जबकि उनमें से तीन ने बॉक्स ऑफिस पर कमाई के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। बतौर सहायक निर्देशक अपना करियर शुरू करने वाले अरुण कुमार उर्फ एटली आज भारतीय सिनेमा के एक जाने-माने निर्माता-निर्देशक हैं। एटली ने 21 सितंबर को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर जानते हैं एटली के अब तक के सफर के बारे में।

### कॉलेज के दिनों में बनाई शॉर्ट फिल्म

21 सितंबर 1986 को तमिलनाडु के मदुरई में जन्में अरुण कुमार उर्फ एटली को शुरू से ही सिनेमा के प्रति लगाव था। इसीलिए एटली ने चेन्नई की सत्यभामा यूनिवर्सिटी विज़ुअल कम्यूनिकेशन की पढ़ाई की। इसी दौरान एटली ने कॉलेज के दोस्तों के साथ मिलकर एक शॉर्ट फिल्म बना डाली। इस फिल्म का नाम था 'En Mel Vizhundha Mazhai Thuli'। इस फिल्म को काफी सराहना मिली और अलग-अलग कॉम्पीटिशन में अवॉर्ड्स से सम्मानित किया गया।

### 'रोबोट' में बने एस शंकर के असिस्टेंट डायरेक्टर

इस शॉर्ट फिल्म के सफल होने के बाद अब एटली ने फिल्मी दुनिया में कदम रखने की सोची। इसके लिए उन्होंने मणिरत्नम, एस शंकर और गौतम वासुदेव मेनन जैसे साउथ के दिग्गज निर्देशकों के पास असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर कामा मांगा। अंत में उन्हें एस शंकर के साथ बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम करने का मौका मिला। इसके बाद एटली ने एस शंकर की फिल्म 'एंदीरन', जिसे हिंदी में रोबोट के नाम से रिलीज किया गया। इसमें बतौर सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया। रजनीकांत स्टारर यह फिल्म सुपरहिट रही। इसके बाद एटली ने एस शंकर की एक और फिल्म 'ननबन', जो आमिर खान की 'थ्री इडियट्स' की रीमेक थी, उसमें भी बतौर सहायक निर्देशक काम किया। इस दौरान साल 2011 में एटली ने एक और शॉर्ट फिल्म बनाई 'मुगपुथगम', यह एक एक लड़के की कहानी थी, जो फेसबुक वाले दौर में प्यार ढूंढ रहा है।





### 2013 में फिल्म 'राजा रानी' से की बतौर निर्देशक शुरुआत

इसके बाद साल 2013 में एटली ने बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत की। उन्होंने 'गजनी' बनाने वाले निर्माता-निर्देशक एआर मुरगदास को एक रोमांटिक कहानी सुनाई। इसमें दो लोगों की जबरदस्ती शादी करवा दी जाती है, जबकि ये किसी और से प्यार करते थे। मुरगदास को ये आइडिया पसंद आया और वो फिल्म प्रोड्यूस करने के लिए तैयार हो गए। इस तरह से एटली ने 2013 में आई फिल्म 'राजा रानी' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा। नयनतारा, आर्या, जय और नजरिया नाजिम स्टारर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही। इसके बाद एटली ने दोबारा पीछे मुड़कर नहीं देखा।

### विजय के साथ दीं बैक टू बैक तीन ब्लॉकबस्टर फिल्में

पहली फिल्म की रिलीज के लगभग तीन साल बाद साल 2016 में एटली अपनी दूसरी फिल्म लेकर आए। इस बार वो साउथ सुपरस्टार थलापति विजय के साथ इमोशनल एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'थेरी' लाए। इस फिल्म में विजय के साथ सामंथा और एमी जैक्सन भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। इस फिल्म ने एटली को बतौर निर्देशक स्थापित कर दिया। साथ ही इस फिल्म से एटली और थलापति विजय की एक नई जोड़ी भी बनी। जिसने बाद में एक्शन-थ्रिलर 'मर्सेल' और स्पोर्ट-ड्रामा 'बिगिल' जैसे ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। विजय और एटली की तीनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई हैं। एटली ने अपने करियर में छह में से तीन फिल्में विजय के साथ की हैं।

### 2017 में शुरू किया खुद का प्रोडक्शन हाउस

2017 में एटली ने अपनी पत्नी प्रिया एटली के साथ मिलकर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस 'ए फॉर एप्पल' खोला। इसके तहत उन्होंने 'अंधाघरम' को प्रोड्यूस किया।

### 'जवान' ने तोड़े कमाई के रिकॉर्ड

अब तक एटली साउथ के मशहूर निर्देशकों में शामिल हो चुके थे। लेकिन अभी भी उनके करियर की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर आना बाकी थी। साल 2023 में एटली ने बॉलीवुड में एंट्री की और बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान को लेकर फिल्म बनाई 'जवान'। शाहरुख खान, विजय सेतुपति, नयनतारा, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा और रिद्धि डोंगरा स्टारर 'जवान' रिलीज होते ही बॉक्स ऑफिस पर छा गई। फिल्म ने कमाई के नए कीर्तिमान स्थापित किए। 'जवान' ने दुनियाभर में कुल 1150 करोड़ रुपए की कमाई की और हिंदी सिनेमा की ऑलटाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म बन गई। इसके साथ ही एटली बन गए हिंदी सिनेमा के दिग्गज निर्देशक।

### 'जवान' के लिए शाहरुख को मिला नेशनल अवॉर्ड

फिल्म 'जवान' की सफलता में एक पल तब और जुड़ गया जब 70वें नेशनल अवॉर्ड में 'जवान' के लिए शाहरुख खान को उनके करियर का पहला नेशनल अवॉर्ड मिला। शाहरुख को एटली की इस फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड मिला है।


### अल्लू अर्जुन के साथ अगली फिल्म को लेकर हैं चर्चाएं

एटली इन दिनों अल्लू अर्जुन के साथ अपनी आगामी फिल्म AA22xA6 को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। यह भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे महंगी फिल्म होने की संभावना है। फिल्म को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

### अभिनेत्री कृष्णा प्रिया से की शादी

एटली ने साल 2014 में अभिनेत्री कृष्णा प्रिया से शादी की। इसके बाद साल 2023 में दोनों ने अपने बेटे का स्वागत किया। कपल साउथ इंडस्ट्री के पसंदीदा कपल में से एक हैं। दोनों अक्सर साथ में अपनी तस्वीरें भी साझा करते रहते हैं।

## अक्षय कुमार के पास है 100 करोड़ से लेकर 2000 करोड़ तक की फिक्स्ड डिपॉजिट



'द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 3' का आखिरी एपिसोड 20 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुआ। इस दौरान उनके फिनाले गेस्ट थे अक्षय कुमार, जिनके आने से सेट का माहौल एकदम अलग हो जाता है। उन्होंने शो में कपिल के कनाडा कैफे पर हुई फायरिंग का मजाक भी बनाया। साथ ही अपनी 100 करोड़ रुपये के फिक्स्ड डिपॉजिट का भी खुलासा किया।

'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के फिनाले एपिसोड में अक्षय कुमार ने जमकर मस्ती की। इस दौरान अपनी वित्तीय स्थिरता के बारे में भी बताया। कपिल ने एक्टर से पूछा, 'एक वक्त आता है, जहां हमें लगता है कि हमारा किचन सेफ है। अब मैं अक्षय कुमार बन गया हूं। ये वक्त आप को कब लगा?' साथ ही अर्चना पूरन सिंह पर चुटकी लेते हुए कहा, 'अर्चना जी को 40 साल हो गए इंडस्ट्री में। इनको 9 साल पहले ये पता लगा कि मैं अब सेफ हूं। जब इन्होंने हमारा शो जॉइन किया।'

### अक्षय कुमार की 100 करोड़ रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट

इधर, अक्षय ने मुस्कुराते हुए कहा, 'मैंने एक न्यूज पढ़ी थी। बहुत पहले की बात कर रहा हूं। कि जितेंद्र साहब की 100 करोड़ की फिक्स्ड डिपॉजिट है। मुझे आज भी याद है कि मैं अपने पापा के पास दौड़कर गया और पूछा कि डैडी 100 करोड़ की फिक्स्ड डिपॉजिट का मतलब इंट्रेस्ट रेट में कितना पैसा आता होगा?'

अक्षय ने बताया कि उस वक्त इंट्रेस्ट रेट 13% था। मतलब आप 1.3 करोड़ हर महीने कमाओगे। मजाकिया अंदाज में बोले, 'फिर मैं 100, फिर 1000 करोड़ की फिक्स्ड डिपॉजिट कराता है। फिर 2000 करोड़ की कराता। मतलब चलता ही रहता है।' बता दें कि अक्षय ने एक बातचीत में भी बताया था कि जब वह इंडस्ट्री में आए थे तो सिर्फ 10 करोड़ रुपये ही कमाना चाहते थे लेकिन एकता कपूर और जितेंद्र की एफडी की न्यूज सुनने और उसके इंट्रेस्ट रेट को जानने के बाद उन्होंने तय किया कि अब उनको 100 करोड़ रुपये कमाने हैं। इस एपिसोड में ही अक्षय अपने करियर के सभी स्टंटमैन से दुनिया को मिलवाते हैं। बताते हैं कि उनके करियर को बनाने में उन्हीं लोगों का हाथ था।

## विवादों में घिरी तमिल फिल्म 'बैड गर्ल' हिंदी में होगी रिलीज, मेकर्स ने साझा की तारीख



तमिल फिल्म 'बैड गर्ल' को कई इंटरनेशनल फिल्म्स में सराहा गया है। साथ ही अपनी कहानी के कारण यह शुरुआत से विवादों में घिरी रही। अब हिंदी दर्शक भी इस फिल्म को जल्द देख पाएंगे। मेकर्स ने फिल्म की हिंदी रिलीज डेट शेयर की है।

### जल्द हिंदी में रिलीज होगी फिल्म 'बैड गर्ल'

अनुराग कश्यप और वेत्री मारन प्रोड्यूस तमिल फिल्म 'बैड गर्ल' हिंदी में 26 सितंबर 2025 को रिलीज होगी। तमाम आलोचानाओं के बाद भी फिल्म 'बैड गर्ल' सेंसर बोर्ड से पास हो चुकी है, इसे यू/ए सर्टिफिकेट मिला है। फिल्म को वर्षा भरत ने निर्देशन किया है।

### कहानी बनी विवाद में होने का कारण

जब तमिल फिल्म 'बैड गर्ल' का टीजर कुछ महीने पहले रिलीज हुआ तो इसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटाने को कहा गया। यह आदेश मद्रास हाईकोर्ट ने दिया। दरअसल, फिल्म के टीजर में बच्चों, टीनएजर्स से जुड़े कुछ ऐसे आपत्तिजनक चित्रण थे, जिन पर मद्रास हाईकोर्ट ने आपत्ति जताई। ऐसे में कोर्ट ने मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी को फिल्म 'बैड गर्ल' का टीजर यूट्यूब से हटाने का आदेश दिया था। इस फिल्म की निर्देशक वर्षा भारत तब फिल्म को सपोर्ट किया था।

### क्या है 'बैड गर्ल' की स्टोरी लाइन

निर्देशक वर्षा भारत की फिल्म 'बैड गर्ल' को काफी क्रिटिसाइज किया गया है। इसमें एक स्कूली लड़की के रिलेशनशिप को एक्सप्लोर करने की कहानी दिखाई गई। फिल्म को 2025 के रॉटरडैम इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में अवॉर्ड भी मिला है।

## खेसारी लाल यादव की यूजर्स ने ली मौज, पर कार-बाइक का कलेक्शन देख फटी आंखें



कभी गरीबी में जीने वाले खेसारी लाल यादव अपनी मेहनत के दम पर भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार बन गए हैं। उनके पास नाम और शोहरत के साथ-साथ अपार धन-दौलत भी है। विश्वकर्मा पूजा पर शेयर की गई उनकी फोटो वायरल हो रही है, जिसमें महंगी कार और बाइक का कलेक्शन दिख रहा है।

खेसारी लाल यादव भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार हैं। साल 2000 में सिंगिंग और 2011 में एक्टिंग की दुनिया में ऐसा कदम रखा कि फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। इतने सालों में उन्होंने ना सिर्फ बेहतरीन फिल्में दी हैं, बल्कि शानो-शौकत की जिंदगी जी रहे हैं। उन्होंने हाल ही में विश्वकर्मा पूजा पर परिवार संग एक फोटो शेयर की। उनकी तस्वीर में पीछे लाखों-करोड़ों की गाड़ियां और दो पहिया खड़ी हुई हैं। अपने स्टार की सफलता को देख फैंस बेहद खुश हैं, पर कुछ मौज भी ले रहे हैं। एक ने कह दिया कि इतना सबकुछ होने के बाद भी फटी जींस पहनी है!

खेसारी लाल यादव ने दो फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, 'विश्वकर्मा बाबा की जय।' उनके पोस्ट को 4 लाख 19 हजार से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है। फैंस भर-भरकर कॉमेंट्स कर रहे हैं। एक ने कहा, 'ये हुई ना बात। बस ऐसे ही त्योहारों पर अपना फोटो वीडियो पोस्ट करते रहिए।' दूसरे ने कहा, 'किंग का जलवा है।' तीसरे फैन ने कॉमेंट किया, 'ग्लोबल ट्रेन्डिंग स्टार।'

### यूजर्स ने ली मौज

पर कुछ यूजर्स ने मौज भी ली। एक ने कहा, 'इतना पैसा होने के बावजूद फटल जींस पहन रहा है।' एक और ने कहा, 'फटी जींस क्यों पहनी है भैया।'

### खेसारी लाल यादव की नेट वर्थ कितनी है?

खेसारी लाल यादव की अनुमानित कुल संपत्ति 18 से 20 करोड़ के बीच बताई जाती है। वो एक फिल्म के लिए 50 लाख रुपये फीस लेते हैं। स्टेज शो के लिए 10 से 15 लाख। उनके पास मुंबई में 20 करोड़ का लग्जरी अपार्टमेंट है। पटना में भी आलीशान बंगला है। छपरा में पैतृक गांव में जमीन भी है।

### खेसारी की मंहगी कारों का कलेक्शन

कार कलेक्शन की बात करें तो 2-3 करोड़ की लैंड रोवर डिफेंडर से लेकर 30 लाख तक की टोयोटा फॉर्च्यूनर तक शामिल हैं। तस्वीर में ही चार कार खड़ी दिख रही हैं। बाइक का भी कलेक्शन है। बुलेट जैसी महंगी 4-5 बाइक हैं।

## 'कैमियो की तरह हो गए हो, पिक्चर में नहीं दिखते...' सलमान खान ने गौरव खन्ना को झाड़ा



'बिग बॉस 19' के लेटेस्ट वीकेंड का वार एपिसोड में होस्ट सलमान खान ने 'अनुपमा' एक्टर गौरव खन्ना को खूब लताड़ा, क्योंकि वे घर में कम एक्टिव हैं। सलमान ने उनकी तुलना एक फर्नीचर से कर दी। सलमान ने गौरव को 'इंडियन टीवी का चहेता लड़का' और 'ग्रीन फ्लैग' भी कहा, लेकिन उन्हें याद दिलाया 'बात एडिटिंग की नहीं है। आप खुद ही अपना स्क्रीन टाइम कम कर रहे हैं'। उन्होंने कहा कि गौरव अब तक सिर्फ 20 मिनट ही दिखाई दिए हैं।

सलमान खान ने गौरव खन्ना से पूछा, 'आपका घर में जो दिख रहा है, ये आपका असल किरदार है? क्या आप दूसरे कंटेस्टेंट्स के टैलेंट से घबरा रहे हैं? आपको मुद्दों पर बोलना चाहिए। आप उस पर परफॉर्मेंस का प्रेशर कैसे ले रहे हैं? ये दिमाग का कॉम्पिटीशन है, मुद्दों से सही तरीके से निपटने का। आप एक समझदार इंसान हैं, इसका इस्तेमाल क्यों नहीं कर रहे हैं?'

### कैमियो जैसा हो गया है गौरव का रोल

पर गौरव खन्ना ने अपना बचाव करते हुए कहा कि वो टास्क के दौरान होने वाली गालियों और अग्रेशन (गुस्से) से दूर रहना पसंद करते हैं। इस पर सलमान ने कहा, 'घर में आपका रोल किसी स्टार के कैमियो जैसा है, जो पोस्टर में नजर आता है, लेकिन पिक्चर में नहीं दिखते।'

### सोफे पर बैठे ही दिख रहे हैं गौरव

सलमान ने आगे बताया कि दर्शक गौरव को एक्टिव नहीं देख पा रहे हैं। वे उन्हें सिर्फ सोफे पर बैठे या कभी-कभार कॉमेंट करते हुए ही दिख रहे हैं। यहां तक कि चौथे हफ्ते में भी। दर्शकों को प्रोड्यूसर्स को झूठा नहीं कहना चाहिए, क्योंकि लोगों को लग सकता है कि वो वही गौरव नहीं हैं, जिसे उन्होंने पर्दे पर देखा था।



# ‘युवा परीक्षा देते और पेपर लीक हो जाते’, सीएम भजनलाल का कांग्रेस पर तीखा हमला

## बोले- अब किसी परीक्षा पर नकल का साया नहीं

सीकर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज एक दिवसीय सीकर दौरे पर है। सीएम भजनलाल शर्मा ने सांवली मेडिकल कॉलेज के सामने आयोजित नशा मुक्ति शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रहने और नशा मुक्ति अभियान से जुड़ने की शपथ दिलाई। साथ ही पेपर लीक के मुद्दे पर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि युवा और बच्चे देश व राष्ट्र का भविष्य हैं। यदि वे नशे के जाल में फंसते हैं तो न केवल उनका जीवन बल्कि पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। उन्होंने सभी से अपील की कि नशे से दूर रहकर अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें।

**नशा मुक्त भारत के निर्माण में भूमिका निभाए हर वर्ग**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा सप्ताह पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि यह पखवाड़ा नशा मुक्ति अभियान को समर्पित है और सरकार चाहती है कि समाज का हर वर्ग इस मुहिम से जुड़कर नशा मुक्त भारत के निर्माण में भूमिका निभाए।

**मुख्यमंत्री ने शिक्षा और रोजगार पर भी जोर दिया**

मुख्यमंत्री ने शिक्षा और रोजगार पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में युवा पेपर देते थे और वह पेपर लीक हो जाते। लेकिन 2 साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। मेरी युवाओं से अपील है की मेहनत करिए और आगे आइए। वर्तमान सरकार ने अब तक जितनी भी परीक्षाएं आयोजित की हैं, वे पूरी



तरह से पारदर्शी और नकल रहित रही हैं। जबकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में ऐसा कोई भी परीक्षा आयोजन नहीं हुआ था जिसमें नकल का साया न रहा हो। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। लाखों नौकरियां देने का वादा सरकार ने किया था और उसे पूरा किया जा रहा है। साथ ही निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**हमने बॉर्डर पर रोका नशे का खेल**

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे राजस्थान में पिछली बार किस तरह से नशे का खेल होता था। लेकिन अब बॉर्डर से लेकर हमने उसे भी रोकने का काम किया है। 18 महीने में हमने नशे के खिलाफ 6608 मुकदमे दर्ज किए हैं। साथ ही इनमें 7800 से ज्यादा गिरफ्तारियां हुई। 4700 किलो अफीम,130 किलो हीरोइन जब्त की गई है। इतना ही कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार में प्रदेश सुरक्षा की ओर आगे बढ़ रहा है।

**कोचिंग का हब बन चुका सीकर**

सीकर के बारे में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शहर आज शिक्षा और कोचिंग का हब बन चुका है। यहां के कोचिंग संचालक ईमानदारी और लगन से विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में जुटे हैं। उन्होंने कोचिंग संचालकों की सराहना करते हुए कहा कि वे बच्चों के सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बच्चों से अपील की कि वे नशे से दूर रहकर कड़ी मेहनत करें और अपने माता-पिता का नाम रोशन करें।

**नशे से दूर रहे बच्चे**

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन के अंत में कहा कि हमें सबको मिलकर राजस्थान को नशा मुक्त बनाना है। यह केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग की जिम्मेदारी है। यदि बच्चे और युवा नशे से दूर रहेंगे तो निश्चित रूप से राजस्थान और भारत का भविष्य उज्ज्वल होगा।

**मंत्री खर्रा बोले-बर्बादी की ओर ले जाता है नशा**

इस अवसर पर मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है। हमें मिलकर यह संकल्प लेना होगा कि नशे से दूरी बनाएंगे और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में राजस्थान और देश के विकास में योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान तेजी से प्रगति की ओर बढ़ रहा है और इस अभियान को सफल बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# मंत्री भागीरथ चौधरी बोले- *किसानों को मिली नई पहचान*

## 2014 के बाद आय दोगुनी से अधिक हुई



जोधपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि 2014 के बाद से किसानों की आय दोगुनी से भी अधिक हुई है। पूर्ववर्ती सरकारों ने किसानों के हितों को नजरअंदाज किया, लेकिन वर्तमान सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए हैं। वे जोधपुर के काजरी (केंद्रीय शुष्क बागवानी अनुसंधान संस्थान) में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। चौधरी ने सिंधु जल समझौते के स्थगन पर कहा कि इससे राजस्थान को निश्चित ही लाभ मिलेगा और प्रदेश को सिंधु का पानी अवश्य मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने खेजड़ी कटाई के मुद्दे पर कहा कि पर्यावरण सबसे पहले है। उन्होंने बताया कि ‘लोकल फॉर वोकल’ अभियान से किसानों को सीधा फायदा हो रहा है। उन्होंने काजरी के काम को जनजागरण से जोड़ते हुए कहा कि यही देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। चौधरी ने कहा कि आज विकसित देशों की भारत के प्रति दृष्टि बदल रही है। पहले वे भारत को गरीब देश मानते थे, लेकिन अब भारत ने कृषि और अनुसंधान से धोरों की धरती का कायाकल्प किया है। किसान धरती का भगवान है, जिसके काम करने की न कोई समय सीमा है और न ही रिटायरमेंट। उन्होंने किसानों को चेताया कि जैसे बिना डॉक्टर की सलाह दवाई नहीं ली जाती, वैसे ही बिना बताए यूरिया और डीएपी का प्रयोग नहीं करना चाहिए। आने वाले समय में कृषि एक बड़ी इंडस्ट्री के रूप में सामने आएगी। अपने अनुभव साझा करते हुए चौधरी ने कहा कि उनके पिता बड़े किसान थे और लोग देखकर खेती करना सीखते थे। उस समय खेती प्राकृतिक चक्र के अनुसार होती थी। देश ने एक दौर में अनाज की कमी देखी, तब प्रधानमंत्री के कहने पर लोगों ने उपवास तक रखा।

# शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने शिक्षकों की जवाबदेही पर दिखाई सख्ती, कहा- राष्ट्र प्रथम होना चाहिए

जोधपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। अगर आप सरकारी अध्यापक हैं और इस गलतफहमी में हैं कि आप की स्कूल का परिणाम लगातार खराब आने के बावजूद आप पर कोई नजर नहीं रख रहा तो अब सावधान हो जाइए, क्योंकि सरकारी स्कूलों के परिणामों पर अब शिक्षा विभाग सख्त हो चुका है। ऐसे अध्यापकों पर अब शिक्षा विभाग की पैनी नजर रहेगी। साथ ही अब परिणाम के बारे में शिक्षा विभाग को बताना भी होगा। अध्यापकों का परफॉर्मेंस अच्छा होगा तो उन्हें तबादलों में राहत दी जाएगी। जिनका परिणाम सही नहीं होगा उन्हें यह राहत नहीं मिलेगी।

स्कूल समय में बालाजी भेरुजी मंदिर या फिर नमाज पढ़ने जाने और मोबाइल क्लास में नहीं ले जाने के आदेशों का असर हुआ है। अब स्कूलों का परिणाम भी सुधरा है। साथ ही आपको जानकर खुशी होगी कि सरकारी स्कूलों का परिणाम



निजी स्कूलों से अच्छा हुआ है। इसी के चलते सरकारी स्कूलों का स्तर पहले से अच्छा हुआ है और यह सुधार की प्रक्रिया लगातार जारी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। 500 वर्षों से चल रहा राम मंदिर के निर्माण का इंतजार खत्म हुआ। आज करोड़ों लोग वहां दर्शन कर रहे हैं और यह जो हमारे माथे का कलंक था वह मिट गया है। तीन तलाक से महिलाओं को मुक्ति दिलाई गई।

कांग्रेस पर हमला बोलते हुए मदन दिलावर ने कहा कि जब बाटला हाउस में आतंकवादियों को मारा जा रहा था तब सोनिया गांधी पूरी रात फूट फूट कर रो रही थीं और यह राहुल गांधी ने बताया था। इसे साफ जाहिर होता है कि आतंकवादियों से असीम प्रेम था। इनको कोई न कोई रिश्तेदार लगते होंगे आतंकवादी। शिक्षकों को तबादले पर बोलते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हमारे पूज्य गुरुजनों से एक निवेदन है कि राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। जिससे जो काम उन्हें दिया गया है उसे पर पूरी ताकत और मेहनत से करेंगे और और बहुत से शिक्षक काम कर भी रहे हैं।

झालावाड़ स्कूल हादसे से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए मदन दिलावर ने कहा कि मांग तो 50 करोड़ की भी कर सकते हैं। मांग की कोई सीमा नहीं हो सकती। यह बहुत बड़ा देश है।

# ओडिशा के पूर्व डीजीपी मोहंती बरी

## जर्मन महिला से दुष्कर्म के दोषी बेटे को फरार करवाने का मामला



जयपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। जर्मन महिला से दुष्कर्म के दोषी बिट्टीहोत्रा मोहंती को पैरोल पर फरार करवाने के मामले में ओडिशा के पूर्व डीजीपी विद्याभूषण (वीबी) मोहंती को कोर्ट ने सभी आरोपों से बरी कर दिया है। यह मामला करीब 19 साल पुराना है। एसीजेएम कोर्ट नंबर 4 जयपुर मेट्रो-2 ने अपने फैसले में माना कि वीबी मोहंती ने न तो अपने बेटे को किसी प्रकार की सुरक्षा दी और न ही उसे पकड़ने में कोई बाधा उत्पन्न की। कोर्ट ने यह भी कहा कि पुलिस की ओर से बिना ठोस सबूत और जांच के चालान पेश किया गया था।

जानकारी के मुताबिक, साल 2006 में अलवर की एक अदालत ने बिट्टीहोत्रा मोहंती को एक जर्मन महिला से दुष्कर्म के मामले में 7 साल की सजा सुनाई थी। वह जयपुर सेंट्रल जेल में सजा काट रहा था। उसी साल उसे अपनी बीमार मां से मिलने के लिए 15 दिन की पैरोल मिली, लेकिन वह पैरोल के दौरान फरार हो गया।

बिट्टी के फरार होने के बाद आरोप लगा कि उसके पिता और उस समय ओड़िशा के डीजीपी रहे वीबी मोहंती ने उसे भगाने में मदद की। इस आधार पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

कोर्ट ने कहा कि पुलिस की जांच में यह साबित नहीं हो सका कि वीबी मोहंती ने बेटे को फरार करने में कोई भूमिका निभाई। साथ ही जांच में ठोस सबूत नहीं मिलने के चलते कोर्ट ने उन्हें सभी आरोपों से मुक्त कर दिया।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष की विवादित टिप्पणी पर बोले शेखावत

# लोकतंत्र में अभद्र भाषा का कोई स्थान नहीं

जोधपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर में अपने आवास पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान मीडिया से बातचीत की। उन्होंने जोधपुर जिला अध्यक्ष द्वारा आरएसएस और भाजपा पर की गई टिप्पणी को लेकर कहा कि राजनीति और लोकतंत्र में अभद्र भाषा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने भी लोकतंत्र में स्वच्छता और संयम की बात की थी, महात्मा गांधी ने भी जीवन में संयम और वाणी पर नियंत्रण की शिक्षा दी थी।

शेखावत ने कहा कि जिन लोगों ने बाबा साहब और गांधी के नाम पर राजनीति करते हुए अभद्र भाषा का उपयोग किया, उन्हें ये संस्कार वर्तमान में कांग्रेस के नेताओं से मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की भाषा का प्रतिकार जरूरी है लेकिन कांग्रेस को आत्ममंथन भी



करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पारस भंडारी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने गलत को स्वीकार कर जिला अध्यक्ष को क्षमा मांगने के लिए कहा है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव में एबीवीपी की जीत को लेकर शेखावत ने कहा कि यह राष्ट्रवादी विचारधारा की जीत है और विकसित भारत के संकल्प की सफलता का प्रतीक है। उन्होंने सभी छात्रसंघ उम्मीदवारों का धन्यवाद किया और एबीवीपी के पूरे पैनल को बधाई दी।

शेखावत ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव में यह परिणाम दर्शाता है कि युवा पीढ़ी राष्ट्रीय हित में काम करने वाले और राष्ट्रवादी सोच रखने वाले लोगों के साथ खड़ी है, न कि भ्रम फैलाकर संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने वालों के साथ।

# 100 करोड़ की ठगी मामले में और चार आरोपी गिरफ्तार

## साइबर संग्राम के तहत अब तक 10 पकड़ में आए

अलवर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। अलवर जिले में पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ऑपरेशन साइबर संग्राम के तहत विशेष टीम ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया। इससे पहले शुक्रवार को छह आरोपी पकड़े गए थे। कुल मिलाकर अब तक 10 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह ने फर्जी अकाउंट्स के जरिए 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का साइबर फ्रॉड किया है।

साइबर सेल की रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपियों ने सैकड़ों फर्जी करंट अकाउंट, कॉर्पोरेट अकाउंट और म्यूल अकाउंट बनवाकर साइबर गिरोह को कमीशन पर बेच दिए। इन खातों के जरिए ठगों ने बैटिंग, गेमिंग और निवेश ठगी के नाम पर करोड़ों की रकम इकट्ठा की। एक संदिग्ध खाता संख्या 120032138141 पर ही 101 साइबर फ्रॉड की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें करीब 41 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी उजागर हुई। जांच में इस खाते से लगभग 2 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन भी मिला।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 7 चेकबुक, 19 एटीएम, 6 पासबुक, 12 हस्ताक्षरशुदा चेक, 27 मोबाइल फोन, 27 सिम कार्ड, आधार-पैन कार्ड, 3 आरसी और एक कार जब्त की है। वहीं, गिरफ्तार आरोपियों में जगसीर उर्फ जस्सी, वेदपाल यादव, भगवान सिंह और पंकज कुशवाह शामिल हैं। इससे पहले संजय अरोड़ा, गौरव सचदेवा, अमित बंसल, रामवीर पांचाल, सतीश कुमार बैरवा और प्रेम पांचाल को पकड़ा जा चुका है। एएसपी शरण कांबले ने बताया कि यह अब तक की सबसे बड़ी साइबर कार्रवाई है।

# सवारियों से भरी रोडवेज बस में लगी भीषण आग

## मच गई अफरा-तफरी

कोटा, 21 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के कोटा जिले में सवारियों से भरी रोडवेज बस में आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना रविवार सुबह 10.50 बजे की है। जब अजमेर से आ रही बस के कोटा में प्रवेश करने से पहले भीषण आग लग गई। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई है। लेकिन, रोडवेज बस जलकर पूरी तरह खाक हो गई। सवारियों से भरी राजस्थान रोडवेज की बस अजमेर से कोटा आ रही थी। तभी कोटा-बूंदी रोड पर स्थित टाउनशिप के पास चलती बस में अचानक आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दमकल की मदद से आग पर काबू पाया। बस के गियर में अचानक धुंआ उठता देख सवारियों में हड़कंप मच गया। तभी चालक रहीस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को रोक दिया और सभी सवारियों को नीचे उतारा। इसके बाद चालक और परिचालक ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, आग पर काबू नहीं पाया जा सका।

# जयपुर सेंट्रल जेल से फिल्मी स्टाइल में फरार दूसरा बंदी भी गिरफ्तार




जयपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। जयपुर सेंट्रल जेल से फिल्मी स्टाइल में फरार हुआ दूसरा बंदी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस ने उसे प्रताप नगर के बड़ का बास इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी के सिर और आंख पर चोट के निशान पाए गए हैं। उसे चिकित्सकों से पट्टी बंधवाई गई है। इससे पहले अनस नामक आरोपी को पकड़ा था।

पुलिस टीमों ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों की मदद से फरार बंदियों की तलाश शुरू की थी। दोनों आरोपी 15 और 17 सितंबर को अलग-अलग मामलों में जयपुर सेंट्रल जेल में आए थे। पुलिस जांच के अनुसार दोनों बंदियों ने जेल के गार्डन में लगे पाइप का एक हिस्सा काटकर उसकी रस्सी बनाई और उसी के सहारे जेल की दीवार फांदकर फरार हो गए थे।

फरारी के बाद पुलिस ने शहरभर में नाकाबंदी की थी और कई टीमें गठित की थी। पुलिस ने 11 घंटे बाद अनस को पकड़ लिया था। दूसरा बंदी नवल किशोर भी अब पुलिस की गिरफ्त में है। दीवार फांदते वक्त आरोपी नवल के सिर और आंख में चोट लगी थी। जेल से भागने के बाद दोनों आरोपी शहर के अलग-अलग हिस्सों में छिपते रहे। लेकिन, पुलिस ने तकनीकी और मानवीय खुफिया नेटवर्क का इस्तेमाल कर उनकी लोकेशन ट्रेस की और दोनों को दबोच लिया। जयपुर में हृदयविदारक हादसाः बेकाबू कार 16 फीट नीचे गिरी, एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत... अस्थि विसर्जन कर लौटे थे सभी

**करंट भी लगा था**

अपनी बैरक से नवल और अनस जेल की सुरक्षा को चकमा देते हुए 28 फीट ऊंची थ्री फेस करंट वाली दीवार पर पहुंचे थे। तारों को लकड़ी और पाइप से सेट करने के दौरान दोनों को झटका भी लगा था। इसके बाद नवल प्लास्टिक के पाइप के सहारे पहले उतरा और आधे घंटे बाद अनस भी उतर गया था। फिर दोनों दीवार फांद कर भाग गए थे।

**11 जेलकर्मी सस्पेंड**

जेल डीजी के निर्देश पर वारदात के समय जेल के अंदर ड्यूटी पर तैनात डिप्टी जेलर राम चरण मीणा, दो मुख्य प्रहरी, पांच प्रहरी व 3 आरएएसी जवान को निलंबित कर दिया है। घटना की जांच विभाग की डीआइजी जयपुर सुमन को सौंपी है।

# नाबालिग से दरिंदगी करने वाले दो भाइयों को 20-20 साल की सजा

झुंझुनू, 21 सितंबर (एजेंसियां)। झुंझुनूं में विशेष पोक्सो कोर्ट ने 15 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फैसला सुनाते हुए दो चचेरे भाइयों को 20-20 साल की सजा और जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष पोक्सो कोर्ट ने 15 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दो चचेरे भाइयों को दोषी करार देते हुए 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोनों आरोपियों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार डेढ़ साल पहले बिसाऊ थाने में यह मामला दर्ज हुआ था। मार्च 2024 में नाबालिग के परिजनों ने बिसाऊ थाने में अपनी बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने तलाश शुरू की। दो-तीन दिन बाद नाबालिग को सिंघाना थाने के क्षेत्र से बरामद किया गया। पीड़िता ने बताया कि सांतड़िया गांव निवासी आशीष कुमार उर्फ मोनू ने फोन पर बातचीत कर उसे चिड़ावा बुलाया और इसके बाद वहां से आशीष और उसका एक नाबालिग साथी उसे सांतड़िया गांव ले गए। वहां खेत में बने पोल्ट्री फार्म पर आशीष ने रातभर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद सुबह उसे सिंघाना छोड़ दिया गया। इसके बाद आशीष का चचेरा भाई नवीन कुमार उर्फ लाला उसे झुंझुनूं से किसी गांव ले गया और वहां भी उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में चालान पेश किया। विशेष पोक्सो कोर्ट में 14 गवाहों के बयान दर्ज किए गए और 48 दस्तावेज पेश किए गए। विशेष लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह भांबू ने मामले को मजबूती से रखा। दोनों पक्षों की दलीलों के बाद न्यायाधीश इसरार खोखर ने आशीष उर्फ मोनू और नवीन उर्फ लाला को 20-20 साल की सजा सुनाई और आशीष पर 1 लाख 70 हजार और नवीन पर 1 लाख 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस मामले में एक नाबालिग भी शामिल था, जिसका मुकदमा बाल न्यायालय में चल रहा है।

# प्राइवेट पार्ट में छिपा लाया स्मार्ट वॉच, परीक्षा शुरू होते ही फोटो खींची, पकड़ा गया तो बोला- शादी नहीं हो रही

जयपुर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा में स्मार्ट वॉच से नकल करने के मामले में एक इंजीनियर को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्राइवेट पार्ट में वॉच को छिपाकर लाया था। सुरक्षा जांच में भी वह आसानी से निकल गया। पुलिस ने उसके कब्जे से स्मार्ट वॉच को जब्त कर लिया। अशोक नगर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

एडिशनल डीसीपी पूनम चंद विश्नोई ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रवि झाझरिया (28) निवासी खंडेला सीकर को गिरफ्तार किया है। वह मुरलीपुरा में परिवार के साथ रहता है। उसने बीटेक (इंजीनियरिंग) कर रखी है। राजस्थान चतुर्थ श्रेणी भर्ती परीक्षा में उसका सेंटर अशोक नगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय महावीर मार्ग सी-स्कीम में आया था।

पुलिस ने बताया कि पहली पारी में परीक्षा देने पहुंचा रवि प्राइवेट पार्ट में स्मार्ट वॉच छिपाकर ले गया था। परीक्षा शुरू होते ही उसने वॉच से फोटो खींची तो टीचर को उसके हाव-भाव को देखकर शक हो गया। टीचर ने उसकी तलाशी करवाई तो उसके पास स्मार्ट वॉच मिली। हालांकि अभी तक पेपर की फोटो खींचने की बात सामने आई है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी रवि ने बताया कि उसके पिता रामावतार पानी सप्लाई का काम करते हैं। इंजीनियरिंग की डिग्री के बाद भी कहीं नौकरी नहीं मिली। इसके चलते वह रिश्तेदार की जूते की दुकान पर 10 से 12 हजार रुपए में काम कर रहा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि नौकरी नहीं लगने से उसकी शादी भी नहीं हो रही थी।

# ऑटो से घर गया युवक, चालक के किराया मांगने पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

झुंझुनूं, 21 सितंबर (एजेंसियां)। झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ क्षेत्र में एक खौफनाक वारदात सामने आई, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। यहां किराया मांगने पर एक युवक ने अचानक पेट्रोल डालकर टेंपो को आग के हवाले कर दिया। देखते ही देखते टेंपो धू-धू कर जल उठा और राख हो गया। गनीमत रही कि चालक समय रहते कूद गया, जिससे उसकी जान बच गई। हालांकि वह झुलस गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जानकारी के अनुसार, टेंपो चालक विनोद कुमार जिला अस्पताल के सामने से गुजर रहा था। उसी दौरान उसके परिचित ने अपने भतीजे मोहनलाल को घर छोड़ने की बात कही। विनोद ने मोहनलाल को टेंपो में बैठा लिया और उसे नवलड़ी की रोहिड़ा की ढाणी तक छोड़ आया। उतरते समय जब चालक ने किराया मांगा तो मोहनलाल पैसे लाने का बहाना बनाकर घर के अंदर चला गया। कुछ देर बाद मोहनलाल हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर लौटा और अचानक टेंपो पर पेट्रोल छिड़ककर उसमें आग लगा दी। लपटें इतनी तेज थीं कि चंद पलों में ही पूरा टेंपो राख में तब्दील हो गया।

# नाव पलटने से दो युवकों की मौत

श्रीगंगानगर, 21 सितंबर (एजेंसियां)। भोजेवाला रोड पर घग्घर डिप्रेशन संख्या 12 में पानी में नाव पलटने से दो युवकों की मौत हो गई।

जबकि तीन जने सुरक्षित बाहर निकले। सूचना मिलने पर तहसीलदार,सिटी पुलिस व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय नागरिकों की मदद से दोनों युवकों के शव को बाहर निकालकर उपजिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया।जिनका रविवार सुबह पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर दिनदहाड़े जानलेवा हमला, पैर में आया फ्रैक्चर

बूंदी, 21 सितंबर (एजेंसियां)। पार्टी के कार्यक्रम में जा रहे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल पर चितौड़ रोड स्थित एक रिसोर्ट के बाहर तीन-चार नकाबपोश युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। कार में आए हमलावरों ने अग्रवाल पर हथियारों से ताबड़तोड़ वार किए। अग्रवाल के पैर में फ्रैक्चर है और हाथ में चोटें आई। जब पूर्व जिलाध्यक्ष पर हमला हुआ, उस समय रिसोर्ट के अंदर भाजपा का प्रबुद्धजन सम्मेलन चल रहा था। हमले की जानकारी मिलते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया। कार्यकर्ता अग्रवाल को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी अस्पताल पहुंच गए। जहां चिकित्सकों ने इलाज कर कोटा रैफर कर दिया। अग्रवाल नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल के पति है।

जानकारी के अनुसार शहर के चितौड़ रोड स्थित एक रिसोर्ट में भाजपा के प्रबुद्धजन सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे सुरेश अग्रवाल बाहर गाड़ी खड़ी करने के बाद अंदर जा रहे थे।

## केबीआर पार्क में पिल्लों का गोद लेने का अभियान सफल

हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रविवार को केबीआर पार्क परिसर में आयोजित पशु गोद लेने के विशेष कार्यक्रम में 16 स्ट्रीट डॉग पिल्लों को नया घर मिला। यह कार्यक्रम 'स्ट्रीट डॉग पपीज एंड इंडीज एडॉप्शन' पहल के तहत जीएचएमसी पशु चिकित्सा शाखा द्वारा आयोजित किया गया। अधिकारियों के मुताबिक, कार्यक्रम में पशु प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पिल्लों को गोद लेकर उन्हें देखभाल और प्यार भरा भविष्य देने का वादा किया।


**दक्षिण मध्य रेलवे**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं.डीवाय.सीइ-जीएस-बीजेडए-05-2025-26 दि.19-09-2025 (ireps.gov.in के माध्यम से )**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य अभियंता, गति शक्ति, दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे, विजयवाडा द्वारा निम्न कार्यो हेतु खुली निविदा/टेंडरिंग की दो पैकेट प्रणाली में ई-निविदा आमंत्रित हैं।

निविदा सं. व तिथिः सं.डीवाय.सीइ-जीएस-बीजेडए-05-2025-26 दि.17-09-2025, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजनः गुडूर स्टेशन-पीएफ नं.1, 2&3 तथा 4&5 पर 12एम वाइड फूट ओवर ब्रिजेस एवं सीओपी शेल्टर का प्रस्तावित निर्माण व एबीएस कार्य। निविदा मूल्य रू.254251604.78, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रू.1421300.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, निविदा प्रपत्र मूल्य रू.शून्य, बंद करने की तिथि व समयः10-10-2025 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया **वेबसाइटः** https://ireps.gov.in पर लागिन करें।

पूर्व धरोहर राशि-पूधरा एवं निविदा दस्तावेज मूल्य का भुगतान आनलाइन में आईआरईपीएस पर उपलब्ध केवल नेट बैंकिंग/पेमेन्ट गेटवे सुविधाओं के माध्यम से ही करना चाहिए (अथवा) बिड सेक्युरिटी के प्रति बैंक गारण्टी को एफए & सीएओ /सीओएन/एससी के पक्ष में प्रस्तुत करना चाहिए। 3. निविदाकार, अपने आफर्स को आनलाइन में, निविदा प्रस्तुति/बोली या बिड्डिंग अवधि के दौरान निविदा बंद करने के पहले, अर्थात् पंद्रह दिन की अवधि में प्रस्तुत कर सकते हैं। 4. निविदाकार कोई भी शुध्दिपत्र (केवल आनलाइन द्वारा जारी) को, निविदा प्रस्तुति/बोली अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

**उप मुख्य अभियंता, गति शक्ति, विजयवाडा**

**संख्याः बी-एसजी-पी-ई-02-एकेपी-जीएलपी-25-26, दि.16-09-2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा संख्याः बी-एसजी-पी-ई-03-टीएसआर-केसीसी-25-26, दि.15-09-2025, कार्य विवरणः दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे के विजयवाडा डिवीजन के टीसुंडुरु (टीएसआर) -कृष्णा कैनल जंक्शन (केसीसी) सेक्शन में स्वचालित या आटोमेटिक ब्लाक सिग्नलिंग सिस्टम के प्रावधान हेतु विस्तृत सिग्नलिंग तथा दूर संचार कार्य। निविदा मूल्य रू.72,09,48,073.07, पूधरा रू.37,54,800.00, सीटीबीः शून्य, कार्य पूरा करने की अवधिः 14 महिने, बंद करने की तिथि व समयः 22-10-2025 के 15.30 बजे

निविदा शर्ते/अन्य विवरण जैसे संपूर्ण कार्य विवरण, उपरोक्त कार्यो से जुडा तत्समान स्वभाव का कार्य, अर्हता मानदंड आदि वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध है।

भावी निविदाकारों को परामर्श दिया जाता है कि, किसी भी निविदा के परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए निविदा बंद करने की तिथि से पहले वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

तत्संबंधित निविदा सूचना को, विभागीय रेल प्रबंधक (सिग्नल & दूरसंचार) का कार्यालय, दमरे, विजयवाडा पर स्थित नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया है।

रेलवे के पास कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी निविदा को रध्द करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।

**हमारे साइटः www.ireps.gov.in पर जाएं।**

**उप मुख्य सिग्नल व दूर संचार अभियंता, परियोजनाएं, विजयवाडा**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या डीआरएम/वर्क्स/बीजेडए/24/2025, दि.19-09-2025**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु तत्संबंधित विवरित तिथि के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम संख्याः 1, निविदा संख्याः ई-24-मध्य-2025-बीजेडए, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजनः बीजेडए-जीडीआर सेक्शनः डीइएन/मध्य/बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एडीइएन/बीपीपी सब-डिवीजन के एसएसइ/वर्क्स/बीपीपी सेक्शन में पीएफ1-310x8एम, पीएफ2&3-180x15एम तथा पीएफ4&5-350x15एम के सीएलएक्स स्टेशन पर सीओपी शेल्टर्स का निर्माण कार्य। कार्य पूरा करने की अवधिः 12 (बारह महिने), निविदा मूल्य रू.8,35,90,917.00, पूधरा रू.5,68,000.00, बंद करने की तिथिः 14-10-2025

क्रम संख्याः 2, निविदा संख्याः ई-25-मध्य-2025-बीजेडए, कार्य विवरणः बीजेडए डिवीजनः बीजेडए-जीडीआर सेक्शनः डीइएन/मध्य/बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एडीइएन/बीपीपी सब-डिवीजन के एसएसइ/वर्क्स/बीपीपी सेक्शन में पीएफ1-165x10एम, पीएफ2&3-180x15एम के बीपीपी स्टेशन पर सीओपी शेल्टर्स का निर्माण कार्य। कार्य पूरा करने की अवधिः 12 (बारह महिने), निविदा मूल्य रू.6,73,11,835.00, पूधरा रू.4,86,600.00, बंद करने की तिथिः 16-10-2025

निविदा शर्ते/अन्य विवरण जैसे संपूर्ण कार्य विवरण, उपरोक्त कार्यो से जुडा तत्समान स्वभाव का कार्य, अर्हता मानदंड आदि वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में उपलब्ध है।

भावी निविदाकारों को परामर्श दिया जाता है कि, किसी भी निविदा के परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों को नोट करने के लिए निविदा बंद करने की तिथि से पहले वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।

तत्संबंधित निविदा सूचना को, विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य) का कार्यालय, दमरे, विजयवाडा अथवा विजयवाडा डिवीजन के एडीइएन सब-डिवीजनल आफिस, विजयवाडा डिवीजन के कार्यालयों पर स्थित नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किया गया है।

रेलवे के पास कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी निविदा को रध्द करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।

**हमारे साइटः www.ireps.gov.in पर जाएं।**

**विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य), विजयवाडा**


# अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा चेस और कैरम प्रतियोगिताओं का आयोजन



हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा महाराजा अग्रसेन जयंती (5149वीं) समारोह के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में चेस और कैरम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 21 सितंबर 2025 को अग्रवाल बैंक्वेट हॉल में कैरम एवं शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

खेलकूद समिति के अध्यक्ष रमेश अग्रवाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार प्रतियोगिता का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन जी की पूजा-अर्चना से हुआ। यह पूजा-अर्चना अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता ने संपन्न की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रूपेश अग्रवाल, सचिव विकास केशान, कोषाध्यक्ष अचल गुप्ता एवं समाज के वरिष्ठ सलाहकार बद्री विशाल बंसल भी उपस्थित रहे।

इस प्रतियोगिता का सफल संचालन मान सरोवर शाखा के द्वारा किया गया। खेलकूद समिति के सह-अध्यक्ष रोहित जैन, नीरज मोर, दिनेश अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कार्यक्रम के संयोजक हितेश अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल एवं सौरभ अग्रवाल ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में खेल भावना के साथ-साथ समाजिक एकता को भी मजबूत करते हैं।

अग्रवाल समाज बैंक्वेट हॉल के चेयरमैन नवीन अग्रवाल ने विजेताओं को प्रोत्साहित करने हेतु चुनिंदा विजेताओं को चांदी के सिक्के प्रदान किया। समाज की ओर से इस योगदान की सभी ने सराहना की। प्रतियोगिता में समाज के सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को सम्मानित करते समय वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह आयोजन अग्रवाल समाज की एकता और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

अवसर पर मान सरोवर शाखा के शाखा प्रेसिडेंट रोहित गोयल सचिव मुकेश अग्रवाल वाइज प्रेसिडेंट मनीष डोलरिया सह सचिव निर्मल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश सर्राफ, केएस रोहित जैन, पूर्व अध्यक्ष नीरज मोर के साथ सलाहकार सत्यप्रकाश बंसल और अविरल बंसल, हितेश अग्रवाल, गौतम सर्राफ, सौरभ अग्रवाल, सूची गुप्ता, प्रीतिका अग्रवाल और अरविंद सराफ आदि उपस्थित थे। मानसरोवर शाखा के मंत्री मुकेश अग्रवाल ने शाखा के सभी पदाधिकारियों और महिला सदस्यों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

## अग्रवाल समाज तेलंगाना की दोमलगुडा शाखा द्वारा अन्न प्रसाद कार्यक्रम संपन्न



हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज, तेलंगाना की दोमलगुडा शाखा द्वारा महाराजाश्री अग्रसेन जी की 5149वीं जयंती पर शाखा की अग्रसेवा योजना के अंतर्गत अन्न प्रसाद का आयोजन शाखा द्वारा संचालित अग्रवाल हेल्थ क्लिनिक परिसर के प्रांगण में किया गया।

शाखा अध्यक्ष डॉ. दिलीप पंसारी, उपाध्यक्ष योगेश अग्रवाल, सचिव- प्रतीक अग्रवाल, शाखा परामर्शदाता गिरधारी लाल अग्रवाल और अन्य कि उपस्थिति में महाराजाश्री अग्रसेन जी की पूजा अर्चना के बाद भगवान के भजनों के बीच संपन्न अन्न प्रसाद कार्यक्रम में लगभग 600 लोगों ने प्रसाद भोजन का लाभ प्राप्त किया। अन्न प्रसाद कार्यक्रम में राम गोपाल गुप्ता, कृष्ण अग्रवाल, विकास अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, रोशन लाल मित्तल, श्रीनाथ अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, अजय गुप्ता, त्रिलोकी नाथ अग्रवाल, देवकीनंदन जाजोदिया, महेश गोयल, वी.के. गर्ग, अरुण रूंगटा, सुमित्रा देवी पंसारी, विकास रश्मि अग्रवाल, विजय जिंदल, राजेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, ओमप्रकाश पंसारी, मंजेश्वरी गुप्ता, श्रीनाथ अग्रवाल, महेश गोयल, गिरधारी लाल अग्रवाल, शालिनी केडिया, ऋषभ गुप्ता, गोपाल अग्रवाल, मीता पंसारी, रितेश झुंझुनवाला, रवि सरला अग्रवाल, मेघा अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता और अन्य का सहयोग रहा।

# सीरवी समाज शमसाबाद बडेर में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन



हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय सीरवी समाज वॉलीबॉल प्रतियोगिता शमशाबाद में कुल बारह टीमों ने भाग लिया है जिसमें दो ग्रुप थे, पहला ग्रुप में काटेदन किंग (कोबरा), चेन्नई वॉलीबॉल किंग, आईजी क्लब चेन्नई, हैदराबाद लायन, हैदराबाद टाइगर, मीरपेट।

दूसरा ग्रुप में- मैसूर, चेन्नई चैंगलपट्टू, विरामगुड़ा, सीरवी स्पोर्ट्स चेन्नई, आईजी स्पोर्ट्स शैरलिंगमपल्ली, शमशाबाद बुल्स। इन सभी टीमों के खिलाड़ियों ने खेल भावना से खेल कर अपने योग्यताओं का अच्छा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सीरवी स्पोर्ट्स चेन्नई, द्वितीय स्थान-मैसूर, तृतीय स्थान- चेन्नई वॉलीबॉल किंग ने अपने-अपने किताब नाम किया। इन तीनों टीमों को वॉलीबॉल कप व राशि शमशाबाद बडेर द्वारा प्रदान कर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का मेडल द्वारा हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।

प्रतियोगिता में सोहनलाल हाम्बड़, मोहनलाल हाम्बड, जसराम सोलंकी, परसराम बर्फा, मोतीराम मादावत, सोहनलाल, पारसीगुटा महिला मंडल के अध्यक्ष सुशीला देवड़ा, शमशाबाद बडेर के अध्यक्ष आसाराम गहलोत, उपाध्यक्ष चेलाराम काग, उपाध्यक्ष बाबूलाल पंवार, सचिव भोलाराम पवार, सहसचिव- नरेश परिहार, कोषाध्यक्ष राजूराम परिहार, शिक्षा समिति के सचिव भीकाराम काग, सलाहकार भूराराम परिहार, हरिराम परिहारिया, जगदीश काग, रतनलाल बर्फा, खेल मंत्री पुखराज पवार, मीडिया प्रभारी हेमंत काग एवं समस्त दोनों समितियों के सदस्य गणों की उपस्थिति रही।


**संख्या एनडब्ल्यू/148/डब्ल्यू।।।/टेंडर नोटिस/2025-26 दि.19-09-2025**

इंडियन रेलवेज ई-प्रोक्योरमेन्ट सिस्टम पर निम्न निविदा कार्य की अपलोडिंग की गयी है। तत्संबंधित निविदा के विवरण को पहले ही **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है।

निविदा संख्याः टी-202526-2-070, कार्य विवरणः अदिलाबाद पर समस्त वातावरण सीओपी या आल वेदर सीओपी 650x11 स्के.मी., सीसी एप्रोच रोड, लाइटिंग व्यवस्थाएं, 5 हाय मास्ट लाइटिंग, सीसीटीवी का प्रावधान तथा बाउण्डरी वाल, मर्चेंट, हमाल रूम्स व प्लाटफार्म सरफेस का सुधार कार्य (आल वेदर सीओपी को छोडकर)। प्राधिकरणः को-आर्ड, निविदा मूल्य रू.41646708.57, पूधरा रू.358200.00, कार्य पूरा करने की अवधिः बारह महिने, निविदा प्रपत्र मूल्य रू. शून्य, तत्समान स्वभाव का कार्य (रु.50 लाख मूल्य से अधिक)- कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य (ट्रैक कार्यों/झोनल कार्यों को छोडकर)।

उपरोक्त निविदा दि.14-10-2025 के 15.00 बजे बंद होगी। इसे, कृपया जानकारी तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए जारी किया है।

A1471 **एसआर.डीइएन/को-आर्ड/एनइडी**

**निविदा नियम शर्ते/विस्तृत विवरण तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया हमारे वेबसाइट्सः www.ireps.gov.in या http://www.scr.indianrail-ways.gov.in देखें।**


# कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट ने दीक्षांत समारोह मनाया



हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सेंट मैरीज सेंटेनरी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट ने अपने ऑडिटोरियम में पहला दीक्षांत समारोह का आयोजन किया।

अध्यक्ष कार्डिनल पूला एंथोनी मुख्य अतिथि ने स्नातकों से कहा कि उद्योग-प्रशिक्षित पेशेवर बनने के लिए खुद को कौशल, निष्ठा और रचनात्मकता से सुसज्जित करें, जो समाज को क्षमता, करुणा और समर्पण के साथ आकार दें। उपाध्यक्ष, मोन्सिन्योर येरुवा बाला शोरी और सचिव, रेवरेंड फादर गुव्वाला एंथनी अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

निदेशक एवं प्राचार्य, रेवरेंड फादर डॉ. एंथनी विनय ने समारोह की अध्यक्षता की और स्नातकों को बधाई दी तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं समग्र विकास के प्रति कॉलेज की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# एशिया कप-2025 में भारत की पाकिस्तान पर लगातार दूसरी जीत

## 172 रन का टारगेट 18.5 ओवर में चेज किया; अभिषेक ने फिफ्टी लगाई

दुबई, 21 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में पाकिस्तान ने टीम इंडिया के सामने 172 रन का टारगेट दिया है। जवाब में भारतीय टीम ने 18.5 ओवर में 4 विकेट पर 174 रन बना लिए हैं। तिलक वर्मा और हार्दिक पंड्या क्रीज पर हैं।

संजू सैमसन (13 रन) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (शून्य) को हारिस रऊफ ने आउट किया। अभिषेक शर्मा (39 बॉल पर 74 रन) को अबरार अहमद और शुभमन गिल (47 रन) को फहीम अशरफ ने पवेलियन भेजा।



भारत ने दुबई में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान ने 5 विकेट खोकर 171 रन बनाए। ओपनर साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 58 रन बनाए। सईम अयूब और मोहम्मद नवाज ने 21-21 रन बनाए। भारत के लिए शिवम दुबे ने 2 विकेट लिए। हार्दिक पंड्या और कुलदीप यादव को 1-1 विकेट मिला।



**प्रोफेसर एन. वेंकटेश्वरलू, डीन, विधि संकाय, ओयू को ओयू के विधि विभाग का प्रमुख नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर और शिक्षण, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और छात्रों ने उन्हें बधाई दी।**

# श्रीकृष्ण कथा के समापन कथा स्थल पर हवन-यज्ञ द्वारा किया गया





हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्री चिन्ना अनंतगिरी शिवालयम्, पिलर नंबर 143, अत्तापुर में सात-दिवसीय श्रीकृष्ण कथा के समापन कथा स्थल पर हवन-यज्ञ द्वारा किया गया। श्री आशुतोष महाराज की शिष्या कथा व्यास साध्वी आस्था भारती सहित सभी साध्वीवृंद, मुख्य यजमान सहित सभी यजमान एवं भक्त जनों ने इसमें आहुति दी। लगभग 500 लोगों ने यज्ञ में भाग लिया। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की साध्वी भावना भारती ने गुरुदेव आशुतोष महाराज के चरणों में आभार प्रकट करते हुए क्षेत्र-निवासियों समेत सभी सहयोगी बंधुओं व संस्थाओं का सप्रेम धन्यवाद किया। साथ ही इस कथा में 100 लोगों ने ब्रह्मज्ञान दीक्षा को प्राप्त कर अपने घट में ही ईश्वरीय प्रकाश और भगवान के विभिन्न रूपों को देखा। गुरुदेव आशुतोष महाराज की कृपा से ऐसे अपूर्व दिव्य दर्शनों का महासौभाग्य प्राप्त कर सभी धन्य हुए।

## शहर के पुलिस वाहनों को टीजी संक्षिप्त नाम वाले नए स्टिकर मिलेंगे

हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के पुलिस आयुक्त सीवी आनंद ने निर्देश दिया है कि हैदराबाद शहर पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत आने वाले सभी वाहनों पर लगे तेलंगाना राज्य पुलिस के स्टिकर हटाकर उनकी जगह "टीजी" पहचान चिह्न वाले नए "तेलंगाना पुलिस" स्टिकर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी गश्ती वाहनों और पुलिस थानों के वाहनों को नए स्टिकर से सुसज्जित किया जाना चाहिए। तदनुसार, सीएआर मुख्यालय के अधिकारियों ने कुल 188 सरकारी वाहनों पर लगे पुराने "टीएस" स्टिकर हटाकर उनकी जगह नए "टीजी" स्टिकर लगाने की व्यवस्था की है। इस उद्देश्य के लिए लगभग 1.6 करोड़ की लागत से कार्य शुरू किए गए हैं। पुराने स्टिकर हटाकर नए तेलंगाना पुलिस स्टिकर लगाने के अलावा, जहां भी आवश्यक हुआ, वाहनों को मशीन से पॉलिश भी किया गया।

सभी वाहनों की उचित स्थिति सुनिश्चित करने के लिए बंपर, दरवाजों और पैनलों की डेंटिंग और पेंटिंग जैसे कार्य किए गए। पुलिस आयुक्त की देखरेख में 134 गश्ती वाहनों पर स्टिकर लगाने की प्रक्रिया पूरी की गई और इन वाहनों को सीएआर मुख्यालय के अधिकारियों द्वारा पुनः चालू किया गया। ये गश्ती वाहन शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध रोकने, आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने और पुलिस बल को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

हैदराबाद सिटी पुलिस के अंतर्गत आने वाले अन्य वाहन (जिनमें ट्रैफिक एसीपी वाहन, इंस्पेक्टर वाहन, पायलट वाहन और इंटरसेप्टर वाहन शामिल हैं)

# गौमाता के नाम भजन कार्यक्रम सम्पन्न



हैदराबाद, 21 सितंबर (स्वतंत्र वार्ता)। इब्राहिमपट्टनम स्थित श्री गोपाल गौशाला में सीरवी गौभक्त मंडल करमनघाट समाज बन्धुओं के सानिध्य में रविवार 21 सितबर प्रातः 10.30 बजे से 4.30 बजे तक भजन-कीर्तन व महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में गौभक्त मंडल के हिरालाल सैंणचा ने बताया कि हर वर्ष की भांति धार्मिक अमावस्या के अवसर पर भजन-कीर्तन व महाप्रसादी कार्यक्रम आयोजित किया गया। भजन गायकार ओमप्रकाश कुमावत, प्रकाश आगलेचा ने गौमाता के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम में सपरिवार पधारे गौभक्तों ने गौसेवार्थ दान-पुण्यकर कार्यक्रम का लाभ लिया। भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। अवसर पर सुशील भायल के देख-रेख में ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किया गया। जिसमें 58 यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ। गौ सेवा समिति चेयरमैन तुलसीराम, वाईस चेयरमैन सतबीर गर्ग, सचिव एम.पी.अग्रवाल, सहसचिव अर्जुन गोयल, कोषाध्यक्ष विनोद गर्ग, राजुराम सेपटा व रमेश काबरा ने गौसेवार्थ किये गये कार्यो के लिए सीरवी गौभक्त मंडल के कार्यकर्ताओं एवं करमनघाट सीरवी समाज अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा, पत्रकार परबत सोलंकी का विशेष मोमेन्टों व शॉल से सम्मान किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीरवी गौभक्त मंडल के हिरालाल सैंणचा, अशोक लचेटा, भाणाराम वरपा, नत्थाराम सोलंकी, अमराराम सिन्दड़ा, तेजाराम देवड़ा, नत्थाराम हाम्बड़, हंसाराम आगलेचा, प्रकाश चोयल, राजुराम सेपटा, प्रकाश चोयल, हेमाराम खंडाला, रुपाराम चोयल, चुन्नीलाल चोयल, स्वरुपराम वरपा, मेघाराम पंवार, राकेश सोलंकी, प्रकाश माली, शेरु चौधरी, भंवरलाल चोयल व बहुत से गौभक्तों का विशेष सहयोग रहा।



**सुचित्रा स्थित सम्मान समारोह कार्यक्रम में पीएचडी डॉ. सीए मधुसुदन अग्रवाल, प्रमोद चतुर्वेदी, हिमांशु तिवारी का पुष्प-माला व शॉल से सम्मान करते हुए विनय यादव, हरिचन्द्र सिंह (पप्पुसिंह), राजनारायण सिंह, श्याम यादव, धनंजयराज सिंह, सचिन सिंह, पप्पू सिंह, विनोद यादव व अन्य।**



**विश्व मंगल गौशाला सोमाराम विलेज मेडचल में पितृपक्ष अमावस्या पर गौ भक्तों द्वारा सेवा दी गई, जिसमें भोजन प्रसादी के लाभार्थी रामचंद्र सुथार, श्री स्टील फतेहनगर, भगवान सिंह, गजेंद्र सिंह की तरफ से की गई। हरे घास की व्यवस्था नेमीचंद सुथार, बाबूलाल नायक, गोपाल दास अग्रवाल, मोहनलाल चौधरी, सोहनलाल, लक्ष्मी माजीसा ग्रुप द्वारा की गई। भीकाराम महेंद्र सिंह अगलेचा चेना राम नारायण सुथार, डिंपल मेटल, महिला मंडल मुलगु पवनी बाबूलाल प्रताप राम, इंद्रा देवी, मोहन आदि उपस्थित रहे। गौशाला अध्यक्ष टीवी सुरेश, उदय भास्कर, मुख्य सचिव शांतिलाल सुथार ने सभी का धन्यवाद किया।**






# कौन हैं मिथुन मन्हास जो बीसीसीआई अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं सबसे आगे



मुंबई, 21 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अगले अध्यक्ष को लेकर चल रही अटकलों के बीच, एक ऐसा नाम सामने आया है जिसके बारे में शायद ही किसी ने सोचा होगा। जी हां, दिल्ली के पूर्व क्रिकेटर मिथुन मन्हास इस पद के लिए सबसे आगे चल रहे हैं और ऐसा माना जा रहा है कि उनका अगला बीसीसीआई अध्यक्ष बनना लगभग तय है। हालांकि, अभी तक इस पर आधिकारिक मुहर लगना बाकी है।

क्रिकबज़ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व भारतीय टेस्ट क्रिकेटर रघुराम भट्ट भी इस पद के दावेदार हैं और वो भी बीसीसीआई चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए मुंबई में हैं। देश के लिए दो टेस्ट मैच खेलने वाले भट्ट (67) को कौन सा पद मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। ये भी पता चला है कि नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने से कुछ घंटे पहले, रविवार सुबह ही उम्मीदवारों को अंतिम निर्णय की जानकारी दी जाएगी।

वहीं, अगर मिथुन मन्हास (45) की बात करें तो, उन्होंने 1998 से 2016 तक 18 साल के घरेलू करियर में 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। अन्य दावेदारों और उम्मीदवारों की उच्च प्रोफ़ाइल को देखते हुए मन्हास एक आश्चर्यजनक विकल्प के रूप में उभरे हैं। सौरव गांगुली और हरभजन सिंह का नाम भी दौड़ में था, लेकिन फिलहाल मन्हास को समर्थन मिलता दिख रहा है। उन्हें 28 सितंबर के चुनाव और वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के लिए जम्मू और कश्मीर क्रिकेट संघ (जेकेसीए) द्वारा नामित किया गया है।

ये स्पष्ट नहीं है कि मन्हास का नाम कैसे तय हुआ लेकिन एक उच्च पदस्थ सूत्र की मानें तो 90 प्रतिशत संभावना है कि मन्हास अध्यक्ष पद के लिए चुने जाएंगे। केंद्रीय मंत्री के आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें कई उम्मीदवारों को दिल्ली आने और फैसले का इंतजार करने के लिए कहा गया। बैठक में बीसीसीआई के सभी पदाधिकारी मौजूद थे जिसमें सचिव देवजीत सैकिया, संयुक्त सचिव रोहन देसाई, कोषाध्यक्ष प्रभतेज सिंह भाटिया, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और आईपीएल कमिश्नर अरुण सिंह धूमल भी थे।

बताया जा रहा है, शुक्ला, सैकिया, भाटिया और देसाई के अपने पद पर बने रहने की उम्मीद है। धूमल की स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। इस बात को लेकर कुछ संशय है कि क्या वो आईपीएल अध्यक्ष बने रहेंगे या उन्हें कूलिंग ऑफ के दायरे में रखा जाएगा।

## भारत की अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराया

# अभिज्ञान कुंडू ने जड़ा तूफानी अर्धशतक

ब्रिस्बेन, 21 सितंबर (एजेंसियां)। 226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे की जोड़ी ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। वैभव ने 22 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रनों की पारी खेली।



हेनिल पटेल (तीन विकेट) तथा किशन कुमार और कौशिक चौहान (दो-दो विकेट) के बाद अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 87 ) और वेदांत त्रिवेदी (नाबाद 61) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की पुरुष अंडर -19 टीम ने रविवार को पहले यूथ एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 117 गेंद शेष रहते सात विकेट से हरा दिया।

226 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम के लिए वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे की जोड़ी ने तेज शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट वैभव सूर्यवंशी के रूप में गिरा। वैभव ने 22 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रनों की पारी खेली।

इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे (छह) और विहान मल्होत्रा नौ के विकेट जल्द गंवा दिये। लेकिन बाद वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 30.3 ओवरों में 227 रन बनाकर भारत को सात विकेट से जीत दिला दी। अभिज्ञान कुंडू ने 74 गेंदों में आठ चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 87 रनों की पारी खेली और वेदांत त्रिवेदी ने 69 गेंदों में आठ चौको की मदद से नाबाद 61 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से चार्ल्स लैचमुंड ने दो विकेट लिये। हेडन शिलर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया की अंडर -19 टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम को शुरुआत में ही झटका लगा। किशन कुमार ने पहले ही ओवर में दोनो सलामी बल्लेबाजों एलेक्स टर्नर और साइमन बज को बिना खाता खोले ही पवेलियन भेज दिया।

इसके बाद स्टीवन होगन और विल मालाजचुक ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 33 रन जोड़े। इन दोनों बल्लेबाजों को हेनिल पटेल ने आउट किया। स्टीवन होगन ने 39 रन बनाये, विल मालाजचुक 17 रन बनाकर आउट हुये। भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

इस दौरान वे ऑस्ट्रेलिया के नियमित अंतराल पर विकेट चटकाते रहे। टॉम होगन (40), आर्यन शर्मा (10), हेडन शिलर (नौ) और बेन गॉर्डन (16) रन बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 50 ओवरों में नौ विकेट पर 225 रन का स्कोर बनाया। जॉन जेम्स 68 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 77 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की अंडर-19 टीम के लिए हेनिल पटेल ने तीन विकेट, किशन कुमार और कौशिक चौहान ने दो-दो विकेट लिये। आर एस अमब्रिश ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# ऋषभ पंत की वापसी का इंतजार बढ़ा

## इंजरी पर आई अपडेट के बाद टीम इंडिया में कब होगी वापसी?



मुंबई, 21 सितंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया में ऋषभ पंत की वापसी का इंतजार बढ़ गया है. ऐसा उनकी इंजरी को लेकर आए नए अपडेट के बाद हुआ है. बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान पैर में फ्रैक्चर हो गया था, जिसके बाद उन्हें 3 से 4 हफ्ते के लिए क्रिकेट से दूर होना पड़ा था. ऐसा माना जा रहा था कि पंत वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से टीम में वापसी कर लेंगे. लेकिन, अब खबर है कि कैरेबियाई टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज के 2 मुकाबलों समेत वो अभी पूरे 10 मुकाबले टीम इंडिया के लिए नहीं खेलने वाले.

**ये 10 मैच भी नहीं खेलेंगे ऋषभ पंत!**

अब सवाल है कि वो 10 मुकाबले हैं कौन, जिनसे ऋषभ पंत बाहर रह सकते हैं? इसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के 2 मुकाबलों के अलावा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली जाने वाली व्हाइट बॉल सीरीज के 8 मुकाबले भी शामिल हैं, जिसमें 5 T20I और 3 वनडे शामिल हैं. रिपोट्र्स के मुताबिक ऋषभ पंत अभी 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं और उसी के चलते उनका सेलेक्शन ना तो वेस्टइंडीज और ना ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए हो सकता है.

भारत को वेस्टइंडीज से टेस्ट सीरीज के 2 मुकाबले 2 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच खेलने हैं. वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज की शुरुआत 19 अक्टूबर से होगी और ये 8 नवंबर को खत्म होगी. ऐसी खबर है कि इन दोनों सीरीज के लिए ऋषभ पंत की उपलब्धता तय नहीं है. बीसीसीआई के सूत्रों के हवाले से रिपोट्र्स में बताया गया कि उनके पैर की सूजन अभी कम नहीं हुई है. साथ ही अभी उनके वाकिंग बूट्स के भी निकलने में थोड़ा वक्त है.

**ऋषभ पंत कब तक करेंगे वापसी?**

अब ऋषभ पंत वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में होने वाले कुल मिलाकर 10 मुकाबलों में नहीं खेलेंगे तो फिर मैदान पर वापसी करेंगे कब तक? इस बारे में रिपोट्र्स में बताया गया कि बाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज की टीम इंडिया में साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज से वापसी हो सकती है. ये सीरीज इस साल नवंबर में शुरू होनी है.

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से टेस्ट सीरीज की शुरुआत होगी. 2 टेस्ट की सीरीज का पहला मैच ईडन गार्डन्स पर होगा. जबकि दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा. टेस्ट के बाद 3 वनडे और 5 T20I की सीरीज भी होगी. वनडे सीरीज के मुकाबले 30 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच खेले जाएंगे. जबकि T20 सीरीज के 5 मैच 9 दिसंबर से 19 दिसंबर तक खेले जाएंगे.

# मेसी का धमाकेदार प्रदर्शन

## इंटर मियामी ने यूनाइटेड को 3-2 से हराया



फोर्ट लॉडरडेल, 21 सितंबर (एजेंसियां)। मेजर लीग सॉकर में खेले गए मुकाबले में लियोनेल मेसी ने शानदार खेल दिखाते हुए अपनी टीम इंटर मियामी को डी.सी. यूनाइटेड के खिलाफ 3-2 से जीत दिलाई। अर्जेंटीनी स्टार ने इस मैच में एक असिस्ट और दो गोल किए।

**पहले हाफ में असिस्ट, दूसरे हाफ में दो गोल**

पहले हाफ में मेसी ने 35वें मिनट में तादेओ एलेन्डे के गोल में असिस्ट किया और इंटर मियामी को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह मेसी का इस सीजन का 12वां असिस्ट था, जो लीग में चौथे सबसे ज्यादा असिस्ट के बराबर है। दूसरे हाफ में डी.सी. यूनाइटेड ने क्रिश्चियन बेंटेके के गोल से स्कोर 1-1 कर दिया, लेकिन मेसी ने 66वें मिनट में शानदार गोल दागकर इंटर मियामी को फिर से बढ़त दिला दी। इसके बाद 85वें मिनट में मेसी ने एक और गोल कर टीम की जीत लगभग पक्की कर दी। डी.सी. यूनाइटेड ने इंजरी टाइम में एक गोल जरूर किया, लेकिन स्कोर 3-2 पर ही रहा।

**मेसी गोल्डन बूट रेस में सबसे आगे**

मियामी की जीत और दो गोलों के बाद मेसी के इस सीजन में कुल 22 गोल हो गए हैं, जिससे वे नैशविल एससी के सैम सर्रिज से एक गोल आगे निकल गए हैं और गोल्डन बूट रेस में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।

**क्लब के साथ एक्सटेंशन की खबरें**

रिपोट्र्स के मुताबिक, मेसी इंटर मियामी के साथ 2026 तक का कॉन्ट्रैक्ट एक्सटेंशन साइन करने के करीब हैं। क्लब के सह-मालिक जॉर्ज मास ने पहले ही कहा था कि वे मेसी को अगले साल तैयार होने वाले नए मियामी फ्रीडम पार्क स्टेडियम में खेलते देखना चाहते हैं।

# एशिया कप से बाहर होते ही बदल गई अफगानिस्तान टीम

## 3 खिलाड़ियों को किया गया बाहर



खेल डेस्क, 21 सितंबर (एजेंसियां)। इन दिनों यूएई में एशिया कप 2025 की धूम है. 8 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिनमें ग्रुप स्टेज के बाद 4 टीमों का सफर खत्म हो गया है, जो टीम ग्रुप स्टेज से आगे नहीं जा सकीं उनमें अफगानिस्तान भी शामिल है. अब एशिया कप 2025 के ठीक बाद ये टीम यूएई में ही बांग्लादेश के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज खेलेगी. इस सीरीज के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान कर दिया गया है. एशिया कप में खराब प्रदर्शन के चलते तीन बड़े बदलाव किए गए हैं.

बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले इस सफेद गेंद की सीरीज में फजल हक फारूकी, गुलबदीन नईब और करीम जनत को जगह नहीं मिली है. इनकी जगह तीन नए चेहरों को मौका दिया गया है

**इन तीन नए खिलाड़ियों को मिला मौक**

**1. बशीर अहमद-** लंबे कद का यह बाएं हाथ का तेज गेंदबाज पहली बार अफगानिस्तान के लिए खेलेगा. इससे पहले वो अंडर-19 में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. घरेलू क्रिकेट में बढ़िया प्रदर्शन के बाद उन्हें नेशनल टीम में मौका दिया गया है. इस बॉलर ने अब तक पांच लिस्ट ए और 14 टी20 मैच खेले हैं. उन्होंने 38.16 की औसत से 12 टी20 विकेट लिए हैं और 9.06 रन प्रति ओवर की इकॉनमी रेट से रन दिए हैं.

**2. वफ़ीउल्लाह तरखिल-** 18 साल के युवा टॉप ऑर्डर बल्लेबाज को जगह मिली है. अब तक खेले गए 33 टी20 मैचों में तरखिल ने 794 रन बनाए हैं, जिनमें पांच शतक शामिल हैं. हाल ही में श्पगीजा क्रिकेट लीग में वह तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे, अब उन्हें इस शानदार प्रदर्शन का इनाम दिया गया है.

**3. अब्दुल्ला अहमदजई-** इस तेज गेंदबाज ने हाल ही में यूएई के खिलाफ टी20 डेब्यू किया था और कप्तान मुहम्मद वसीम का विकेट लिया था. अब्दुल्ला अब बांग्लादेश के खिलाफ अपनी छाप छोड़ना चाहेंगे.

**ये खिलाड़ी बने रिजर्व**

अल्लाह गजनफर और रहमत शाह को टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया है. वे वनडे टीम का अहम हिस्सा बने रहेंगे, जबकि वनडे में रिजर्व प्लेयर के तौर पर बिलाल सामी और फरीदून दाऊदजई को चुना गया है.

# पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीकांत ने पाकिस्तान को लताड़ा

## बोले- उन्हें एसोसिएट टीमों में भेजो





दुबई, 21 सितंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज कृष्णमाचारी श्रीकांत ने पाकिस्तान टीम पर जमकर निशाना साधा। अपने यूट्यूब चैनल 'चीकी चीका' पर बोलते हुए उन्होंने कहा, 'आगे चलकर पाकिस्तान को मुख्य टीमों के साथ नहीं खेलना चाहिए। इन्हें एसोसिएट नेशंस के बीच भेज दो और वहां से कुछ टीमों को यहां ले आओ। पाकिस्तान के लिए यह भी बड़ी बात है कि उन्हें इतने बड़े और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिल रहा है।'

श्रीकांत यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा, 'पाकिस्तान को टॉप-सात टीमों से बाहर कर देना चाहिए। अब से भारत-पाकिस्तान मैच दर्शकों को आकर्षित नहीं करेंगे। भारत-पाकिस्तान की राइवलरी अब इतिहास बन चुकी है। यह पाकिस्तान टीम हमें डराने लायक नहीं है। यह तो चेन्नई लीग की सातवीं डिवीजन टीम जैसी है।'

**यूएई के खिलाफ मुश्किल से मिली थी जीत**

पाकिस्तान की एशिया कप 2025 सुपर-फोर में जगह बनाना भी मुश्किल से हुआ। टीम ने यूएई के खिलाफ 146 रन बनाए और किसी तरह इस स्कोर का बचाव कर सुपर-फोर में जगह पक्की की। इसके अलावा ओमान के खिलाफ पाकिस्तान ने 93 रन से जीत हासिल की थी। वहीं, भारत ने यूएई को नौ विकेट से और पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। हालांकि, ओमान के खिलाफ टीम इंडिया को कड़ी चुनौती मिली और 188 रन बनाने के बावजूद सिर्फ 21 रन से मैच जीत सके।

**हेड कोच माइक हेसन पर भी सवाल**

श्रीकांत ने पाकिस्तान टीम के हेड कोच माइक हेसन पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, 'माइक हेसन फिर से बयान देंगे कि उनकी टीम बहुत अच्छी है और भारत के खिलाफ वे बदकिस्मत थे, लेकिन इस कोच के साथ पाकिस्तान कहीं नहीं पहुंचने वाला।' माइक हेसन, जो न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम और आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लंबे समय तक कोच रह चुके हैं, मई 2025 में पाकिस्तान टीम के हेड कोच बने थे।

# कुछ गलत नहीं किया, आर अश्विन का फूटा गुस्सा

## पाकिस्तान टीम को सुनाई खरी-खरी





'नई दिल्ली, 21 सितंबर (एजेंसियां)। आर अश्विन ने पाकिस्तान टीम को जमकर लताड़ लगाई है. उन्होंने साफ कर दिया कि मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट की 14 सितंबर 2025 को हुए मैच में कोई गलती नहीं थी और पाकिस्तान टीम उन्हें बलि का बकरा बना रही है.

दोनों ही देशों के बीच 14 सितंबर को मुकाबला हुआ था और भारतीय टीम ने इसे जीता था. इसके बाद नो हैंडशेक विवाद काफी चर्चा का विषय बना. पाक टीम को ये बात पसंद नहीं आई और उन्होंने एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग कर दी, क्योंकि उन्होंने टॉस के पहले सलमान अली आगा को सूर्या से हाथ मिलाने से मना किया था. इसी को लेकर अब आर अश्विन की प्रतिक्रिया सामने आई है.

**अश्विन ने पाक टीम को सुनाई खरी-खरी**

अपने हिंदी यूट्यूब चैनल पर आर अश्विन का पाकिस्तान पर जमकर गुस्सा फूटा. वो इस बात से खुश नहीं थे कि पाक टीम अपनी गलतियां सुधारने पर ध्यान नहीं दे रही है, बल्कि नो हैंडशेक पर फोकस कर रही है. उन्होंने कहा, 'एंडी पाइक्रॉफ्ट ने सभी को शर्मनाक चीज देखने से बचाया. भारत ने मैच रेफरी को पहले बता दिया था कि हमारा ये फैसला है और हम इसे फॉलो करेंगे. इस ड्रामा के बाद आप लोग मैच हार गए. आप किस बारे में शिकायत कर रहे हैं? आप इसलिए नहीं हारे कि हमने हाथ नहीं मिलाया. आप ये पता कीजिए कि सुधार क्या करना है. अगर भारत के साथ नो हैंडशेक परेशानी था, तो यूएई के मैच में क्या दिक्कत थी?'

**अश्विन ने पाइक्रॉफ्ट का किया समर्थन**

आर अश्विन ने एंडी पाइक्रॉफ्ट का समर्थन किया और कहा कि उनकी कोई गलती नहीं थी. उन्होंने कहा, 'आप एंडी पाइक्रॉफ्ट को बलि का बकरा क्यों बना रहे हैं? उन्होंने कुछ गलत नहीं किया. वो कोई टीचर या प्रिंसिपल नहीं है, जो सूर्या को जाकर बोलेंगे कि आपको हाथ मिलाना है. ये उनका काम नहीं है. इसमें एंडी की क्या गलती है? हमारे खिलाड़ी क्लियर थे कि हम अपने देश का नेतृत्व करने आए हैं और हमें नियमों का पालन करना है. बात यही खत्म हो जानी चाहिए.'

टी20 अंतर्राष्ट्रीय में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 मैच हुए हैं. टीम इंडिया ने इसी बीच 11 मुकाबलों में जीत दर्ज की है, वहीं पाकिस्तान का पलड़ा मात्र 3 मैचों में भारी रहा है. भारत ने पाक टीम को पिछले मैच में बुरी तरह से हराया और 7 विकेट से मैच अपने नाम किया. वो दोबारा ये काम कर सकते हैं.

# गुलवीर और अन्नू रानी का निराशाजनक प्रदर्शन, फाइनल में नहीं बना सके जगह





टोक्यो, 21 सितंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी गुलवीर सिंह और अन्नू रानी ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिस कारण वह अपनी-अपनी स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में और अन्नू रानी महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहीं। गुलवीर पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ की दूसरी हीट में 13 मिनट 42.34 सेकेंड के समय से नौवें स्थान पर रहे जो इस सत्र का उनका सबसे खराब समय था और उनके राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय 12:59.77 से भी कम था। हालांकि वह मामूली अंतर से फाइनल से चूक गए क्योंकि दोनों हीट में शीर्ष आठ आठ खिलाड़ी ही पदक दौर में पहुंच पाए। वह कुल 39 प्रतिस्पर्धी खिलाड़ियों में 27वें स्थान पर रहे।

गुलवीर 10000 मीटर दौड़ में 16वें स्थान पर रहे थे। वहीं अपनी पांचवीं विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही 33 वर्षीय रानी क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में 55.18 मीटर के थ्रो से 15वें स्थान पर रहीं। वह 36 खिलाड़ियों में से 29वें स्थान पर रहीं। 2024 में औसत प्रदर्शन के बाद, रानी इस साल 62.59 मीटर के अपने सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ कुछ हद तक अपनी लय वापस पा चुकी थीं। लेकिन, शुक्रवार को उन्होंने सत्र का अपना सबसे खराब प्रदर्शन भी किया। उन्होंने इससे पहले 2017, 2019, 2022 और 2023 में विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था।

सर्वे भवन्तु सुखिनः



Regd No. 160/98

मानव सेवा-माधव सेवा

# अग्रवाल समाज (रजि.) तेलंगाना

301, तीसरा माला, राघव रत्ना टॉवर्स, चिराग अली लेन, आबिड्स, हैदराबाद

Email : agarwalsamajtelangana.gmail.com | Website : www.agarwalsamajtelangana.com | M : 8919909873

Venkateshwara GROUP | D.E.C INFRASTRUCTURE & PROJECTS (INDIA) PVT. LTD. | PITTI ENGINEERING LTD. | RAJESH CORPORATION

## जयन्ती महोत्सव

## महाराजा श्री अग्रसेनजी का 5149वाँ जयन्ती महोत्सव - 2025

### सोमवार दि.22 सितम्बर 2025 - सायं 6 बजे से – क्लासिक कन्वेंशन सेन्टर III, शमशाबाद, हैदराबाद

मुख्य अतिथि



श्री भट्टी विक्रमार्का
उपमुख्यमंत्री, तेलंगाना

उद्घाटनकर्ता



श्री श्रीधर बाबु
आईटी मंत्री, तेलंगाना

अग्ररत्न



डॉ. गिरीश कुमार संघी
पूर्व सांसद

अग्ररत्न



श्री वरुण खेतान
सीईओ अर्बन कम्पनी



प्रातः 10-00 बजे
महाराज अग्रसेनजी की प्रतिमा को माल्यार्पण
अग्रसेन चौक,
रोड नं. 12, बंजारा हिल्स,
हैदराबाद

Entry by Passes only.

रात्रि 9-00 बजे
कवि सम्मेलन
क्लासिक कन्वेंशन–3

Media Partner
DIGITAL KHIDKI

संचालक



डॉ. कुमार विश्वास



रमेश मुस्कान



सुदीप भोला



कुशल कुशेनदर



साक्षी तिवारी

रात्रि 10-00 बजे से
डांडिया धूम अदिति कन्वेंशन



Convenor : Pooja Gupta
Entry by Passes only. Contact
Rishab Agarwal - 9264563734
Monty Ajitsaria - 6309742761
Riya Kedia - 8309167313

| अध्यक्ष | उपाध्यक्ष | मानद मंत्री | सह–मंत्री एवं जयंती प्रधान संयोजक | कोषाध्यक्ष एवं जयंती सह–संयोजक | निवर्तमान अध्यक्ष | जयंती सह संयोजक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अनिरुद्ध गुप्ता | रुपेश अग्रवाल | विकास केशान | डॉ. सीमा जैन | अचल गुप्ता | मनीष अग्रवाल | दिनेशचंद्र अग्रवाल , प्रवीण अग्रवाल , प्रतीक नरसरिया, दीपा भालोटीया |

परामर्शदाता : बद्रीविशाल बंसल, डॉ. अंजनीकुमार अग्रवाल, चन्द्रकान्त डाकोतिया, विनोदकुमार अग्रवाल, हरीश गुप्ता

पूर्व अध्यक्ष : श्री शरद बी. पित्ती, श्री बद्रीविशाल बंसल, श्री सुरेन्द्र अग्रवाल, डॉ. आर. एन. गुप्ता, श्री सुरेश कुमार सिंघल, श्री रामकुमार गोयल, श्री विनय सी. अग्रवाल, श्री उमेश अग्रवाल, श्री करोड़ीमल अग्रवाल, श्री अजीत गुप्ता, श्री मेघराज अग्रवाल, श्री दुर्गाप्रसाद नरेठा, श्री सुभाष अग्रवाल, श्री नरेशकुमार चौधरी, श्री गोविन्द अग्रवाल, श्री अंजनी कुमार अग्रवाल

### शाखा अध्यक्ष

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेघा अग्रवाल<br>एबीसी भाग्यनगर | पुरुषोत्तमदास गुप्ता<br>आबिडस् | कपिश अग्रवाल<br>आबिडस् (युवा) | सुभाषचन्द अग्रवाल<br>आगापुरा | सरोज अग्रवाल<br>पैराडाइस महिला | हेमंत डियोरा<br>अग्र युवा–तिरुमलगिरी | अंशुल अग्रवाल<br>अग्रकुल अत्तापुर युवा | रोशन अग्रवाल<br>अग्रसेन युवा सेना | ध्रुव अग्रवाल<br>तेजस्वीनगर युवा | राज कुमार अग्रवाल<br>अमीरपेट |
| शिखा गोयल<br>आध्यालक्ष्मी युवा | संजीव कुमार अग्रवाल<br>अशोकनगर | ऋषभ अग्रवाल<br>अशोकनगर युवा | डिम्पल अग्रवाल<br>अत्तापुर महिला सेविका | सत्यनारायण फोगला<br>अत्तापुर | मुकेश कुमार अग्रवाल<br>अत्तापुर सेन्ट्रल | उमेश गुप्ता<br>अत्तापुर पश्चिम | प्रवीण कुमार जैन<br>बलकमपेट | नवीन बंसल<br>बालानगर | सुनील कुमार अग्रवाल<br>बंजारा सेन्ट्रल |
| अनिल कुमार केडिया<br>बहादुरपुरा | कैलाशचंद केडिया<br>बशीरबाग आदर्शनगर | नकुल गुप्ता<br>भाग्यनगर युवा | उषा अग्रवाल<br>भूदेवी सिटी कॉलेज | संजय गोयल<br>बीदर | सुमित कुमार बंसल<br>बोईनपल्ली | तरुण तुलसियन<br>चारमिनार | अशोक पोद्दार<br>चेलापुरा | अशोक अग्रवाल<br>साईबराबाद | रजनी अग्रवाल<br>चेक कॉलोनी महिला |
| शशि कुमार जालान<br>चेक कॉलोनी | प्राची अग्रवाल<br>चेक कॉलोनी युवा | हरिकिशन सोंथालिया<br>दिलसुखनगर | डॉ. दिलीप पंसारी<br>दोमलगुडा | रीना गुप्ता<br>दुर्गम चेवुरु महिला | संजीव गुप्ता<br>दुर्गम चेवुरु | विनीत कुमार गोयल<br>किंगकोठी युवा | बृजराज अग्रवाल<br>एर्रागड्डा युवा | गीता अग्रवाल<br>गच्चीबावली महिला | के. पी. अग्रवाल<br>गच्ची बावली |
| अनिल धरसुंवाला<br>घाँसी बाजार झूला | दीपा अग्रवाल<br>गोशामहल सखी सहेली | उमेश कुमार जिंदल<br>गोशामहल | प्रिया अग्रवाल<br>ज्ञानबाग महिला | राकेश अग्रवाल<br>ज्ञानबाग कॉलोनी | सज्जन कुमार सर्राफ<br>हबसीगुडा | संजय कुमार अग्रवाल<br>हिमायतनगर | महेश कानोडिया<br>हैदरगुडा | साई प्रसाद गुप्ता<br>काकतिया हिल्स युवा | अमित अग्रवाल<br>काचीगुडा युवा |
| सरला शाह<br>कोमपल्ली | अशोक जिंदल<br>कोत्तापेट | निशा गुप्ता<br>नाचारम महिला | काश्वी जैन<br>कुकटपल्ली युवा | राजकुमार पंसारी<br>कुकटपल्ली ईस्ट | संजयकुमार अग्रवाल<br>कुकटपल्ली वेस्ट | सुनीलकुमार अग्रवाल<br>लकडी का पुल | पवन नरेठा<br>लालबाजार अलवाल | महेन्द्र खेतान<br>लोढा सनतनगर | मुन्नालाल अग्रवाल<br>महाराजा अग्रसेन मार्ग |
| पंकजकुमार संघी<br>मलकपेट | करण गोयल<br>मलकपेट सेन्ट्रल | रेखा अग्रवाल<br>मलकपटे महिला | हर्ष बंसल<br>मलकपेट युवा | प्रशांत अग्रवाल<br>मलकाजगिरी, सफीलगुडा | राहुल गोयल<br>मानसरोवर, सिकन्दराबाद | हृदय अग्रवाल<br>मारडपल्ली युवा | विनय कुमार गुप्ता<br>मेहदीपटनम | हेमलता वर्षा अग्रवाल<br>मियापुर महिला | विनोद गुप्ता<br>मूसारामबाग |
| सीए जय प्रकाश गोयल<br>मोतीनगर | दिनेश शहबाज़पुरिया<br>मुरलीनगर | प्रदीप कुमार अग्रवाल<br>नाचारम | हार्दिक अग्रवाल<br>नारायणगुडा युवा | दीपक गोयल<br>मूसापेट | समीक्षा केडिया<br>राजेन्द्रनगर युवा | गोपाल अग्रवाल<br>रामनगर ईस्ट | प्रशांत धनावत<br>रामनगर | रिंकु गर्ग<br>रानीसति दादी महिला | मोहित अग्रवाल<br>रानीसति दादी युवा |
| अभिनव अग्रवाल<br>रानीगंज युवा | जितेन्द्र कुमार मित्तल<br>रिकाबगंज | सोनू अग्रवाल<br>एस. आर. नगर | रानी मित्तल<br>टीवी टावर महिला | गर्व अग्रवाल<br>सिकन्दराबाद नार्थ युवा | राकेश कुमार अग्रवाल<br>सिकन्दराबाद नार्थ | धीरज खेतान<br>पैराडाईज | मांगीलाल धानुका<br>सेरीलिंगमपल्ली | प्रतिमा अग्रवाल<br>शाहअली बण्डा महिला | रामकिशन अग्रवाल<br>शाहअली बण्डा |
| दीपा अग्रवाल<br>मोतीनगर महिला | अनिल गोयल<br>शिवरामपल्ली | सीमा मोदी<br>श्याम मन्दिर | कविता अग्रवाल<br>सोमाजीगुडा बेगमपेट | उमा शंकर गोयनका<br>श्रीनगर कॉलोनी | कृष्णा कुमार अग्रवाल<br>सनराईसवैली | रतीश केडिया<br>सनराईसवैली युवा | प्रफ्फुलचंद<br>तुरुपबाजार | पूर्वा गुप्ता<br>उपरपल्ली युवा | पंकज मित्तल<br>उर्दुगली चारमिनार |
| दीपा भालोटिया<br>नारी शक्ति उत्तरांचल | रितु अग्रवाल<br>नारी शक्ति हैदरगुडा | विमल सर्राफ<br>वनस्तलीपुरम | दौलत नरसिंहपुरिया<br>वरंगल हनमकोण्डा | सर्वेश कनोडिया<br>युवा शक्ति हैदरगुडा | बेल्लमपल्ली, एर्रागड्डा–सनतनगर, काकीनाडा, मंचेरियाल, मंचेरियाल महिला, सिरपुरकागजनगर, युवा ऊर्जा मंत्री रोड, अग्रवंशी सिकंदराबाद | | | | |

### शाखा के.एस. सदस्य

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रवीण अग्रवाल<br>एबीसी भाग्यनगर | मनोज मित्तल<br>अमीरपेट | सुशील जजानी<br>अमीरपेट | पूजा गुप्ता<br>अशोकनगर | हनुमानदास अग्रवाल<br>अत्तापुर | संजय भालवाले<br>अत्तापुर | नवीन कुमार अग्रवाल<br>अत्तापुर सेन्ट्रल | प्रशान्तदेव गुप्ता<br>अत्तापुर सेन्ट्रल | अरविन्द केडिया<br>अत्तापुर वेस्ट | राकेश कुमार अग्रवाल<br>अत्तापुर वेस्ट |
| राकेश कुमार गनेरीवाल<br>बहादुरपुरा | महेश कुमार अग्रवाल<br>बहादुरपुरा | पवन कुमार टिबडेवाल<br>बलकमपेट | संजय अग्रवाल<br>बालानगर | नवलकिशोर अग्रवाल<br>बंजारा सेन्ट्रल | रमेश कुमार अग्रवाल<br>बंजारा सेन्ट्रल | अशोक कुमार अग्रवाल<br>बशीरबाग, आदर्शनगर | दुर्गाप्रसाद बंसल<br>बोईनपल्ली | नवीन कुमार अग्रवाल<br>चारमीनार | विजय कुमार जैन<br>चेलापुरा |
| समीर भगत<br>साइबराबाद | सुरेश धुवालिया<br>चेक कॉलोनी सनतनगर | नरेश गोयल<br>दिलसुखनगर | सतीश कुमार गोयल<br>दिलसुखनगर | अनिल कुमार गर्ग<br>दोमलगुडा | प्रदीप अग्रवाल<br>दोमलगुडा | विशम्बर अग्रवाल<br>दुर्गम चेरुवु | संतोष टांटिया<br>गच्चीबावली | सुरेश अग्रवाल<br>गच्चीबावली | राकेश पचेरिया<br>घांसी बाजार झूला |
| सज्जन अग्रवाल<br>घांसी बाजार झूला | राजेंद्र शशि<br>गोशामहल | सुनील अग्रवाल<br>गोशामहल | अनिल कुमार अग्रवाल<br>ज्ञानबाग कॉलोनी | विपिन कुमार अग्रवाल<br>हब्सीगुड़ा | रमा बाजोरिया<br>हिमायतनगर | अजय अग्रवाल<br>हैदरगुडा | अनिल अग्रवाल<br>हैदरगुडा | राजेश कुमार गोयल<br>कोमपल्ली | महेंद्र अग्रवाल<br>कोत्तापेट |
| मुकेश अग्रवाल<br>कुकटपल्ली – पश्चिम | रमेशचंद्र अग्रवाल<br>लकडी का पुल | महेश नरेठा<br>लालबाजार–अलवाल | अनिल अग्रवाल<br>लोढ़ा सनतनगर | राजेंद्र कुमार अग्रवाल<br>महाराजा अग्रसेन मार्ग | गोविंद नारायण मोदी<br>मलकपेट | सुरेशचंद गुप्ता<br>मलकपेट | रितेश अग्रवाल<br>मलकपेट सेंट्रल | अनु केडिया<br>मलकाजगिरी सफिलगुडा | रोहित जैन<br>मानसरोवर – सिकंदराबाद |
| शिव कुमार अग्रवाल<br>मेहदीपट्टनम | हरिगोविंद प्रसाद<br>मूसारामबाग | सतीश कुमार अग्रवाल<br>मोतीनगर | रामगोपाल दादावाले<br>मुरलीनगर | सुनील कुमार केडिया<br>मुरलीनगर | प्रतीक कुमार नरसरिया<br>नाचाराम–मल्लापुर | सुभाष गर्ग<br>रेनबो विस्टास मूसापेट | गिरधारीलाल अग्रवाल<br>रामनगर पूर्व | पवन टिबरेवाला<br>रामनगर | अशोक बंसल<br>रिकाब गंज |
| हेमचंद गुप्ता<br>एसआर नगर | संजय गुप्ता<br>सिकंदराबाद उत्तर | दीपक अग्रवाल<br>सिकंदराबाद पैराडाइज | संदीप मित्तल<br>सिकंदराबाद पैराडाइज | गोविंद पित्ती<br>सेरिलिंगमपल्ली | पंकज गोयनका<br>शालीबंडा | राकेश कुमार जालान<br>शिवरामपल्ली | श्याम सुंदर अग्रवाल<br>शिवरामपल्ली | रमेश गुप्ता<br>श्याम मंदिर | शिवशंकर भगेरिया<br>श्याम मंदिर |
| सुमन गुप्ता<br>सोमाजीगुडा, बेगमपेट | नरेंद्र कुमार गोयल<br>श्रीनगर कॉलोनी | आनंद अग्रवाल<br>सनराइज वैली अत्तापुर | प्रवीण चंद<br>तुरुप बाज़ार | राजेश सिंघल<br>वनस्थलीपुरम | सचिन गोयल<br>बीदर | कैलाश बंसल<br>वरंगल हनमकोंडा | बीना अग्रवाल<br>अग्र अध्या नारी संगठन | निधि अग्रवाल<br>अत्तापुर महिला सेविका | बरखा अग्रवाल<br>अष्ट सखी चेक कॉलोनी |
| श्रीमती अर्चना अग्रवाल<br>भू देवी सिटी कॉलेज | ममता अग्रवाल<br>दुर्गम चेरुवु महिला | कमलेश अग्रवाल<br>गच्चीबवली महिला विंग | प्रीति गोयल<br>ज्ञानबाग कॉलोनी महिला | सुनैना नरसरिया<br>कृष्णा सखिया नाचाराम मल्लापुर | बिंदु गुप्ता<br>मियांपुर महिला | कविता गोयल<br>रानी सती दादी घांसीबाजार | कविता संघी<br>रानी सती दादी घांसीबाजार | आरती अग्रवाल<br>सखी सहेली महिला गौशाला | सुनीता तुलस्यान<br>सत्य शक्ति महिला टीवी टावर |
| प्रियंका डोकानिया<br>शालीबंडा महिला | सुमन अग्रवाल<br>शिव शक्ति महिला मोतीनगर | शिल्पा धानुका<br>उत्तरांचल नारी शक्ति | किरण अग्रवाल<br>वैभवी नारी शक्ति हैदरगुड़ा | शीतल रूंगटा<br>मलकपेट महिला | चिराग गाडिया<br>आबिड्स युवा | लोकेश संघाई<br>अग्र युवा तिरुमलगिरी | अर्पित गोयल<br>अग्रकुल अत्तापुर युवा | शिवेश गोयल<br>अग्रसेन युवा सेना | महक संघी<br>अग्रवंशी तेजस्वी नगर युवा |
| राम अग्रवाल<br>आराध्या लक्ष्मी युवा | अभिनव मोर<br>अशोक नगर युवा | अभय अग्रवाल<br>भाग्यनगर युवा | जया अग्रवाल<br>चेक कॉलोनी युवा | केशव सराफ<br>डायनामिक किंग कोठी युवा | रजत केडिया<br>एर्रागड्डा युवा | अमन बंसल<br>काकतिया हिल्स युवा | राहुल कुमार गुप्ता<br>काचीगुडा युवा | मयंक अग्रवाल<br>कुकटपल्ली युवा | कृष्ण खेतान<br>मारेडपल्ली युवा |
| हर्ष अग्रवाल<br>नवोदय नारायणगुडा युवा | तान्या अग्रवाल<br>राजेंद्रनगर युवा | कनक अग्रवाल<br>रानी सती दादी युवा | उत्कर्ष तालुका<br>रानीगंज युवा | ऋषभ जैन<br>सिकन्दराबाद उत्तर युवा | विनीत कुमार अग्रवाल<br>सनराइज वैली, अत्तापुर युवा | उमंग अग्रवाल<br>उप्परपल्ली युवा | सुधांश अग्रवाल<br>युवा शक्ति हैदरगुडा | पियूष अग्रवाल<br>मलकपेट युवा मोर्चा | सूर्य कमल गुप्ता<br>आबिड्स |
| संजय पसारी<br>अमीरपेट | दिनेश चंद्र अग्रवाल<br>बंजारा सेंट्रल | कमल अग्रवाल<br>हैदरगुडा | रितेश अग्रवाल<br>हैदरगुडा | सुरेश टंडन<br>सिकन्दराबाद पैराडाइज | प्रेम अग्रवाल<br>शालीबंडा | Zilla Cordinator<br>महेंद्र अग्रवाल<br>पूर्वी क्षेत्र | मुकुंदलाल अग्रवाल<br>पश्चिम क्षेत्र | दिनेश अग्रवाल<br>उत्तरी क्षेत्र | टी सुनील कुमार<br>दक्षिण क्षेत्र |
| डीपी अग्रवाल<br>मध्य क्षेत्र | एर्रागडा सनतनगर, बेल्लमपल्ली, काकीनाडा, मंचरियाल, सिरपुर कागज़नगर, वरंगल हनमकोंडा, मंचरियाल महिला, युवा ऊर्जा मिनिस्टर रोड | | | | | | | | |

**इस विज्ञापन को व्यक्तिगत निमंत्रण का मानदेकर समाज के सभी सदस्य अवश्य पधारें।**

Venue Sponsor
Amarlal Srikishan Agarwal

Bronze Sponsor
DRS International School – Strive to Surpass – IB World School | अग्रसेन बैंक | DSL INFRASTRUCTURE & SPACE DEVELOPERS | SRI MAHESH CHAND RUPESH AGARWAL BASAIWALE (PAKHI FUELS LLP) | Keshan Industries King kopper | Mickey Sri Balaji Plastic Industries | ARISTA JEWELS Supported by: Ssaraf Investment & Fitness

Media Partner
Kashvi FOTTOGRAPHY

Silver Sponsor
MPL STEEL PIPES Issi par hai bharosa | Precision


Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.